e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 10, अंक 287
शुक्रवार
20.10.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110


**सुविचार**
जब अपने खफा होने लग जाएँ तो, आप समझ लेना आप सही राह पर हैं !

ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26




संक्षिप्त खबरें

## नेशनल आईटीआई में लगा रोजगार मेला, 47 छात्रों का हुआ प्लेसमेंट

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज (पलामू) :** कौवाखोह स्थित नेशनल आईटीआई कॉलेज परिसर में गुरुवार को रोजगार मेला का आयोजन किया गया। रोजगार मेले में वंसल वायर प्राइवेट लिमिटेड के द्वारा मैनेजर संजीव कुमार, प्रोडक्शन मैनेजर संभाजी, मार्केटिंग मैनेजर समीर, मैटेरियल हैंडलिंग संजीव यादव के द्वारा जांच परीक्षा ली गई। परीक्षा में कुल 70 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। जिसमे 47 प्रतिभागियों का चयन किया गया। मौके पर संस्थान के मैनेजिंग डायरेक्टर राजीव रंजन ने कहा कि बेरोजगार युवकों को रोजगार दिलाने के लिए संस्थान प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक वर्ष उक्त संस्थान के द्वारा रोजगार मेले का आयोजन किया जाता है जो आगे भी जारी रहेगा । इस अवसर पर पर संस्थान के चेयरमैन सतेंद्र मेहता, रविरंजन वर्मा अनुदेशक अरविंद कुमार सिंह, कुंदन कुमार, प्रशांत कुमार, राहुल ठाकुर आदि मौजूद थें।

# मंत्री ने किया गढ़देवी मंदिर तोरणद्वार का शिलान्यास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा :** चुनाव जीतने से पूर्व गढ़वा विधानसभा क्षेत्र को नये सिरे से गढ़ने के अपने संकल्प पर काम करते हुए आज जिस तरह विकास की नई ईबारत लिखी जा रही है जो यह साबित करता है कि किस तरह अपने संघर्ष के दौरान उनके द्वारा लोगों की पीड़ा को महशुस किया गया होगा। हम बात यहां गढ़वा विधायक सह सूबे के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर की कर रहे हैं। गुरूवार को मंत्री द्वारा सबसे पहले गढ़देवी मंदिर पहुंच मां की पूजा अर्चना की गई। इसके बाद उन्होंने मंदिर के नये तोरनद्वार निर्माण का आधारशिला रखी। इस मौके पर मौजूद मंत्री ने कहा कि गढ़देवी मंदिर आस्था का केंद्र है। यहां जो भी श्रद्धालु सच्चे मन से मां की पूजा कर मन्नत मांगता है उसे मां पूरी करती है। हमारे द्वारा भी मनोती मांगी गई थी। मैंने मां से कहा था कि मेरे हाथ में अधिकारी दिजीए ताकि मैं गढ़वा के उपर लगे पिछड़ेपन के कलंक को धो सकूं। आज मां के आशीर्वाद और आप सबों के सहयोग से ही मैं गढ़वा को नये सिरे से गढ़ने में जुटा हुआ हुं। मां के इस प्रसिद्ध मंदिर को और विकसीत करने में कोई कसर नहीं छोड़ूंगा। इस मौके पर गढ़देवी मंदिर के पुजारी राजन पांडेय, बीस सूत्री जिला उपाध्यक्ष नितेश सिंह, नगर परिषद के विधायक प्रतिनिधि जितेंद्र सिन्हा, स्वास्थ्य विभाग के विधायक प्रतिनिधि कंचन साहू, महिला मोर्चा के जिलाध्यक्ष रेखा चौबे, अराधना सिंह, रेखा पाठक, चंदा देवी, जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, मनोज ठाकुर, मासूम खान सहित कई लोग उपस्थित थे।

# हैदरनगर में अवैध शराब फैक्ट्री को किया ध्वस्त



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** पलामू जिले के हैदरनगर थाना क्षेत्र के खिल पर गांव में गुरुवार की सुबह पुलिस ने छापामारी कर अवैध शराब के अड्डे को ध्वस्त किया है। थाना प्रभारी आजाद अंसारी के नेतृत्व में पुलिस बल की चली इस छापामारी अभियान मेंकरीब 50 किलो जावा महुआ नष्ट किया गया है। साथ ही शराब भट्ठी ध्वस्त सहित उत्पादन में प्रयोग की जाने वाली बर्तन को बरामद किया गया है। पुलिस को देखते ही इस अवैध कारोबार लगे लोग भागने में सफल रहे। उन्होंने बताया कि संभावित ठिकानों पर पुलिस की छापामारी अभियान लगातार जारी रहेगा। उन्होंने इस कारोबार से जुड़े लेगों को दूसरा व्यवसाय करने या जेल जाने को तैयार रहने की चेतावनी दी है। वहीं शांतिपूर्ण दुर्गा पूजा संपन्न कराने को लेकर पुलिस की विभिन्न गांवों में विशेष चौकसी बरती जा रही है।

## फरार आरोपी के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार



**हरिहरगंज (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** थाना क्षेत्र के वैद्य बिघा निवासी मदन साव के पुत्र विकास कुमार उर्फ विकास साव की तलाशी में गुरुवार को पुलिस ने छापेमारी की। लेकिन वह अपने घर पर नहीं मिला। जिसके बाद पुलिस ने उसके घर पर न्यायालय के आदेश पर इश्तेहार चिपकाया। इस संबंध में एसआई शिवशंकर उरांव ने बताया कि एक मामले में आरोपी अक्टूबर 2022 से फरार चल रहा है। न्यायालय से उसके विरूद्ध वारंट निर्गत है। जिसको लेकर न्यायालय के आदेश पर इश्तेहार चिपकाया गया। उन्होंने बताया कि आरोपी अगले कुछ दिनों में थाना या न्यायालय में आत्मसमर्पण नहीं करता है तो कोर्ट के आदेश पर कुर्की जब्ती की जाएगी। मौके पर एसआई शिवशंकर उरांव, नंदलाल साहिनी सहित पुलिस बल शामिल थे।

## नौड़ीहा बाजार मे बाइक चोरी की घटना में आई तेजी

**नौड़ीहा बाजार (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** नौड़ीहा बाजार थाना मुख्यालय से करीब 800 मीटर के दूरी पर लगातार बाइक चोरी, बैंक का ताला तोड़ना, द्वारिका टीवीएस शोरूम मे अपराधी के द्वारा शेटर का लॉक तोड़ने की घटना को अंजाम देने मे अपराधी असफल रहे। लेकिन बाइक की चोरी का मामला लगातार बढ़ रहा है। बताते चले कि बाजार परिसर से महीना कम से कम दो चार बाइक चोरी का घटना घट ही जाती है लगातार ऐसी घटना से पुलिस भी हैरान एवं काफी गहरी सोच मे पड़ी हुई है। लगातार हो रही चोरी जैसी घटनाए से मुक्त करने के लिए लगातार गस्ती अभियान चलाने के बावजूद भी अपराधी ने घटना के अंजाम देने मे सफल होते जा रहा है। विगत बुधवार के करीब 4 बजे फिर बाइक चोरी का मामला प्रकाश आया है। आगे बताते चले कि नौड़ीहा बाजार थाना क्षेत्र के कुहकुह कला निवासी मिथिलेश यादव ने अपने घर से बाजार मे समान खरीदने के आया था और अपनी बाइक कपड़ा बाजार के गली गाडी खड़ी कर के समान खरीदारी करने लगा जब अपनी बाइक के पास वापस आया तो देखा की मेरा बाइक नहीं है।जिसका नंबर JH03X4488 स्प्लेंडर पल्स है। अपना स्तर से काफी खोजना शुरु कर दिया। जब नहीं मिला तो तत्काल थाना म बाइक चोरी के बारे लिखित आवेदन दिया। तत्काल थाना प्रभारी अमन कुमार ने सूचना मिलते ही अपने दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंच कर मामला के जाँच मे जुट गई।।जगह जगह पर बाइक चेकिंग लगा दिया गया।थाना प्रभारी अमन कुमार ने बताया कि कपड़ा बाजार मे लगे सीसिटीवी जाँच करते हुए आगे के करवाई के लिए पुलिस प्रशासन जुट गई है।

# दिव्यांग अधिकार मंच प्रदेश कमेटी की बैठक सम्पन्न, लिए गये कई निर्णय



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**छतरपुर :** दिव्यांग अधिकार मंच की प्रदेश कमेटी ने हाई स्कूल के स्टेडियम में दिव्यांगों के हित की रक्षा के लिए आवश्यक बैठक का आयोजन किया। जिसकी अध्यक्षता मंच के प्रदेश अध्यक्ष बीरेंद्र प्रसाद गुप्ता ने किया और मुख्य अतिथि के रूप में मंच के प्रदेश संरक्षक अरविन्द गुप्ता चुनमून उपस्थित थे। बैठक में प्रमुखता से बात रखते हुए मंच के प्रदेश अध्यक्ष बीरेंद्र प्रसाद ने कहा की दिव्यांगो को दिव्यांग अधिकार अधिनियम 2016 के अनुसार सुविधाएं मिलने चाहिए। बैठक में प्रमुखता से कई समस्याओं पर चर्चा की गई जिसमें प्रमुख रूप से दिव्यांगों के लिए सभी प्रखंडों में आवासीय दिव्यांग विद्यालय खोलने। पलामू के सीएस कार्यालय द्वारा दिव्यांगों को उनकी डिसबेलेटी के हिसाब से पारदर्शिता के साथ दिव्यांगता प्रतिशत देने सभी 18 वर्ष से ऊपर वाले दिव्यांगों और विधवाओं को सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार पीला अंत्योदय कार्ड बनवाने आदि मांगें प्रमुख रूप से शामिल थी। वहीं बैठक में मंच के प्रदेश संरक्षक के रूप में अरविन्द गुप्ता चुनमून ने कहा कि दिव्यांग कोई भीख नहीं मांग रहे बल्कि वे अपना हक मांग रहे हैं जो सरकार ने संविधान में उन्हें दिया है बैठक में मुख्य रूप से मंच के प्रदेश अध्यक्ष बीरेंद्र प्रसाद गुप्ता, प्रदेश संरक्षक अरविन्द गुप्ता चुनमून, प्रदेश उपाध्यक्ष अवधेश राम, नज़रे आलम प्रदेश मीडिया प्रभारी, प्रदेश उपसचिव जय प्रकाश गुप्ता, प्रदेश ज़िला संरक्षक बीरबल यादव, ज़िला अरविन्द कुमार, ललिता देवी, राजू कुमार, पूजा कुमारी, मनोज राम, छोटी कुमारी, अनिल यादव, प्रभा देवी, निर्मला देवी, संजू कुमारी आदि उपस्थित थे।

# मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चैनपुर (पलामू) :** नेहरू युवा केंद्र के तत्वाधान में चैनपुर प्रखंड के ग्राम बंदूआ के हाई स्कूल बंदूआ में ÷मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम में मूख्य रूप से पूर्व सैनिक सह भारतीय जनता पार्टी के पलामू जिला अध्यक्ष विजयानंद पाठक,पूर्व परीक्षा नियंत्रक नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय शह वर्तमान विभागा अध्यक्ष कॉमर्स विभाग सुरेंद्र पांडे, मुखिया ग्राम बंदूआ के दीनानाथ मांझी, प्राचार्य नवनीत सुंदरम, जितेंद्र सिंह,सामाजिक कार्यकर्ता शशि भूषण पांडे, शिक्षक प्रकाश कुमार, वार्ड सदस्य नब्बू मियां उपस्थित थे। उक्त अवसर पर उपस्थित नीलांबर पीतांबर विश्वविद्यालय के पूर्व परीक्षा नियंत्रक सुरेंद्र पांडे ने छात्रों एवं छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि मेरी माटी मेरा देश अभियान' का मुख्य उद्देश्य लोगों के दिल में वीर सपूतों के प्रति सम्मान की भावना को जागृत करना है और देश के प्रति जागरूकता को बढावा देना है। इस अभिमान के फल स्वरूप हम भारत वासियों के भीतर स्वतंत्रता सेनानियों और राष्ट्र के प्रति जुडाव और लगाव गहरा होगा पूर्व सैनिक शह जिला अध्यक्ष विजयानंद पाठक ने संबोधित करते हुए कहा की इस अभियान से युवाओं में देशभक्ति एवं राष्ट्र प्रेम जागृत होगा। मेरी माटी मेरा देश अभियान देश की वीरागंनाओ और वीरों का जितना आभार प्रकट किया जाए वो भी उनकी कुर्बानी के आगे फीका है। जो वीर देश के लिए तिरंगे में लिपटकर आते है उन सभी का सम्मान करने के लिए हम सभी भारतवासियों को 'मेरी माटी मेरा देश अभियान' में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। कार्यक्रम की शुरुआत प्रभात फेरी से शूरू हूई साथ ही झारखंडी नृत्य प्रस्तुति किया गया एवं अतिथियों के उद्बोधन के बाद शपथ के साथ कार्यक्रम की समाप्ति की गई।

## कलयुग सिर्फ नाम अधारा : संतोष द्विवेदी



**पंडवा (पलामू) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** नवरात्र में पुरा प्रखंड क्षेत्र भक्तिमय हैं। सभी जगह पुजा पंडाल में रात्रि में रामायण, महाभारत सीरियल तो कहीं प्रवचन का कार्यक्रम हो रहा है। प्रखंड क्षेत्र के कोकरसा में अयोध्या से पधारे राम कथा वाचक संतोष द्विवेदी तथा लोहड़ा में अयोध्या से पधारे मधुसूदन शास्त्री अपने कथा से श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर रहे हैं। कोकरसा में प्रवचन कर रहे अयोध्या से पधारे संतोष द्विवेदी ने राम चरित्र पर प्रकाश डाला कहा कि कलयुग में भवसागर पार होने का सिर्फ एक ही तरीका है वह है राम नाम। मनुष्य का जीवन जन्म से मृत्यु तक राम नाम पर है टिका है। कहा कि समाज में रामचरित्र अपनाने की आवश्यकता है। कहा कि अच्छे संस्कारों को ले समाज के युवा रामचरित्र से प्रेरणा लें। इस मौके पर दर्जनों भक्त उपस्थित थे।

# बीडीओ ने आदेश पत्र को किया लुप्त, चुने गए अध्यक्ष ही मान्य



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केतार (गढ़वा) :** प्रखंड विकास पदाधिकारी मुकेश मछुआ ने बुधवार को अपने द्वारा निर्गत आदेश पत्र 739, 17 अक्टूबर 23 को विधिवत जांच के आधार पर लुप्त कर दिया है। गौरतलब हो की उपायुक्त गढ़वा के निर्देशानुसार वन अधिकार अधिनियम 2006 के तहत केतार प्रखंड क्षेत्र के सभी ग्राम स्तर पर वन समिति गठन हेतु सोमवार को ग्राम सभा का आयोजन किया गया था। जहा मुकुंदपुर पंचायत के बेलाबार ग्राम सभा से महिला को वन समिति का अध्यक्ष चयन होने पर तथाकथित कुछ लोग नियम विरुद्ध एतराज कर प्रखंड विकास पदाधिकारी मुकेश मछुआ को पुनः चुनाव कराने की बात कही थी। उक्त मामले को सही मानकर श्री मछुआ ने चुनाव के लिए आदेश पत्र जारी कर दिया था उसी के आलोक में वन समिति में चुने गए सभी सदस्य, स्थानीय गांव के वार्ड सदस्य सहित सैकड़ो ग्रामीण मुख्यालय पहुंचे। जहां बीडीओ ने नियम संगत जांच कर एवं सभी सदस्यों के सहमति के आलोक में निकाले गए आदेश पत्र को लुप्त कर दिया है। इस मौके पर वन समिति के अध्यक्ष जमीला बीवी, वार्ड सदस्य कसमुद्दीन अंसारी, स्वयंसेवक राज किशोर सिंह, योगेंद्र सिंह, अवधेश सिंह, आमना बीबी, असीमा बेबी, जुबेदा बीवी, सुबास अंसारी, नेसामुद्दीन अंसारी, शमीम अंसारी, खुशबून बीबी, कैसर बीबी, साबित अली अंसारी, सहित सैकड़ो ग्रामीण उपस्थित थे।

## मां दुर्गा भवानी का किया गया भव्य आरती



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बंशीधर नगर :** शारदीय नवरात्र के चौथे दिन आदि शक्ति जगत जननी मां दुर्गा भवानी की भव्य आरती किया गया। सब्जी बाजार के प्रांगण में जय भामा शाह क्लब द्वारा एकम से प्रत्येक दिन संध्या समय भव्य आरती हो रहा है.बुधवार की शाम आरती में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव भी शामिल हुये। क्लब के कार्यकारी अध्यक्ष रजनी कांत मधुर ( भोलू) ने बताया बताया कि क्लब द्वारा भव्य व आकर्षक पूजा पंडाल , फुल, लाइटिंग के द्वारा सजावट किया जायेगा. एकम से महा आरती संध्या समय प्रतिदिन, नवमी को कन्या पूजन के बाद महा भंडारा तथा दशहरा के दिन भव्य भक्ति जागरण का आयोजन किया जायेगा. आरती में क्लब के संरक्षक भारत भूषण प्रसाद, कामेश्वर प्रसाद, बिरेन्द्र अग्रहरि, ओम प्रकाश गुप्ता उर्फ मुन्ना, पप्पू अनमोल, संजीत कुमार छोटू, आनंद जायसवाल, अमित कुमार गुड्डू, अशीष कुमार सोनू, अशीष गुप्ता , संतोष कुमार, विकास कुमार शालू, चंदन गुप्ता अध्यक्ष,रजनीकांत मधुर (भोलू) उपाध्यक्ष ,अजित कुमार केशरी, सूरज गुप्ता , नित्यानंद कुमार, अनिल मेहता क दिनेश जायसवाल, दिनेश गुप्ता अमित अग्रेहरी, दिनेश गुप्ता, अविनाश, सत्य प्रकाश सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल थे।

# बीमोड़ पर हुए सड़क दुर्घटना में चार लोग हुए घायल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विश्रामपुर :** गुरुवार को विश्रामपुर प्रखंड अंतर्गत रेहला थाना क्षेत्र के बीमोड़ पर हुए सड़क दुर्घटना में चालक सहित चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए है। घायलों ने लोहरपुरा, हैदरनगर के दया बैठा, गढ़वा के हीरा उराओ, डंडिला, जपला के मुकेश पासवान व रेहला के संजय गुप्ता का नाम शामिल है।जिनका उपचार विश्रामपुर सीएचसी में किया जा रहा है। टेंपू चालक संजय गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया की वह रेहला रेलवे स्टेशन से सवारी लेकर जपला जा रहा था। तभी बी मोड़ के समीप पीछे से आ रही तेज रफ्तार कमांडर उसके टेंपू में धक्का मार दिया, जिससे टेंपू पलट गई। वही मामले की जानकारी रेहला पुलिस को दे दी गई है।साथ ही स्थानीय लोगो ने कमांडर को रेहला थाना को सुपुर्त कराया है। वही सीएचसी चिकित्सीय टीम में विश्रामपुर चिकित्सा पदाधिकारी डाक्टर एमएम प्रसाद, जीएनएम सतेन्द्र कुमार, ड्रेसर फिरोज अंसारी, अनिल कुमार, अभिनाश कुमार, संजय ठाकुर सहित कई स्वस्थ्य कर्मियो का नाम शामिल है।

## पांकी बना आकर्षण का केंद्र



**पांकी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** केदारनाथ मंदिर की तर्ज पर दिखेगा पांकी श्री रामजानकी मंदिर का पंडाल। भगवान केदारनाथ का भव्य दरबार मे माँ दुर्गा होंगे बिराजमान।इसे लेकर दुर्गा पूजा के कमेटियों ने भव्य सजावट को लेकर तैयारियां जोरों पर शुरू कर दी है।जो अभी से ही प्रखंड मुख्यालय का आकर्षण का केन्द्र बना हुवा है। निर्माणाधीन पंड़ाल इस बार खास होगा।इसमें पूरे कपडे से केदार नाथ का भव्य पंडाल बनाया जा रहा है जिसे ठीक उसी तरह बनाया और सजाया जायेगा जैसे साक्षात भगवान केदारनाथ का मंदिर है।इसबार यहाँ श्रद्धालुओं के लिए काफी खास साबित होने वाला है।

## अमर कुमार बावरी को नेता प्रतिपक्ष बनाये जाने पर भाजपा नेताओं ने उनसे मुलाकात कर दिया बधाई



**बंशीधर नगर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अमर कुमार बावरी को नेता प्रतिपक्ष झारखंड विधानसभा बनाये जाने के बाद भाजपा नेताओं ने उनसे मुलाकात कर बधाई दिया। भाजपा नेताओं ने प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी से भी मुलाकात किया तथा दोनों नेताओं को नगर उंटारी में श्री श्री जीयर स्वामी जी महाराज द्वारा कराये जा रहे श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ में आने का निमंत्रण दिया। बधाई व आमंत्रण देने वालों में भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रघुराज पांडेय, अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष लक्ष्मण राम, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सूरज गुप्ता, ओबीसी मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष ओमप्रकाश गुप्ता के नाम शामिल है।

# विजयादशमी के अवसर पर आरएसएस ने शहर में निकाला भव्य पथ संचलन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हुसैनाबाद :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जपला नगर द्वारा विजयादशमी उत्सव के अवसर पर शहर में भव्य पथ संचलन निकाला गया। विजयादशमी के अवसर पर नगर में मन में राष्ट्रभक्ति, हाथों में दंड और घोष की धुन पर कदम से कदम मिलाकर अनुशासनबद्ध तरीके से नगर के स्वयंसेवक कदमताल करते हुए निकले। कार्यक्रम में सर्वप्रथम मुख्य अतिथि जिला संघचालक दिनेश प्रसाद कश्यप ने शस्त्र पूजन किया।पथ संचलन का शहर में जगह-जगह नागरिकों ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। इस दौरान भारत माता की जय, वंदे मातरम उद्घोष से वातावरण राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत हो गया। मौके पर उपस्थित थे शशि कुमार पलामू जिला कार्यवाह, भाजपा नेता विनोद कुमार सिंह, संतोष कुमार सिंह, प्धानाचार्य कृष्ण कान्त दूबे, अखिलेश प्सग्साद विश्वकर्मा, सुनील कुमार, अभिषेक पाठक, तथा सैकड़ों स्वयं सेवक बंधु।

## खरीदारी में छुट मिलने का झांसा देकर 7 लाख की ठगी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हरिहरगंज (पलामू) :** मेन रोड स्थित होटल आर बी पैलेस में सामान खरीददारी करने पर छुट मिलने का झांसा देकर अमीर चंद गुप्ता नामक व्यक्ति से 7 लाख रुपए की ठगी होने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित व्यक्ति गढ़वा जिला के नगर उंटारी थाना अंतर्गत पाल्हे कला गांव का निवासी है। इस संबंध में हरिहरगंज थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। इसमें पीड़ित व्यक्ति ने कहा है कि विगत 10 अक्टूबर को सिरियाटोंगर स्थित उसके गुप्ता लाइन होटल में एक व्यक्ति आया। उसने अपना नाम मनोज सिंह चंदौली उत्तर प्रदेश का रहने वाला बताते हुए एक बिजनेस करने की बात कही। जिससे किसी भी सामान की खरीदारी करने पर 10 से 20 प्रतिशत छूट मिलेगा। इसके बाद वह व्यक्ति मोबाइल नंबर 8797226814 से लगातार उक्त बिजनेस शुरू करने के लिए प्रेरित करता रहा। साथ ही कहा कि 7 लाख रुपए से बिजनेस शुरू होगा रूपए सिर्फ दिखलाना है उसे तुरंत वापस कर दिया जाएगा। उसके झांसा में आकर आस पास के लोगों से मांग कर 7 लाख रुपए का इंतजाम कर उक्त व्यक्ति के कहे अनुसार छतरपुर आया। पुनः फोन कर उसने हरिहरगंज बुलाया तथा आर बी पैलेस होटल में मीटिंग होने की बात कही। जहां पहुंचने पर उसे धोखाधड़ी कर 7 लाख रूपए के बदले कागज का बंडल अखबार में लपेट कर दे दिया। साथ ही अपने किसी साहब को लेकर आने की बात कह वह व्यक्ति अपने एक अन्य साथी के साथ बाइक से फरार हो गया। इस संबंध में पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर अपराधी की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है।

## अवैध महुआ शराब को लेकर बिशुनपुरा पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 70 किलो जावा महुआ नष्ट



**बिशुनपुरा (गढ़वा) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बिशुनपुरा थाना क्षेत्र में संचालित हो रही अवैध महुआ शराब को लेकर बुधवार की शाम में थाना प्रभारी संजय कुमार कुशवाहा के नेतृत्व में विभिन्न स्थानों पर छापेमारी अभियान चलाया गया। इस दौरान विभिन्न स्थानों पर चलाए गए छापेमारी अभियान में लगभग 70 किलो से अधिक जावा महुआ को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। वही पुलिस के आने की सूचना मिलते ही कारोबारी उक्त स्थल से भागने में सफल रहे। हालांकि पुलिस संबंधित महुआ शराब कारोबारी की छापेमारी कर रही है। पुलिस की इस कार्यवाई से थाना क्षेत्र में अवैध महुआ शराब कारोबारियों में हड़कंप मच गया है। इस संबंध में थाना प्रभारी संजय कुमार कुशवाहा ने बताया कि अवैध शराब पर नकेल कसने के लिए पुलिस लगातार छापेमारी अभियान चलाकर कार्रवाई करेगी। तत्पश्चात उन्होंने कहा कि अवैध शराब के खिलाफ पुलिस पूरी तरह कमर कस ली है ऐसे लोगों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जायेगा, शराब कारोबारी सचेत हो जाए नहीं तो पकड़े जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
रांची संस्करण
हिन्दी दैनिक
# प्रभात मंत्र
वर्ष 10, अंक 287
शुक्रवार
20.10.2023
RNI No. - JHAHIN/2014/59110
ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com
पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये
पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**

जब अपने खफा होने लग जाएँ तो, आप समझ लेना आप सही राह पर हैं !

**छठा कात्यायनी**



मां दुर्गा का छठा रूप कात्यायनी देवी का है। कात्यायन ऋषि की साधना और तप से उत्पन्न होने के कारण इन्हें कात्यायनी कहा गया है। कात्यायनी देवी शोध और पराविद्या की देवी हैं। इनकी उपासना से सात जन्मों के पापों का नाश होता है।

रांची नगर निगम व अपोलो हॉस्पिटल इंटरप्राइजेज लिमिटेड चेन्नई के बीच सब लीज डीड पर हुआ हस्ताक्षर

# बेहतर चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता : हेमंत

*** राज्य में सरकारी अस्पतालों की व्यवस्था मजबूत करने के साथ निजी अस्पताल खोलने के लिए सरकार दे रही कई रियायतें**

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** राज्य में स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत बनाने की दिशा में सरकार लगातार प्रयास कर रही है। ताकि आम जनता को बेहतर और आधुनिक चिकित्सीय सुविधाएं मिल सके। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की उपस्थिति में रांची स्मार्ट सिटी के एरिया बेस्ड डेवलपमेंट क्षेत्र में अपोलो मल्टी सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल के निर्माण के लिए रांची नगर निगम और अपोलो हॉस्पिटल इंटरप्राइजेज लिमिटेड चेन्नई के बीच सब लीज डीड पर हस्ताक्षर किया गया।

### ये रहे उपस्थित

इस अवसर पर मुख्यमंत्री के सचिव विनय कुमार चौबे, रांची नगर निगम के प्रशासक अमित कुमार, निदेशक सूडा अमित कुमार रांची स्मार्ट सिटी कारपोरेशन के जीएम राकेश कुमार नंदकुलियार, रांची नगर निगम के सहायक प्रशासक ज्योति कुमार सिंह, आईटी ऑफिसर राजेश कुमार तथा अपोलो हॉस्पिटल इंटरप्राइजेज लिमिटेड, चेन्नई के वाईस प्रेसिडेंट डॉ. करण ठाकुर एवं आर्किटेक्चरल कंसलटेंट रोशन जॉन चिरायत मौजूद थे।

**सरकार गठन के साथ हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर पर सरकार दे रही विशेष ध्यान**

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड में स्वास्थ्य व्यवस्था बहुत बेहतर नहीं रही है। ऐसे में वर्ष 2019 में सरकार के गठन के साथ ही स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार की दिशा में लगातार काम हो रहा है । इस कड़ी में सरकारी अस्पतालों में इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत किया जा रहा है। जांच और इलाज की आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। चिकित्सकों एवं पारा मेडिकल कर्मियों की नियुक्तियां हो रही है। वहीं, निजी क्षेत्र के अस्पताल यहां स्थापित हों, इसके लिए भी लगातार प्रयास हो रहे हैं, ताकि लोगों को बेहतर इलाज के लिए राज्य के बाहर और बड़े शहरों का रुख नहीं करना पड़े।



**रोजगार के नए अवसर भी बनेंगे**

मुख्यमंत्री ने उम्मीद जताई कि अपोलो हॉस्पिटल इंटरप्राइजेज लिमिटेड के साथ यह समझौता विश्व स्तरीय स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में मिल का पत्थर साबित होगा। इसके लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ दे सकेंगे। इससे यहां रोजगार के नए अवसर भी सृजित होंगे।

**डेढ़ लाख लोग होंगे लाभान्वित:** रांची स्मार्ट सिटी परिसर में कई इंस्टीट्यूशंस स्कूल, कॉलेज, पांच सितारा समेत कई होटल मॉल, ऑफिस तथा व्यवसायिक प्रतिष्ठानो का निर्माण होना है। साथ ही एक मेडिकल कॉलेज का भी निर्माण निर्धारित है। इसके अलावा यहां लगभग 16 हजार आवासीय इकाई होंगे और अनुमानित है कि लगभग डेढ़ लाख की जनसंख्या इस विकसित क्षेत्र में निवास करेगी, जो इस परियोजना से सीधे रूप से लाभान्वित होगी।

**45 वर्षों के सब लीज पर दी जा रही जमीन :** ज्ञात हो कि रांची के घाघरा में अपोलो हॉस्पिटल के निर्माण के लिए रांची नगर निगम के द्वारा अपोलो हॉस्पिटल इंटरप्राइजेज के साथ 4 सितंबर 2014 को एकरारनामा किया गया था। लेकिन, उक्त भूमि के विषय पर विवाद के वजह से स्थल परिवर्तन करते हुए रांची स्मार्ट सिटी क्षेत्र में अपोलो अस्पताल के लिए भूमि उपलब्ध करने का निर्णय लिया गया । यहां लगभग 2.75 एकड़ भूमि पर हॉस्पिटल निर्माण होगा। इसके लिए जमीन का सब लीज फिलहाल 45 वर्षों के लिया किया जा रहा है, जो भविष्य में कार्य की गुणवत्ता को देखते हुए विस्तारित किया जा सकेगा।

**250 बेड का मल्टी स्पेशियलिटी हॉस्पिटल बनेगा:** अपोलो हॉस्पिटल इंटरप्राइजेज के द्वारा रांची स्मार्ट सिटी परिसर में लगभग 2.75 एकड़ जमीन में 250 बेड वाले मल्टी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल का निर्माण किया जाएगा। यहां विशेष रूप से कार्डियोलॉजी, ऑर्थोपेडिक, गायनोकॉलोजी, जेनरल सर्जरी, जेनरल मेडिसिन, पीडियाट्रिक्स, ईएनटी सेवा प्रदान की जायेगी।

**15 नवंबर को अस्पताल का भूमि पूजन करने का निर्देश**

मुख्यमंत्री ने अपोलो हॉस्पिटल इंटरप्राइजेज लिमिटेड चेन्नई प्रबंधन से कहा कि वह इस अपोलो मल्टी सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल को जल्द से जल्द शुरू करें। इस मौके पर उन्होंने अस्पताल का भूमि पूजन 15 नवंबर को राज्य स्थापना दिवस के मौके पर करने का निर्देश दिया। वहीं, अस्पताल प्रबंधन ने मुख्यमंत्री को बताया कि जल्द ही 250 बेड के अस्पताल निर्माण का कार्य शुरू हो जाएगा। पहले चरण में यहां ओपीडी की शुरुआत होगी। उन्होंने कहा कि अस्पताल में स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा । सामान्य चिकित्सक और पारा मेडिकल कमी भी झारखंड के होंगे , जबकि विभिन्न विभागों में विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति की जाएगी।

16 नाबालिग लड़कियों को मानव तस्कर से कराया गया मुक्त

# सात मानव तस्कर अरेस्ट, जेल



संजय प्रजापति @ प्रभात मंत्र

**लातेहार :** पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस अधीक्षक स्तर से कड़ई पुलिस पदाधिकारियों पुलिस कर्मियों की कई टीम बनाकर दिल्ली, उत्तर प्रदेश हरियाणा राज्य से बाहर भेजा गया था। जहां से कुल एक बच्चा समेत 16 नाबालिग लड़कियों का रेस्क्यू कर लाया गया है। पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन ने प्रेस वार्ता आयोजित कर जानकारी दी। इन सभी बच्चियों को बहला-फुसला कर और रूपयों का लालच देकर एवं काम देने के बहाने महानगरों में मानव तस्कर ले गये थे।इस मामले में पुलिस ने कुल सात मानव तस्करों को गिरफ्तार किया है। इनमें से छह को पुलिस ने पहले ही गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था. सातवां मानव तस्कर गोपीचंद महतो उर्फ गोपाल उर्फ गोपी, पिता जगनारायण महतो जिला गुमला को गिरफ्तार कर गुरूवार को जेल भेजा गया। आगे उन्होंने बताया कि रेस्क्यू किये गये बच्चे व बच्चियों में अधिकांश लातेहार व छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले के हैं।

इस सन्दर्भ में लातेहार जिला अंतर्गत एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट एवं महुआडांड थाना में कांड दर्ज हुआ है। रेस्क्यू किये गए बच्चों एवं बच्चियों में ज्यादातर सुदूरवर्ती क्षेत्र के आदिम (पी0टी0जी0) जनजाति समाज से हैं।अनुसंधान एवं पूछ-ताछ के क्रम में यह बात भी स्पष्ट रूप से सामने आयी है कि कई बच्चियों का मानव तस्करों द्वारा यौन शोषण भी हुआ है। एवं कई बच्चियों के साथ मारपीट भी किया गया। तथा दबाब बनाकर काम पर लगाया गया। प्लेसमेंट एजेंसी ने ज्यादातर मामलों में पीड़ित के पैसे का भी गबन किया।पीड़ित के पास मोबाईल फोन या किसी तरह से संपर्क करने के साधन नही होते थे। क्लाइंट एवं प्लेसमेंट एजेंसी यह सुनिश्चित करती थी कि पीड़ित किसी से बात न कर पाये एवं खुद के विषय में किसी को न बता पाये। मानव तस्करों से बच्चों को बचाने हेतु तथा इस तरह के मामलो में संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु लातेहार पुलिस द्वारा टीम का गठन कर अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में नुक्कड़ नाटक एवं विभिन्न तरीकों से ग्रामीणों को जागरूक किया जा रहा हैं। सभी कानूनी प्रक्रिया को पूर्ण करते हुए रेस्क्यू किये गए सभी बच्चियों एवं बच्चो को शिक्षा एवं पुनर्वास की व्यवस्था लातेहार प्रशासन द्वारा की जा रही हैं। रेस्क्यू टीम में पुलिस निरीक्षक चंद्रशेखर चौधरी, पुअनि कुमार सुमित यादव, आशुतोष कुमार यादव, मो जफर आलम, अजय कुमार दास, राहुल कुमार मेहता, दिलीप कुमार दास के अलावा पुलिस श्रीकांत कुमार, पंकज कुमार, महिला पुलिस मुगी सोरेन, गोदविला कुजूर शामिल थे।

## क्विक न्यूज

### सुप्रीम कोर्ट ने सत्येंद्र जैन की अंतरिम जमानत 6 नवंबर तक बढ़ाई

**नई दिल्ली :** दिल्ली के पूर्व मंत्री सत्येंद्र जैन की जमानत पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई 6 नवंबर तक के लिए टल गई है। जैन को स्वास्थ्य आधार पर मिली अंतरिम ज़मानत तब तक जारी रहेगी। ईडी ने कहा है कि जैन का इलाज हिरासत में भी हो सकता है, इसलिए जमानत रद्द की जाए।मामले की सुनवाई करने वाली बेंच के सदस्य जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा ने 1 सितंबर को सुनवाई से अपने आपको अलग कर लिया था। जस्टिस प्रशांत मिश्रा के बेटे ईडी के वकील के रूप में पेश हो चुके हैं। 25 अगस्त को सुनवाई के दौरान सत्येंद्र जैन की ओर से पेश वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा था कि जैन की स्पाइनल सर्जरी हुई है और उन्हें आराम की जरूरत है।

### इजरायल के हमले में 13 फिलिस्तीनियों की मौत

**येरूशलमः** इजरायल-हमास के बीच जंग जारी है. इस बीच इजरायली सेना की स्ट्राइक में फिलिस्तीन के 13 नागरिकों की मौत हो गई. इजरायली सेना ने यह स्ट्राइक फिलिस्तीन के खान यूनुस इलाके में की है. इस हमले के बाद खान यूनुस के लोगों को यहां-वहां भटकते हुए भी देखा गया. हमले के कारण उस इलाके में धुएं का गुबार उठ गया था, जिसके बाद वहां भगदड़ मच गई.इस बीच हमास ने दावा किया है कि इजरायली सेना के हमले में उनकी महिला साथी जमीला अब्दुला ताहा अल-शांति की मौत हो गई. हमास के मुताबिक जमीला फिलिस्तीन विधान परिषद की सदस्य और हमास के राजनीतिक ब्यूरो की पहली महिला सदस्य थी.

### पति पर इतना बोझ डालना उचित नहीं कि शादी उसके लिए सजा बन जाये : हाई कोर्ट

**रांची :** झारखंड हाई कोर्ट ने गुरुवार को पारिवारिक विवाद से जुड़े एक मामले की सुनवाई की। कोर्ट ने कहा कि पत्नी को भरण-पोषण प्रदान करना पति का नैतिक दायित्व है लेकिन यह सुनिश्चित करने के लिए कि वैवाहिक जीवन शैली बनी रहे, इसके लिए पति पर इस हद तक बोझ डालना उचित नहीं कि शादी उसके लिए सजा बन जाये। धनबाद फैमिली कोर्ट के एक आदेश के खिलाफ झारखंड हाई कोर्ट में याचिका दायर की गयी थी।इसपर हाई कोर्ट के जस्टिस सुभाष चांद की कोर्ट में सुनवाई हुई।

**रांची का तापमान**

| | |
|---|---|
| अधिकतम | 27° |
| न्युनतम | 23° |

# जातिगत जनगणना देश के लिए एक्स-रे का काम करेगी : राहुल



एजेंसी

**हैदराबाद :** तेलंगाना के भूपालपल्ली से पन्नूर गांव तक कांग्रेस की एक चुनावी यात्रा में लोगों को संबोधित करते हुए राहुल ने बीजेपी, बीआरएस और एआईएमआईएम को निशाने पर लिया. उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री केसीआर चुनाव में हारने वाले हैं. यह लड़ाई राजा और प्रजा के बीच की लड़ाई है. आप चाहते थे तेलंगाना में जनता का राज हो लेकिन यहां सिर्फ एक परिवार का राज हो गया है.

राहुल ने रैली को संबोधित करते हुए कहा कि तेलंगाना में सिर्फ एक ही परिवार का राज है. जनता से सीएम का कोई मतलब नहीं है. देश में सबसे ज्यादा भ्रष्टाचार तेलंगाना में ही है. उन्होंने कहा कि बीजेपी, बीआरएस और एआईएमआईएण तीनों मिले हुए हैं. तेलंगाना के मुख्यमंत्री के पीछे सीबीआई या फिर ईडी क्यों नहीं लगती है. देश में इन दिनों ईडी को लेकर काफी सियासत चल रही है. कांग्रेस समेत विपक्षी दलों का कहना है कि ईडी को जानबूझकर विपक्षी नेताओं के पीछे लगाया जा रहा है.राहुल ने कहा कि देश के लिए जातिगत जनगणना एक्स-रे का काम करेगी. जब मैं जातिगत जनगणना की बात करता हूं, तो न तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और न ही तेलंगाना के मुख्यमंत्री केसीआर कुछ कहते हैं. हाल ही में बिहार में जातिय सर्वे रिपोर्ट सामने आई, जिसमें पता चला कि राज्य की आबादी में ओबीसी की हिस्सेदारी 60 फीसदी से ज्यादा है. यही वजह है कि राहुल ने अब राष्ट्रव्यापी जातिगत जनगणना कराने की बात कही है. वह लगातार इस मुद्दे को उठा रहे हैं. रैली को संबोधित करते हुए राहुल ने कहा कि देश में सबसे बड़ा मुद्दा जातिगत जनगणना का है.

# 27 अक्टूबर को सोशल मीडिया पर चलेगा विशेष अभियान : के. रवि कुमार

**मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने उप निर्वाचन पदाधिकारियों के साथ की बैठक**

**इस अभियान के दौरान मृत या स्थाई रूप से अन्यत्र शिफ्ट हो चुके मतदाताओं का नियमानुसार नाम हटाने, ब्लैक एंड व्हाइट फोटो युक्त या कटे-फटे पुराने पहचान पत्रों को बदलने के लिए भी काम किया जायेगा।**



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने मतदाता सूची के ड्राफ्ट प्रकाशन एवं अन्य संबंधित विषयों को लेकर राज्य के सभी जिलों के उप निर्वाचन पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की तथा सभी अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। गुरुवार को धुर्वा स्थित विभागीय सभागार में आहूत इस बैठक में उन्होंने विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2024 से जुड़े विषयों को लेकर कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर अधिकारियों को प्रशिक्षण भी दिया। घर-घर मतदाता सर्वेक्षण अभियान का दूसरा चरण 27 से शुरू होगा। मतदाताओं के यहां घर-घर सर्वेक्षण को लेकर बीते जुलाई-अगस्त में एक महीने का सघन अभियान चलाया गया था। उसी क्रम में अब दूसरे चरण का अभियान 27 अक्टूबर से 9 दिसंबर तक चलाया जाना है। इस अभियान के दौरान सभी बूथों के बीएलओ घर-घर जाकर ऐसे लोगों को चिन्हित कर ढूंढ निकालने का काम करेंगे जो पात्र होने के बावजूद भी किसी कारण से अब तक मतदाता के रूप में पंजीकृत नहीं हो पाए हैं। इस अभियान के दौरान मृत या स्थाई रूप से अन्यत्र शिफ्ट हो चुके मतदाताओं का नियमानुसार नाम हटाने, ब्लैक एंड व्हाइट फोटो युक्त या कटे-फटे पुराने पहचान पत्रों को बदलने के लिए भी काम किया जायेगा।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा कि पूरी निर्वाचन प्रणाली में हमारे बीएलओ की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है।

# रांची हिंसा के आरोपित शकील को नहीं मिली जमानत

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रांची :** मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी (सीजेएम) मिथिलेश कुमार सिंह की अदालत में गुरुवार को रांची हिंसा के आरोपित मोहम्मद शकील उर्फ कारू की जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। अदालत ने शकील को जमानत देने से इंकार कर दिया। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार के अधिवक्ता ने जमानत याचिका का पुरजोर विरोध किया। इसके बाद अदालत में जमानत देने से इनकार करते हुए जमानत याचिका खारिज कर दी।उल्लेखनीय है कि अपराध अनुसंधान विभाग (सीआईडी) ने पिछले दिनों शकील उर्फ कारू से जेल में पूछताछ भी की है। शकील को डेली मार्केट थाना में दर्ज कांड संख्या 17/22 में भी आरोपित बनाया गया है। इसकी जांच सीआईडी ने टेकओवर करते हुए जांच शुरू कर दी है। इस केस के सूचक रांची के तत्कालीन टाउन सीओ अमित भगत हैं।उनके आवेदन के आधार पर दर्ज की गयी प्राथमिकी में नदीम अंसारी, शाहबाज, शदाब, सद्दाम हुसैन, शबीर अंसारी, जमाल गद्दी सहित 22 लोगों को नामजद आरोपित बनाया गया है। साथ ही आठ हजार अज्ञात लोग को आरोपित बनाया गया हैं।

# पीएम मोदी ने फिलिस्तीन के राष्ट्रपति से की बात

*** गाजा विवाद पर भारत अपने पुराने रुख पर कायम**



एजेंसी

**नई दिल्ली :** भारतीय प्रधानमंत्री ने फिलिस्तीन के राष्ट्रपति महमूद अब्बास से बात की. इस बातचीत के दौरान पीएम मोदी ने गाजा के अल अहली अस्पताल में नागरिकों की मौत पर भी अपनी संवेदना व्यक्त की.पीएम मोदी ने इस दौरान स्पष्ट किया कि भारत फिलिस्तीन के लोगों के लिए मानवीय मदद जारी रखेगा. क्षेत्र में आतंकवाद, हिंसा और बिगड़ती सुरक्षा स्थिति पर अपनी गहरी चिंता साझा की. इजरायल-फिलिस्तीन मुद्दे पर भारत की लंबे समय से चली आ रही सैद्धांतिक स्थिति को दोहराया.गौरतलब है कि इजरायल और हमास के बीच जारी जंग को 13 दिन हो चुके हैं. पिछले दिनों में इस जंग में कई बड़ी खबर सामने आए हैं. दो दिन पहले ही अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन अपने इजरायल दौरे पर तेल अवीव पहुंचे थे. यहां उन्होंने इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू से मुलाकात की थी.सिर्फ जो बाइडेन ही नहीं बल्कि ब्रिटिश पीएम ऋषि सुनक भी इजरायल के दौरे पर पहुंचे.तेल अवीव पहुंचे सुनक ने कहा कि इस मुश्किल समय में ब्रिटेन इजरायल के साथ खड़ा है. हालांकि, ईरान, जॉर्डन, लेबनान समेत कई मुस्लिम देश इजरायल के विरोध में लगातार बयानबाजी कर रहे हैं. लेकिन, इसकी फिक्र किए बिना इजरायल लगातार गाजा पर एयरस्ट्राइक कर रहा है.

### रांची के इटकी में अपराधियों ने तीन लोगों को मारी गोली, गंभीर

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता):** राजधानी रांची में दुर्गा पूजा की सुरक्षा को धत्ता बताते हुए इटकी इलाके में अपराधियों से तीन लोगों को गोली मार दी. जानकारी के अनुसार इटकी थाना क्षेत्र के गड़गांव में तीन युवकों दीपक सिंह, भोमा सिंह और नरेश नाम के युवकों को अपराधियों ने सरेशाम गोली मारी. बताया जा रहा है कि तीनों जमीन कारोबारी हैं. तीनों को घायल अवस्था में इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है.

असर्फी कैंसर संस्थान
हर प्रकार के कैंसर का इलाज़ अब धनबाद में
कैंसर रोग विशेषज्ञों की टीम
Dr. Ramesh Kumar, MD, DNB, Medical Oncology
Dr. Shibaji Basu, MS, MCh, Onco.Surgery
Dr.Biplab Mishra, MBBS, DNB, Radiation Oncology
Dr Vivek Dokania, MS (ENT), Fellowship In Head & Neck Onco. Surgery.
दिन : सोमवार से शनिवार
समय : सुबह 10 बजे से 4 बज़े तक
9297970030
Asarfi Educity,Ranguni,Bhuli Rd. Dhanbad-828105

# सीसीएल की उपेक्षा का असर करकट्टा दुर्गा पूजा पर



प्रभात मंत्र संवाददाता

**खलारी :** दुर्गा पूजा सनातन धर्मालंबियों के बड़े त्योहारों में एक है.इसे महोत्सव का नाम दिया गया है. खलारी अंचल के आधे पंचायत क्षेत्र में सीसीएल की कोयला खाने हैं.दुर्गा पूजा जैसे बड़े त्योहार में पूजा पंडालों व पंडाल तक श्रद्धालुओं के आने जाने की अच्छी सुविधा बहाल करना सीसीएल की जबाबदेही बनती है. परंतु सीसीएल के एनके एरिया द्वारा करकट्टा की उपेक्षा से इस वर्ष करकट्टा दुर्गा पूजा आयोजन पर असर पड़ रहा है.पूरा करकट्टा विश्रामपुर क्षेत्र झाड़ियों से पटा है. सड़क जर्जर हो चुका है. पंडाल तक आने जाने के रास्ते गड्ढों से पटे हैं. स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था नहीं है. स्कूली बच्चों को भी गंदगी से होकर आना जाना पड़ता है.सीसीएल प्रबंधन का इसपर कोई ध्यान नहीं है. करकट्टा को छोड़ कोयलांचल के दूसरे पूजा पंडालों के आसपास तथा कालोनियों की साफ सफाई की गई है. पूर्व में प्रबंधन ही दुर्गा पूजा के दौरान करकट्टा में साफ सफाई कराया करती थी.परंतु इधर कई वर्षो से करकट्टा विश्रामपुर पर सीसीएल प्रबंधन द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है. ऐसे में श्रद्धालुओं को गंदगी से गुजर कर दुर्गा पूजा पंडाल व मंदिर आना-जाना होगा. करकट्टा दुर्गा पूजा समिति सहित करकट्टा विश्रामपुर के लोगों ने सीसीएल प्रबंधन से आग्रह किया है कि वहां साफ सफाई, स्ट्रीट लाइट, सड़कों के गड्ढों को भरने का कार्य करवाया जाय.आग्रह करने वालों में करकट्टा के अरबिंद सिंह, सुशील पासवान, रामप्रवेश चौहान, महावीर लोहरा, प्रेम साव, गामा टोप्पो आदि शामिल हैं.

# पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र में दुर्गा पूजा की तैयारी जोरों पर



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आस पास के ग्रामीण इलाकों में दुर्गा पूजा को लेकर सारी तैयारी जोर-शोर से की जा रही है।पिपरवार क्षेत्र के बचरा,बेंती,बहेरा,राय और राय कोलियरी में भव्य पूजा पंडाल का निर्माण कराया जा रहा है।बाहर से आए हुए कारीगर दिन-रात मेहनत कर पूजा पंडाल को अंतिम रूप देने में जुटे हुए हैं।कोयलांचल क्षेत्र के सभी पूजा पंडाल का उद्घाटन शनिवार 21 अक्टूबर को किया जाएगा।इधर बचरा मे पूजा के अवसर पर भव्य पंडाल बनाया जा रहा है, जिसका निर्माण कार्य लगभग पूरा कर लिया गया है।वही बचरा मे प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी मेला का आयोजन किया जा रहा है।पूजा समिति के सदस्यों ने बताया कि शनिवार 21 अक्टूबर को पूजा पंडाल और मेला का उद्घाटन किया जाएगा,जबकि रविवार महाष्टमी की रात भक्ति जागरण का आयोजन किया जाएगा।वहीं विजयीदशमी के दिन बचरा स्वर्ण जयंती स्टेडियम में रावण और रात्रि में आर्केस्ट्रा कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

## किचटो पंचायत में वनाधिकार समिति का हुआ गठन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पिपरवार :** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के किचटो पंचायत सचिवालय में रमेश कुमार महतो की अध्यक्षता में ग्राम सभा का आयोजन किया गया।टंडवा अंचल की ओर से पर्यवेक्षक के रूप मे सीता देवी मौजुद थी।ग्राम सभा किचटो पंचायत मुखिया संगीता देवी पंचायत समिति सदस्य सुनीता देवी उप मुखिया ललिता देवी की निगरानी में संपन्न हुई।ग्रामसभा में वन अधिकार कानून 2006 के बारे में विचार विमर्श किया गया।इस दौरान वन अधिकार अधिनियम प्रावधान के तहत वनाधिकार समिति का गठन किया गया,जिसमे अध्यक्ष मंजू कुमारी एवं सचिव अरविंद कुमार मुंडा को नियुक्त किया गया।

## पांचवें दिन मां दुर्गा के स्कंदमाता रूप की हुई पूजा

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** शारदीय नवरात्र के पांचवे दिन खलारी कोयलांचल में मां दुर्गा के स्कंदमाता स्वरूप की पूजा भक्ति भाव से की गई. ऐसे में गुरुवार को मोक्ष के द्वार खोलने वाली माता परम सुखदायी मां स्कंदमाता की उपासना की गई. इस दिन मां अपने भक्तों की समस्त इच्छाओं की पूर्ति करती है. वहीं शुक्रवार को मां दुर्गा के छठवां रूप कात्यायनी है.छठे दिन इनकी श्रद्धा पूर्वक पूजा-अर्चना की जाती है. इनके पूजन से अद्भुत शक्ति का संचार होता है. मां साधक को सक्षम बनाती है.

## पंडालों में की जा रही आकर्षण सज्जा

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** दुर्गा पूजा को लेकर खलारी क्षेत्र के सभी जगहों पर स्थापित प्रतिमाओं एवं आकर्षक पंडाल लगभग तैयार हो चुके हैं. पंडालों को आकर्षण सज्जा की जा रही है. वहीं रावण दहन को लेकर युवाओं द्वारा तैयारी की जा रही है. क्षेत्र में पूजा को लेकर कुछ जगहों लगने वाले मेला की तैयारियां भी शुरू हो गई है.दुर्गा पूजा पंडालों का निरीक्षण खलारी पुलिस द्वारा विधि-व्यवस्था को लेकर सभी पूजा पंडाल एवं मेला का निरीक्षण किया जा रहा है.

## सिर्फ निंबू पानी पीकर नवरात्र करते है दिनेश पांडेय

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** मां जगत जननी के भक्त और शक्ति के उपासक मां को प्रसन्न करने के लिए नवरात्रि के अवसर पर तरह-तरह के व्रत करते हैं. खलारी केडी निवासी दिनेश पांडेय घन्टु 9 दिनों तक सिर्फ निम्बू पानी पीकर व्रत करते है,उन्होंने कहा कि मानव समाज और धरती पर मौजूद हर प्राणियों के कल्याण के लिए लिए वह यह तपस्या करते हैं.पांडेय ने कहा कि पिछले पांच साल से दोनों नवरात्र सिर्फ निम्बू पानी पीकर नवरात्र करते है.बताया कि इस नौ दिन तक माँ दुर्गा के आशीर्वाद से कभी भी भूख का अहसास नही होता है.अलग एनर्जी फिल होती है . नवरात्रि में मां दुर्गा की पूजा-अर्चना और व्रत रखने से भक्तों की मनोकामना पूरी होती है. मान्यता है कि नवरात्रि के दौरान व्रत रखने से आत्मा की शुद्धि होती है. व्रत करने से तन और मन को बल मिलता है. साथ ही शारीरिक, मानसिक एवं धार्मिक लाभ भी प्राप्त होते हैं. शरीर को रोजाना के भोजन से थोड़ा विराम मिलता है जिससे शारीरिक स्वास्थ्य बेहतर बना रहता है. व्रत करने से मन शांत होता है और तनाव भी दूर होता है जिससे मानसिक स्वास्थ्य में मजबूती आती है.

## एलएन +2 हाई स्कूल, मुरहू में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान कार्यशाला का आयोजन

**खूंटी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखण्ड महिला उत्थान एवं कैलाश सत्यार्थी चाइल्ड फाउंडेशन के सहयोग से लक्ष्मी नरायण +2 हाई स्कूल, मुरहू में एक दिवसीय बाल विवाह मुक्त अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में झारखण्ड महिला उत्थान,खूँटी के जिला समन्वयक दिनेश कुमार ने कहा कि बाल विवाह सम्पूर्ण समाज के लिये एक अभिशाप है। हम सभी को एक जुट होकर पूरे जिला को बाल विवाह मुक्त जिला बनाना है। उन्होंने बच्चियों-बच्चों से कहा कि सबसे पहले उन्हें अपने जीवन में एक बड़े लक्ष्य तय करने की जरूरत है , जिससे वे अच्छेभविष्य का निर्माण कर पाए। उन्होंने कहा कि यदि किसी गाँव में किसी बच्ची की शादी कम उम्र में की जा रही हो तो आप बिना डरे अपने गाँव की आगनवाडी सेविका, थाना, प्रखंड पदाधिकारी अथवा टोल फ्री नम्बर 1098 पर शिकायत कर सकती है।

## सीसीएल प्रबंधन ने बचरा खेल मैदान में लगाया सेल्फी प्वाइंट

**पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा चार नंबर खेल मैदान में सीसीएल प्रबंधन के द्वारा सेल्फी प्वाइंट लगाया गया है।इस सेल्फी पॉइंट में स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा मनोरंजन करते देखा जा रहा है।नया भारत सशक्त भारत के स्लोगन के साथ इस सेल्फी पॉइंट में एक तरफ देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और दूसरी तरफ फुटबॉल खिलाड़ी का चित्र भी है,इसी बीच के खाली जगह में लोग खड़े होकर सेल्फी के साथ अपना फोटो ले रहे हैं।इस संबंध में सीसीएल अधिकारियों ने बताया कि पूरे सीसीएल में तीन जगहो पर इस सेल्फी प्वाइंट को लगाया गया है।जिसमे सीसीएल मुख्यालय रांची,ढोरी एरिया और पिपरवार एरिया में यह सेल्फी प्वाइंट लगाया गया है।

## नवरात्र के छठे दिन यानी आज होगी बेलवरण पूजा

**खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** खलारी कोयलांचल में शुक्रवार को नवरात्र के छठे दिन सभी पूजा पंडालों में बेलवरण पूजा होगी.खलारी के जानकीरमण मंदिर, करकट्टा दुर्गा मंडप एवं चुरी पूजा पंडालों में बेलवरण पूजा के साथ हीं श्रद्धालुओं के लिए पट खोल दिए जाएंगे. बाकी सभी पूजा पंडालों के पट 21 अक्टूबर शनिवार को श्रद्धालुओं के लिए पट खोले जाएंगे. पंडालों के पट खुलने के साथ ही चार दिवसीय पूजा शुरू हो जाएगी. पट खुलने के साथ हीं श्रद्धालु मां का दर्शन कर उन्हें नमन कर पाएंगे.करकट्टा दुर्गा मंडप में 59 वर्षों से, जानकी मंदिर में 75 वर्षों से और चुरी दुर्गा मंडप में 50 वर्षों से बंगाली रीति से बंगाली ब्राह्मणों द्वारा पूजा की जा रही है. इन पूजा पंडालों में षष्ठी पूजा से हीं डाख की शुरआत हो जाएगी.

## मुद्रा लोन लेकर खोला होटल

**बेड़ो (प्रभात मंत्र संवाददाता):** गुमला रोड बेड़ों में सरना महिला समिति की एक सदस्य गुड़िया उरांव का मुद्रा लोन सैंक्शन युको बैंक बेड़ो से अपनी नया व्यवसाय को शुरू करने के उद्देश्य से किया गया। यूको बैंक के द्वारा अभी तक 5 से 6 सखी मंडल की दिदीयो को मुद्रा लोन पास किया जा चुका है। मुद्रा लोन व्यक्तिगत लोन होती है। इस लोन का सैंक्शन उस व्यक्ति को बैंक द्वार की जाती है जिसका पहले से कुछ छोटी-मोटी दुकान हो या नया व्यापार खोलने का उद्देश्य रखता हो। मुद्रा लोन में बैंक के द्वारा 50000 की राशि दी जाती है जिससे व्यक्ति अपनी आजीविका कर सके। लोन लेने के पश्चात् उसे तय समय में मूलधन राशि को ब्याज समेत बैंक में जमा कराना होता है। बैंक और बैंक सखी के सहयोग से गुड़िया उरांव ने मुद्रा लोन लेकर अपना एक नया व्यवसाय होटल खोला जिसका उद्घाटन फीता कटकर किया गया। समारोह में बैंक प्रबंधक, एग्रीकल्चर मैनेजर कैसीयर जेएसएलपीएस के प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक मुकेश कुमार सिंह, संकुल समन्वयक,बैंक सखी, पूर्व मखीया असलम सिदकी, सलीराम उरांव, सखी मंडल की दीदीयां एवं अन्य लोग उपस्थिति थे।

## मां शेरोवाली का पट खुलते ही उमड़ पड़ी भक्तों की भीड़

**मुरी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** मुरी हिंडाल्को के दुर्गा मंदिर में शुक्रवार पंचमी के शाम को हिंडाल्को युनिट हेड रविनारायण मिश्रा एवं उसकी पत्नी प्रभा मिश्रा के उपस्थिति में जय माता दी का जयकारा लगाते हुए सबके दुख को हरण करने वाली मां शेरोवाली का पट खोला गया। पट के खुलते ही मां शेरोवाली के दर्शन करने के लिए भक्तों की भीड उमड़ पड़ी। पुरा हिंडाल्को परिसर रंग बिरंगी रोशनी से जगमग हो गया?। वहीं पुरोहित मंटू भट्टाचार्य ने विधीवत मां की पुजा कर साथ ही मां की आरती की गई।पुरा क्षेत्र ढाक की आवाज से जय माता दी के जयकारा से गुंज उठा।

## राज्यपाल बनाए जाने पर डॉ. राजा राम महतो ने बधाई दी

**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड सरकार के पूर्व मुख्यमंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता रघुवर दास को उड़ीसा राज्य के राज्यपाल बनाए जाने पर उनके आवास पर जाकर (जमशेदपुर) कुरमाली भाषा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉक्टर राजाराम महतो एवं विंग कमांडर ज्ञानेश्वर सिंह ने बुके देकर उनको बधाई दी एवं औपचारिकता मुलाकात किया। मौके पर बहुत सारी बातों को लेकर चर्चा परिचर्चा भी किया।

## सिल्ली पुलिस ने फरार वारंटी अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**सिल्ली(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सिल्ली पुलिस के द्वारा फरार वारंटी अभियुक्त अरुण कुमार महतो पिता रामचंद्र महतो अडाल नवाडीह निवासी को गिरफ्तार कर न्यायालय को सुपुर्द किया गया। बताते चले की अभियुक्त अपनी पत्नी का मेंटेनेंस खर्च वहन नहीं कर रहा था जिसके एवज में पारिवारिक न्यायालय के द्वारा अभियुक्त के विरुद्ध वारंट जारी किया गया था परंतु अभियुक्त लगभग एक वर्ष से फरार चल रहा था। सिल्ली पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर आज न्यायालय को सुपुर्द कर दिया।

## मध्य विद्यालय बीसा में अभिभावकों का किया गया बैठक

**अनगड़ा (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बीसा पंचायत के रा0 उ0 म0 विद्यालय में उपमुखिया संजय भोगता के अध्यक्षता में अभिभावकों का बैठक रखा गया ।जिसमें भारत सरकार के द्वारा सभी छात्र छात्राओं का आपार आईडी बनना है। विस्तार से जानकारी दिया गया कि विद्यालय में वर्ग 1 से वर्ग 8,तक क्लास है। जिसमे कुल बच्चे 190 है।शिक्षक मात्र चार है। एक शिक्षक ऑफिस वर्क में बिजी रहते है। जिसमें बच्चों के पढ़ाई में असर पड़ता है। इसको देखते हुए सभी अभिभावक ने चन्दा करके एक शिक्षक नियुक्ति करने का निर्णय लिया।

## सभी धार्मिक स्थल को संरक्षित करना मेरा संकल्प : विधायक

**मांडर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने गुरुवार को मांडर प्रखंड के ग्राम नारो मे सरना स्थल घेराबंदी निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। धार्मिक स्थल का शिलान्यास करने से पूर्व विधायक ने सरना स्थल मे पानी ढालकर माथा टेक कर मांडर विधानसभा क्षेत्र वासियो के सुख समृद्धि एवं उनके लम्बे जीवन के लिए प्रार्थना किया। शिलान्यास करने के तत्पश्चात विधायक गांव के ग्रामीणों से मुलाक़ात कर गांव की मुलभुत एवं आधारभुत समस्याओ की जानकारी लिया एवं उनका जल्द निराकरण कराने का भरोसा दिलाया। इस दौरान विधायक ने उपस्थित ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए कहा कि हम सब एक विचारधारा मे चलने वाले है और एक विचार धारा के है और हम सभी को एक विचारधारा के अनुरूप ग्रामीण क्षेत्र के आधारभुत संरचना के विकास के साथ वहाँ की समस्याओ का समाधान और ग्रामीणों के जीवन को आसान बनाने के प्रति हमेशा एक साथ चलना है।

## उप-प्रमुख मोदस्सिर हक ने बिजली विभाग के महाप्रबंधक को सौंपा पत्र

**बेड़ो (प्रभात मंत्र संवाददाता):** हमारे बिच कुछ ऐसे लोग रहते हैं जो हमारे मॉ बाप तो नहीं हैं लेकिन हमारे मॉ बाप की तरह ही हमारी आवश्यकता को महसुस कर उसे अपनी पुरी ताकत से पूर्ण करने हेतु हमेशा तत्पर रहते हैं। आज कल नौरात्री का समय चल रहा है और वैसे तो बिजली की आवश्यकता हमें हमेशा रहती है लेकिन इस समय हमारे लिए बिजली की बहुत आवश्यता होती है। हमारे बेड़ो प्रखण्ड में ऐसे बहुत से जगह हैं जहाँ आज भी बिजली की व्यवस्था विभाग की तरफ से सुव्यवस्था नहीं की गई है जिसके कारण वहां के लोगो का जीवन बसर में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। प्रखंड में बहुत से जगहों में ट्रांसफारमर खराब पड़ा हुआ है तो कहीं तार ही नहीं है। ऐसी उक्त स्थिति परिस्थिति को देखते हुए हमारे बेड़ो प्रखण्ड के उप-प्रमुख मोदस्सिर हक ने माननीय विधायक श्रीमती शिल्पी नेहा तिर्की के निर्देशानुसार रांची बिजली विभाग के महाप्रबंधक -सह- मुख्य अभियंता से मिलकर अपने प्रखण्ड के बिजली संबंधित उक्त समस्याओं से अवगत कराते हुए एक पत्र सौंपा।

# दुर्गा पूजा के मद्देनजर जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने किया दुकानों का औचक निरीक्षण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**खूंटी :** उपायुक्त, खूंटी लोकेश मिश्रा के निर्देशानुसार दुर्गा पूजा मद्देनजर जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी द्वारा जिला अंतर्गत कर्रा प्रखंड मुख्यालय स्थित विभिन्न होटलों एवं किराना दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान दुकानों से जांच के लिए खाद्य सामग्रियों के नमूने लिये गये। खाद्य सामग्रियों में मिलावट नहीं करने की खाद्य पदार्थो की सख्त चेतावनी दी गयी। दुकानदारों को चेताया जा रहा है कि जांच के दौरान खाद्य सामग्री में मिलावट पाये पर संबंधित दुकान संचालक के खिलाफ एफएसएस एक्ट के तहय सख्त कार्रवाई की जाएगी। सभी दुकानदारों को फुड लाईसेंस लेकर ही व्यवसाय करने का निर्देश दिया गया। औचक निरीक्षण के दौरान जिला खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी मनोज कुमार द्वारा कर्रा स्थित महतो होटल से लड्डू का नमूना लिया गया। इस होटल में खाद्य सामग्री खुला रखा पाया गया। गगन ब्रांड का टमाटर फॉस्टर मे मैन्यूफैक्चरिंग डेट अंकित नहीं था। इसे आन द स्पॉट नष्ट किया गया। साथ ही दुबारा बिना मैन्यूफैक्चरिंग डेट अंकित खाद्य पदार्थो का प्रयोग नहीं करने की चेतावनी दी गयी। राजेन्द्र स्टोर से जांच हेतु दालमोट का नमूना लिया गया।

औचक निरीक्षण के दौरान नवोदय किराना दुकान में बगैर मैन्यूफैक्चरिंग डेट अंकित एवं बिना एफएसएसएआई का बेसन पाया गया। ऐसे खाद्य सामग्री की बिक्री ना करने की हिदायत दी गई। आदित्य केक दुकान के कोल्ड ड्रिंक के काउंटर पर एक्सपायर ब्रेड पाया गया। जिसे मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। साथ ही एक्सपायर ब्रेड दुबारा नहीं बेचने का निर्देश दिया गया। निरीक्षण के दरम्यान फास्ट फुड, ठेला दुकानदारों एवं होटल संचालकों को खाद्य सामग्री को ढ़ककर बेचने की हिदायत दी गई। साथ ही खराब सॉस का उपयोग नहीं करने की चेतावनी दी गई। होटल संचालकों को किचेन सहित होटल परिसर में साफ-सफाई रखने का सख्त निर्देश दिया गया। दुकानदारों को खाद्य सामग्रियों में मिलावट करने से दूर रहने की कड़ी चेतावनी दी गई। होटल संचालकों को निर्देशित किया गया कि मिठाईयों में बहुत ज्यादा मात्रा में रंग का प्रयोग नहीं करें। मासाला के दुकानदरों को शुद्ध मसाले बेचने की हिदायत दी गई। चेताया गया कि जांच रिर्पोट में मिलावट करने के सबूत पाये जाने पर संबंधित दुकानदार के खिलाफ एफएसएस एक्ट 2006 के तहत कार्रवाई की जाएगी। दुकानदारों को चिकेन एवं मटन को ढ़ककर रखने की चेतावनी दी गयी।


कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, रॉची
ई–निविदा आमंत्रण सूचना

पत्रांकः– दिनांक–

ई–निविदा संख्याः– 12/2023-24/RWD /EE/RANCHI

| क्रम सं0 | आईडेन्टी फिकेषन संख्या/ पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राषि (रूपये में) अंक में | अक्षर में | कार्य समाप्ति की तिथि/ अवधि | टेण्डर कॉल नं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | RWD/RANCHI/ 20/ STPKG/03/ 2023-24 | कथालीजारा से मसारीजारा तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (लं0–3.200 कि0मी0)<br>जरगा से अम्बाझरिया तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (ल0–9.100 कि0मी0)<br>चतरा सताकी से बानपुर तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (ल0–3.500 कि0मी0)<br>मंझिलाटोला से तुरूप तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य। (ल0–4.650 कि0मी0) | 13,05,68,000.00 | तेरह करोड़ पाँच लाख अड़सठ हजार रूपये मात्र। | 9 माह | प्रथम |
| 2 | RWD/RANCHI/ 21/ STPKG/04/ 2023-24 | एन0एच0–23 से जामटोली पिच रोड भाया विनय पतरा छोटा सरना बेड़ो तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (ल0–1.750 कि0मी0)<br>करंजटोली पक्की सड़क से पुरियो तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (ल0–2.200 कि0मी0)<br>पुरानापानी लापुंग पथ से गड़री भाया कांताबारी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (ल0–2.350 कि0मी0)<br>दरहाटांड़ (बल्क मिल्क कलेक्शन सेंटर) से ग्राम कुल्हागढ़ा, ग्राम बांधटोली एवं ग्राम सियारटोली लिंक पथ से मुराल तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (ल0–5.400 कि0मी0)<br>मोरो बोड़ेया से सेमरा मोड़ भाया नारो स्कूल तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (ल0–3.900 कि0मी0)<br>करगे पतराटोली रूगड़ीढीपा से बेयासी भाया डोरन्डा रेलवे फाटक तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (ल0–4.900 कि0मी0) | 11,35,26,700.00 | ग्यारह करोड़ पैंतीस लाख छब्बीस हजार सात सौ रूपये मात्र। | 9 माह | प्रथम |
| 3 | RWD/RANCHI/ 22/ STPKG/05/ 2023-24 | लोटा से गोराडीह भाया नागेडीह तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (ल0–9.100 कि0मी0)<br>पटका से दमनडीह तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (ल0–1.800 कि0मी0)<br>करियाडीह से अड़ाल नवाडीह तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (ल0–1.975 कि0मी0)<br>कोयलाडीह से अजयगढ़ तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (ल0–3.600 कि0मी0) | 12,64,08,200.00 | बारह करोड़ चौंसठ लाख आठ हजार दो सौ रूपये मात्र। | 9 माह | प्रथम |

1. वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथिः–01.11.2023
2. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समयः–16.11.2023 अपराह्न 5.00 बजेतक।
3. निविदा खोलने की तिथि एवं समयः–17.11.2023 अपराह्न 3.30 बजे।
4. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पताः– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, रॉंची।
5. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0– 0651–2360137

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

PR 309611 REO(23-24)D

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग कार्य प्रमण्डल, रॉंची



पुलिस अधीक्षक यातायात, रॉंची

इस वर्ष दुर्गा पूजा का मुख्य त्योहार दिनांक–20.10.2023 से दिनांक–24.10.2023 तक मनाया जाऐगा, जिसमें दिनांक–24 / 25.10.2023 को मूर्ति विसर्जन का कार्यक्रम प्रस्तावित है। उक्त अवसर पर रॉंची शहर के प्रमुख मार्गों में यातायात व्यवस्था निम्न प्रकार से होगी।

(क) भारी वाहनों के लिए :– दिनांक–20.10.2023 से दिनांक–24.10.2023 तक प्रतिदिन प्रातः 08:00 बजे से दूसरे दिन प्रातः 04:00 बजे तक शहरी क्षेत्र में भारी वाहनों का प्रवेश वर्जित किया गया है।

(ख) निजी एवं यात्री वाहनों का परिचालन मार्ग :–दिनांक–20.10.2023 से दिनांक–24.10.2023 तक प्रतिदिन 16:00 बजे अपराह्न से दूसरे दिन प्रातः 04:00 बजे तक निजी एवं यात्री वाहनों का परिचालन निम्न प्रकार होगी :–

1. सभी प्रकार के निजी वाहन/ऑटो/ई–रिक्शा का परिचालन कचहरी चौक से शहीद चौक, फिरायालाल चौक, सुजाता चौक की ओर वर्जित रहेगा। सुजाता चौक की तरफ से मेन रोड में आने वाले सभी निजी वाहन सैनिक मार्केट/जी.ई.एल. चर्च कम्प्लेक्स तक ही जा सकेंगे।
2. पिस्का मोड़ से न्यू मार्केट (रातु रोड) की ओर आने वाली सभी छोटी गाड़ियों का परिचालन 16:00 बजे अपराह्न से प्रातः 04:00 बजे तक मिनाक्षी सिनेमा मोड़ से पहाड़ी मंदिर होते हुए किशोरगंज चौक तथा वहॉ से हरमू चौक की ओर होगी। हरमू की तरफ से किशोरगंज होकर रातु रोड की तरफ आने वाले चार पहिया वाहनों का परिचालन किशोरगंज चौक तक ही होगा। इस ओर से आने वाले ऐसे सभी दो पहिया वाहन किशोरगंज से आगे पहाड़ी मंदिर मोड़ से मिनाक्षी सिनेमा मोड़ एवं रातु रोड होकर पिस्का मोड़ की ओर जाऐंगे। हरमू बाईपास रोड के तरफ से पिस्का मोड़ की तरफ जाने वाले छोटे चार पहिया वाहन बी0जे0पी0 कार्यालय के पास से पीपर टोली होकर कटहल मोड़/हेहल अंचल होते हुए पिस्का मोड़ की तरफ जाऐंगे।
3. कांके रोड से कचहरी चौक की तरफ आने वाली छोटी गाड़ियॉ जाकिर हुसैन पार्क/रेडियम रोड होकर कचहरी चौक तक, लालपुर चौक से कचहरी चौक आने वाली छोटी गाड़ियॉ जे0पी0एस0सी0 कार्यालय तक, बरियातु रोड से अल्बर्ट एक्का चौक की ओर जाने वाली छोटी गाड़ियॉ लाईन टैंक रोड स्थित रामगढ़ ट्रेकर पड़ाव तक एवं डंगराटोली चौक से सर्जना चौक की ओर आने वाली छोटी गाड़ियॉ मिशन चौक तक ही आ सकेंगी।
5. लालपुर से कोकर जाने वाले मार्ग वन–वे रहेगा, सिर्फ लालपुर से कोकर की ओर जाने वाले वाहन सदर थाना वाले मार्ग से होते हुए जाऐंगे। कोकर से लालपुर की ओर आने वाली गाड़ियॉ कांटाटोली होकर अपने गंतव्य तक जाऐगी।
6. हरमू रोड से छोटी गाड़ियॉ अरगोड़ा चौक, कडरु, सुजाता चौक, मुण्डा चौक होते हुए कांटाटोली जा सकती है।
7. कांके रोड से आने वाली गाड़ियां राम मंदिर, रणधीर वर्मा चौक, करमटोली से बुटी मोड़ होते हुए जमशेदपुर या कांटाटोली के तरफ जा सकती है।
8. मेन रोड में 16:00 बजे से अगले दिन 04:00 बजे सुबह तक छोटे वाहनों का प्रवेश वर्जित किया गया है।
9. समय 16:00 बजे अपराह्न से अगले दिन 04:00 बजे सुबह तक न्यू मार्केट चौक से किशोरगंज चौक तक छोटी वाहनों का प्रवेश वर्जित किया गया है।
10. शहरी क्षेत्र में आवश्यक सामग्री लाने वाली गाड़ियां प्रातः 04:00 बजे से 08:00 बजे के बीच ही आ सकेगी।

(ग) उक्त अवसर पर निम्नांकित स्थानों पर पार्किंग की व्यवस्था की गई है :–

रुट — पार्किंग स्थल

1. डोरण्डा/सुजाता चौक से मेन रोड में आने वाले निजी–सैनिक मार्केट/जी.ई.एल.एवं दो पहिया वाहन। चर्च कम्प्लेक्स।
2. फिरायालाल से बकरी बाजार की ओर जाने वाले श्रद्धालुओं के–जिला स्कूल/बाल कृष्ण निजी एवं दो पहिया वाहन। स्कूल कैम्पस।
3. डंगराटोली से सर्जना चौक जाने वाले वाहन– मिशन चौक के पास/संत जॉन्स स्कूल के सामने।
4. स्टेशन रोड स्थित पूजा पण्डाल जाने वाले श्रद्धालुओं के वाहन– रेलवे भर्ती बोर्ड से चुटिया थाना मोड़ तक रोड के दोनों तरफ/रेलवे पार्किंग।
5. लालपुर से कोकर जाने वाले श्रद्धालुओं के वाहन – साधु मैदान/बिजली ऑफिस।
6. खेलगॉव से कोकर पूजा पण्डाल जाने वाले श्रद्धालुओं के वाहन – राम लखन यादव कॉलेज कैम्पस।
7. कांके रोड से बकरी बाजार जाने वाले श्रद्धालुओं के वाहन – न्यू मार्केट ऑटो स्टैण्ड।
8. हरमू बाईपास रोड से बकरी बाजार जाने वाले श्रद्धालुओं – बड़ा तालाब नदी ग्राउण्ड के वाहन के पास।
9. पिस्का मोड़ से दुर्गा मंदिर चौक, रातु रोड आने वाले – दुर्गा मंदिर से पहले श्रद्धालुओं के वाहन जयसवाल पेट्रोल पम्प के सामने।
10. बरियातु रोड से बकरी बाजार जाने वाले श्रद्धालुओं के वाहन– नागाबाबा खटाल पार्किंग/जाकिर हुसैन पार्क के पास पार्किंग।
11. हरमू बाईपास से किशोरगंज तक आने वाले वाहन– मुक्तिधाम से किशोरगंज के बीच सड़क किनारे।
12. हरमू चौक के पास अवस्थित पूजा पण्डाल – हरमू मैदान।
13. बरियातु हाउसिंग के पास पूजा पण्डाल – बरियातु मैदान में पार्किंग।
14. सी.एम.पी.डी.आई के पास पूजा पण्डाल – कैंब्रियन स्कूल के आगे पार्किंग।

(घ) निम्नांकित स्थानों पर भारी वाहनों के प्रवेश निषेद्य हेतु ड्रॉप गेट लगाया जाऐगा :–

1. कटहल मोड़ के पास दोनों मार्ग पर ड्रॉप गेट।
2. तिलता चौक से रातु रोड आने वाले मार्ग पर ड्रॉप गेट।
3. लॉ यूनिवर्सिटी, कांके के पास ड्रॉप गेट।
4. बोड़ेया रिंग रोड के पास ड्रॉप गेट।
5. बी0आई0टी0 रिंग रोड के पास ड्रॉप गेट।
6. बुटी मोड़ में बरियातु जाने वाले मार्ग पर ड्रॉप गेट।
7. खेलगॉव से कोकर जाने वाले मार्ग पर ड्रॉप गेट।
8. दुर्गा सोरेन चौक से कांटाटोली जाने वाले मार्ग पर ड्रॉप गेट।
9. दुर्गा सोरेन चौक से मकचुन्द टोली जाने वाले मार्ग पर ड्रॉप गेट।
10. रामपुर के पास ड्रॉप गेट।
11. खरसीदाग के पास ड्रॉप गेट।
12. ब्रीजफोर्ड स्कूल के पास ड्रॉप गेट।
13. सतरंजी ओवरब्रीज के पास ड्रॉप गेट।
14. बिरसा चौक के पास ड्रॉप गेट।
15. शहीद मैदान के पास ड्रॉप गेट।

PR.NO.309638 Police(23-24):D

पुलिस अधीक्षक यातायात,
रॉंची।

## प्रमोद मिश्रा ने किया रघुवर दास का अभिनंदन



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** बारीडीह मंडल के मीडिया प्रभारी प्रमोद मिश्रा ने पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास को उड़ीसा का राज्यपाल बनाये जाने पर उन्हें अंग वस्त्र, पुष्पगुच्छ एवं मिथिला का पाग पहनाकर सम्मान किया एवं बधाई दी। प्रमोद मिश्रा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के कद्दावर नेता रघुवर दास के पास लम्बा संगठनिक एवं प्रशासनिक अनुभव है। उन्हें इस अत्यंत गरिमापूर्ण एवं संवैधानिक पद पर नियुक्त करने के लिए राष्ट्रीय नेतृत्व, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं गृह मंत्री अमित साह को भी हार्दिक बधाई एवं अभिनन्दन।

## कैम्पस एक्टिववियर ने पीएंडएम बिस्टुपुर में खोला अपना पहला एक्सक्लुज़िव रीटेल स्टोर




**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारत के प्रमुख स्पोर्ट्स एवं एथलेज़र फुटवियर ब्राण्ड्स में से एक कैम्पस एक्टिववियर ने पीएंडएम हाई-टेक इंफ्रास्ट्रक्चर एलएल, बिस्टुपुर में अपने पहले एक्सक्लुज़िव रीटेल स्टोर का लॉन्च किया है। 432 वर्गफीट क्षेत्रफल में फैले इस स्टोर का दुकान नंबर एफ-01बी हैं, जहां उच्च गुणवत्ता के फैशनेबल एवं किफ़ायती फुटवियर्स की व्यापक रेंज उपलब्ध होगी। ब्राण्ड ने उपभोक्ताओं को फैशनेबल फुटवियर उपलब्ध कराने तथा मल्टी-चौनल सेल्स दृष्टिकोण के तहत इस आउटलेट का लॉन्च किया है। भव्य उद्घाटन के अवसर पर कैम्पस एक्टिववियर एक स्पेशल ऑफर भी लेकर आया है जिसके तहत रु 3499 और इससे अधिक की खरीददारी करने वाले उपभोक्ता स्टाइलिश बैकपैक बिल्कुल मुफ्त पा सकेंगे। इस अवसर पर निखिल अग्रवाल, सीईओ, कैम्पस एक्टिववियर लिमिटेड ने कहा कि जमशेदपुर में पहले एक्सक्लुज़िव आउटलेट का लॉन्च करते हुए हमें बेहद खुशी का अनुभव हो रहा है, जो उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण, स्टाइलिश एवं किफ़ायती फुटवियर उपलब्ध कराने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

## विवेकानन्द इंटरनेशनल स्कूल में नारी शक्ति पर आधारित कार्यक्रम का आयोजन



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** विवेकानन्द इंटरनेशनल स्कूल में शारदीय नवरात्र के अवसर पर नारी शक्ति पर आधारित कार्यक्रम, शक्ति .. द स्ट्रेंथ विदिन का आयोजन किया गया। इसमें सभी शिक्षिकाओं के साथ हाई स्कूल की लड़कियों ने भाग लिया। स्कूल की प्रिंसिपल डॉ निधि श्रीवास्तव ने नारी सशक्तिकरण एवं स्वतंत्रता के सही अर्थ को समझाया। स्कूल की छात्राओं, शाइस्ता, राबिया, तुबा, आशना तथा आलिया ने अगमनी गान, सुमैया, ज़ोया, शिप्पी, फरहा, लाइबा, शिफा, अकिफ़ा, तहसीन तथा सोफिया ने प्रभावशाली नाटिका, सानिया और अफसरा ने नृत्य तथा उज़्मा एवं सुमैया ने स्पीच प्रस्तुत किये। शिक्षिकाओं में नज़र, सुमैया तथा नाज़िया ने अपने वक्तव्य दिये। स्वागत तथा संचालन तलहा तथा लतिका टीचर ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन नाज़िया टीचर द्वारा किया गया।

## रोटरी क्लब ऑफ जमशेदपुर ईस्ट ने सात स्कूलों में स्थापित किए इंटरैक्ट क्लब



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रोटरी क्लब ऑफ जमशेदपुर ईस्ट द्वारा गोलमुरी क्लब में आयोजित हुए कार्यक्रम में सात स्कूलों के इंटरैक्ट क्लब रोटरी डिस्ट्रिक्ट इंटरैक्ट चेयरमैन शरत चंद्रन द्वारा स्थापित किए गए। रोटरी क्लब ऑफ जमशेदपुर ईस्ट की अध्यक्ष आरटीएन प्रेमा गोगना ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की और निदेशक सेवा परियोजना डॉ. अनुप गुप्ता ने संचालन किया। मौके पर इंटरैक्ट क्लब के सदस्यों ने अपने-अपने स्कूलों द्वारा सामुदायिक सेवा में पहले से की गई गतिविधियों और भविष्य के लिए अपनी योजनाओं की जानकारी दी। इसमें शिक्षा निकेतन, जमशेदपुर पब्लिक स्कूल, एआईडब्ल्यूसी एकेडमी ऑफ एक्सीलेंस, टैगोर एकेडमी, गुलमोहर स्कूल, मानव विकास स्कूल, गोविंद विद्यालय स्कूल मौजूद थे। कार्यक्रम में मुख्य रुप से आरटीएन मनीष जैन, कुणाल कर, वीना मित्रा, वीके कोहली, डॉ. बनर्जी, सुषमा पांडे, सुभ्रजीत बसु, वंदना जैन, निधि बसु और एसएम राव आदि शामिल थे।

## कांग्रेस नेता अंसार के नेतृत्व में जवाहर नगर में लगे नये बिजली के पोल



**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि मौलाना अंसार खान के नेतृत्व में बिजली विभाग के द्वारा जवाहर नगर रोड नंबर 6 नाले के पास नया बिजली पोल लगाया गया। दूसरी और जवाहर नगर रोड नंबर 13 बी अल हयात कॉलोनी मैं भी नया बिजली पोल लगाया गया और तमाम नीचे झुके हुए तारों को चेंज करके केवल लगाया गया। बस्ती वासियों ने मंत्री बन्ना गुप्ता और बिजली विभाग का शुक्रिया अदा किया। मौके पर मोहम्मद नवाबुलल्लाह, मोहम्मद नौशाद, मोहम्मद शफातुल्लाह, सैयद वकासउल्लाह, हाजी वकील, अनवर हुसैन उर्फ चाचा, अब्दुल्ला, मोहम्मद उमर, मोहम्मद मुन्ना आदि उपस्थित थे।

## एनआईटी जमशेदपुर में अमृत कलश यात्रा का आयोजन

**जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता):** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी), जमशेदपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) ने प्रेरक टैगलाइन मिट्टी को नमन, वीरों का वन्दन के साथ मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम के दौरान सभी स्वयंसेवक और प्रोफेसर राष्ट की एकता का प्रतीक अपने-अपने क्षेत्र से चावल और मिट्टी लेकर आए। इस चावल और मिट्टी को एक कलश में एकत्र किया गया, जिसे दिल्ली भेजा जाएगा। कॉलेज के निदेशक डॉ. गौतम सूत्रधर, उपनिदेशक डॉ. राम विनॉय शर्मा, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रह्लाद प्रसाद और कार्यक्रम समन्वयक डॉ. जयेंद्र कुमार के मार्गदर्शन में एनएसएस एनआईटी जमशेदपुर की टीम ने इस देशभक्तिपूर्ण अवसर को जीवंत कर दिया।

### दुर्गा पूजा को लेकर गोलमुरी पुलिस लाइन में पुलिस बलों की हुई ब्रीफिंग, एसएसपी ने कहा

# श्रद्धालुओं के साथ रखें अच्छा व्यवहार





**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** दुर्गा पूजा के दौरान विधि व्यवस्था बनाए रखने को लेकर पुलिस लाइन, गोलमुरी में जोनल दण्डाधिकारी, दण्डाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी और पुलिस बलों की ब्रीफिंग जिला दण्डाधिकारी-सह-उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री एवं वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल द्वारा की गई । ब्रीफिंग में बताया गया कि दुर्गा पूजा में पूर्ण प्रशासनिक सतर्कता रखी जानी है। कई पूजा पंडालों में पंचमी से ही पट खुल गए हैं ऐसे में श्रद्धालुओं की भीड़ भी पंडालों में आने लगे हैं। श्रद्धालुओं की सुरक्षा जिला प्रशासन की प्राथमिकता है । उपायुक्त ने अपने संबोधन में सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारी एवं पुलिस बल को निदेशित किया कि नगर निकाय, अग्निशामक, जिला कंट्रोल रूम, प्रशासन व पुलिस के वरीय पदाधिकारी का फोन नंबर सभी प्रतिनियुक्त बल अपने पास रखेंगे । विसर्जन रूट में कोई अवरोध नहीं हो जैसे कंस्ट्रक्शन मेटेरियल, बिजली के झूलते तार, जर्जर पोल आदि की भी जांच पूर्व से कर लें। शांतिपूर्ण एवं सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में पूजा संपन्न हो इसके लिए आवश्यक है कि प्रतिनियुक्ति स्थल पर ससमय योगदान दें, अपने वरीय के दिशा-निर्देशों का अनुपालन करें। वरीय पुलिस अधीक्षक ने कहा कि सभी पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल उचित यूनिफॉर्म में ससमय अपने प्रतिनियुक्ति स्थल पर योगदान देंगे। श्रद्धालु उल्लास में पूजा पंडाल घूमने आते हैं, उनके साथ सहयोगात्मक व्यावहार करें, अपने आचरण को उच्च कोटि का रखें जिससे लोगों के बीच प्रशासन के प्रति सकारात्मक संदेश जाए। मेला में घूमते हुए बच्चे, महिलायें गुम हों तो उन्हें मंच तक पहुंचायें, माइकिंग सिस्टम दुरुस्त रहे। ड्यूटी के दौरान अनावश्यक रूप से फोन नहीं चलायें, सोशल मीडिया का प्रयोग नहीं करें। श्रद्धालुओं को कतारबद्ध होकर दर्शन करायें जिससे भीड़ को व्यवस्थित रखा जा सके। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त मनीष कुमार, सिटी एसपी मुकेश लुणायत, ग्रामीण एसपी ऋषभ गर्ग, अनुमंडल पदाधिकारी धालभूम पीयूष सिन्हा, अपर उपायुक्त जयदीप तिग्गा, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर दीपू कुमार, सभी बीडीओ, सीओ, डीएसपी व थाना प्रभारी उपस्थित थे ।

## डॉ. अजय ने अपने कार्यक्रम चाय पर चर्चा में मजदूरों व दुकानदारों के मुद्दों पर की चर्चा




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** कांग्रेस सीडब्ल्यूसी सदस्य और जमशेदपुर के पूर्व सांसद डॉ अजय कुमार, लोगों से मिलने के लिए एक बहुत ही अनोखा कदम अपनाते हैं जो चाय पर चर्चा के नाम से मशहूर है। डॉ. अजय हर सुबह शहर के विभिन्न स्थानों पर जाते हैं और लोगों से मिलते हैं, उनसे मुद्दों पर चर्चा करते हैं और उनके साथ चाय पीते हैं। डॉ. अजय और उनके समर्थक हाल ही में अपनी चाय पर चर्चा यात्रा के तहत साकची बाजार गए, जहां उन्होंने मजदूरों और दुकानदारों से मुलाकात की और उनके साथ बैठकर उनके बुनियादी मुद्दों पर बात की। डॉ. अजय आज चाय पर चर्चा के तहत लोगों से मिलने कदमा भी गये। वहीं डॉ. अजय कुमार के चाय पर चर्चा की पूरे जमशेदपुर में लोगों द्वारा सराहना की जा रही है।

## उपायुक्त ने जिले में बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने का दिया निर्देश



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सरायकेला :** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष मे उपायुक्त रवि शंकर शुक्ला ने बैठक कर स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं की बिंदुवार समीक्षा की। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत संचालित कार्यक्रमों का वित्तीय एवं भौतिक समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने कई आवश्यक निर्देश दिए। गर्भवती महिलाओं के पंजीकरण, एचआइवी जांच, ए एन सी जाँच, वी एच एस एन डी, आयरन गोली वितरण, संस्थागत प्रसव व होम डिलीवरी, टीवी, एचआईवी एवं मलेरिया-डेंगू जाँच इत्यादि कार्यक्रम की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। कार्य प्रगति धीमी पाए जाने पर कुछ योजनाओं से सम्बन्धित एम ओ आई सी को उपायुक्त ने शॉकाज करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों को अपने क्षेत्र अंतर्गत उप स्वास्थ्य केंद्रों का औचक निरीक्षण करने को कहा गया। बैठक में सिविल सर्जन डॉ अजय सिन्हा, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सत्या ठाकुर सहित संबंधित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### झामुमो नेता सुनील कुमार ने कार्यकर्ता संग पार्टी से तोड़ा नाता, कहा

# पार्टी अपने एजेंडे से भटक गई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**नीमडीह :** ईचागढ़ विधानसभा के झामुमो के कार्यकर्ता सुनील कुमार महतो ने अपने सहयोगी के साथ तोड़ा पार्टी से इस्तीफा दे दिया। उक्त जनकारी चांडिल जोयदा स्थित रिवर व्यू होटल में प्रेसवार्ता के दौरान दी। उन्होंने पार्टी पर आरोप लगाते हुए कहा कि जेएमएम द्वारा चुनाव से पूर्व किए गए विभिन्न वादों के मुताबिक नही चलकर आज चुनावी वादा भूल गए हैं। मेरे द्वारा झारखंड अलग राज्य के लिए लड़ाई लड़ने के साथ में मुझे जेल तक जाना पड़ा है। मुझे झारखंड आंदोलनकारी का प्रमाणपत्र तक दिया गया है। आज वर्तमान समय में जेएमएम से लेकर बीजेपी हर पार्टी ने झारखंड का विकास एवं नियोजन नीति को लेकर काम नही किए। आज युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है बाहरी का निरंतर हर क्षेत्र में बहाली हो रहा है, जिसको रोकने के लिए वर्तमान में सत्ताधारी पार्टी भी किसी प्रकार का अभी तक कोई भी नीति लागू नहीं किए है। मौके पर अशोक कुमार महतो, सुधीर महतो, बादल महतो,रामप्रसाद महतो उपस्थित थे।

## कुचाई में राज्य फसल राहत योजना पर हुई समीक्षा बैठक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खरसावां :** कुचाई प्रखंड मुख्यालय सभागार में गुरुवार को बीडीओ सुजाता कुजूर के अध्यक्ष में झारखंड राज्य फसल राहत योजना को लेकर एक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें प्रखंड तकनीकी प्रबंधक राजेश कुमार,प्रखंड कृषि पदाधिकारी हरिलाल राम,कल्याण पधाधिकारी सुरेश कोड़ा,जनसेवक व सभी कृषक मित्र उपस्थित हुए। मौके पर बीडीओ ने जानकारी देते हुए कहा कि फसल राहत योजना मे आवेदन भरने का समय 30 नवंबर तक रखा गया है।जो भी किसान अभी तक आवेदन नही किए हैं कृषक मित्र उनका आवेदन समय रहते प्रज्ञा केंद्र के माध्यम से ऑनलाइन करवाए। बीटीएम राजेश कुमार ने कहा कि सार्वजनिक धन और किसानों के कल्याण दोनों को सुरक्षित रखने के लिए राज्य सरकार द्वारा झारखंड राज्य फसल राहत योजना चल रही है। उन्होंने कहा कि प्रखंड सुखाग्रस होने पर कृषकों को 30- 50 फीसदी होने पर 3000 रू प्रति एकड़ एवं 50 फीसदी से ऊपर सूखाग्रस्त होने पर 4000 रू प्रति एकड़ भुगतान किया जाएगा।

## कल से मां दुर्गा भक्तों को देगी दर्शन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जगन्नाथपुर :** दुर्गा पूजा को लेकर जगन्नाथपुर मुख्यालय में उत्साह चरम पर पहुंच गया है. पूजा पंडाल सज-धज कर तैयार हैं. शनिवार को महासप्तमी के दिन जगन्नाथपुर पूजा पंडालों में मां दुर्गा के पट खुल जाएंगे. शुक्रवार की शाम बेलभरण पूजा के साथ ही दुर्गा पूजा की चहल-पहल बढ़ जाएगी. मां दुर्गा की अराधना के लिए पूजा पंडालों में महासप्तमी से भारी भीड़ उमड़ने लगती है. आपको बताते चलें कि जगन्नाथपुर मुख्यालय में दो पूजा पंडाल बनाये गये हैं.पहला राम महावीर मंदिर व दूसरा शिव मंदिर दुर्गा मंदिर में.जिसमें दोनों मंदिरो में भक्तो का तांता लगा रहता है. दुर्गा पूजा समितियों के साथ पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी भीड़ को नियंत्रित करने और शांतिपूर्ण पूजा सम्पन्न कराने में जुटे हुए हैं. पुलिस प्रशासन भीड़ को नियंत्रित करने के लिए ट्रैफिक व्यवस्था में कई बदलाव किए हैं जो महासप्तमी से लागू होंगे. जगन्नाथपुर शहर में पूजा के अवसर रात्री में भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक लगा दी गई है. विजया दशमी मेला के दिन गाड़ियों को रोकने के लिए बेरियर रहेगी. आम आदमी हो या वीआईपी सभी को पैदल ही अंदर प्रवेश की अनुमति मिलेगी.

## फ्लैट के लिफ्ट से गिरकर सिक्युरिटी गार्ड की मौत

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चक्रधरपुर :** चक्रधरपुर नगर परिषद छेत्र के कुसुमकुंज के समीप स्थित बैकुंठ साई अपार्टमेंट फ्लैट के लिफ्ट से गिरकर फ्लैट में ड्यूटी कर रहे सिक्युरिटी गार्ड की मौत हो गई। घटना बुधवार देर रात की है। बताया जाता है कि बैकुंठ साई अपार्टमेंट फ्लैट में काम करने वाला चक्रधरपुर थाना क्षेत्र के पनसुवां गांव निवासी लक्ष्मण प्रधान रोजाना की तरह बुधवार रात लगभग नौ बजे ड्यूटी के लिए साई अपार्टमेंट पहुंचा था। वहां काम करने वाले अन्य लोगों को लक्ष्मण प्रधान कहीं दिख नहीं रहा था। जब फ्लैट के अन्य कर्मियों ने उसकी खोजबीन की तो लक्ष्मण प्रधान को लिफ्ट के नीचे मृत पाया।

## सविता महतो ने किया उप स्वास्थ्य केन्द्र का शिलान्यास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ़ :** सरायकेला-खरसावां जिला के ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के कुटाम गांव में गुरुवार को विधायक सविता महतो ने उप स्वास्थ्य केन्द्र भवन का शिलान्यास व शिलापट्ट अनावरण किया। पीएम आयुष्मान भारत हेल्थ इन्फ्रास्ट्रक्चर मिशन के तहत करीब 55 लाख की लागत से स्वास्थ्य उपकेंद्र भवन का निर्माण कराया जाएगा। शिलान्यास के दौरान ग्रामीणों ने जर्जर हो चुका आगसीया कुटाम सड़क का जल्द से जल्द मरम्मती कराने का मांग भी विधायक से किया। वहीं विधायक सविता महतो ने बताया कि करीब 55 लाख की लागत से उप स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस उप स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण होने से लोगों को इलाज के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि दूर्गा पूजा के बाद कई मुख्य सड़कों का शिलान्यास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि और भी कई उप स्वास्थ्य केन्द्रों का निर्माण कराया जाएगा। मौके पर सांसद प्रतिनिधि विश्वनाथ उरांव, पंसस प्रतिनिधि अनिल सिंह, मुखिया प्रतिनिधि कृष्णा सिंह मुण्डा, झामुमो केन्द्रीय सदस्य काबलु महतो, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष निताई उरांव, अमित सिन्हा सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## खादी को बढ़ावा देने के लिए लोगों को किया जागरुक, सभी ने पढ़ा संकल्प पत्र



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**जमशेदपुर :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर देशभर में पूरे अक्टूबर माह को खादी महोत्सव के रूप में मनाया जा रहा है. इस क्रम में आज झारखंड राज्य खादी व ग्रामोद्योग भवन (बिस्टुपुर केंद्र) के प्रबंधक विभूति कुमार राय के नेतृत्व में उक्त आयोजन हुआ. इस अवसर पर अतिथि के रूप में खादी एंड विलेज इंडस्ट्रीज कमीशन (केवीआईसी) के रांची प्रभारी अशोक कुमार सिंह, सुनील कुमार सिंह, रविन्द्र ठाकुर, अशोक वर्मा, आशीष वर्मा, सलिल लकड़ा, मनोज राय, राकेश कुमार बिट्टू, विद्यानंद राय, संतोष वर्मा आदि मौजूद थे. अतिथियों ने बताया कि महोत्सव के दौरान बच्चों में कई तरह की प्रतियोगिता, कार्यशाला आदि का आयोजन किया जाना है. बिस्टुपुर केंद्र में अतिथियों ने लोगों के बीच खादी के वस्त्रों को लेकर जागरूक किया गया. इस दौरान केंद्र के राकेश गुप्ता, सुमन पिंगुआ, संगीता, रूबी, रितिका, कंचन, अनीता हांसदा, सुकुमारी, लीना हेम्ब्रम, पिंकी, देवी, माया प्रधान आदि मौजूद थीं.

## ईचागढ़ विस में 19 सड़कों का मिला प्रशासनिक स्वीकृति : विधायक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ़ :** ईचागढ़ विधायक सविता महतो के प्रयास से ईचागढ़ विधानसभा क्षेत्र के कुल 19 सड़कों का निर्माण का प्रशासनिक स्वीकृति मिल गई है। जिसमें नीमडीह प्रखंड में सात जामडीह रेलवे क्रॉसिंग से सिरका तक पथ कि मरम्मती, बांदु से पड़किडीह तक पथ कि मरम्मती, हुंडरु पाथरडीह पीडब्लूडी रोड से लाकड़ी तक पथ कि मरम्मती, एन एच 32 बारेदा रोड से माकुला तक पथ कि मरम्मती, पितकि रेलवे गेट से कुशपुतुल तक पथ कि मरम्मती, रामनगर बांदु पथ से पुरीयारा मोड़ पीडब्लूडी रोड तक पथ कि मरम्मती, रामनगर बांदु पथ से हेवेन से लावा होते हुए आंडा तक पथ कि मरम्मती, कुकड़ू प्रखंड में पांच जिसमें हेंसालोंग से उड़ीया तक पथ कि मरम्मती, रुपरु से सिरुम तक पथ कि मरम्मती, लेटमदा से जारगो पथ कि पथ कि मरम्मती, डेरे से रेलवे लाइन तक पथ कि मरम्मती, छातारडीह से जारगो मोड़ भाया महादेव बेड़ा तक पथ कि मरम्मती व ईचागढ़ प्रखंड में सात जिसमें बढ़ा आमड़ा से जाहेरडीह भाया सिलदा तक पथ कि मरम्मती, आरईओ रोड से कुंद्रीलोंग ग्राम तक पथ कि मरम्मती, कुंद्रीलोंग से धातकिडीह तक पथ कि मरम्मती,गौरांगकोचा से करनडीह तक पथ कि मरम्मती, नागासेरेंग बाजार से डूंगरीडीह भाया आमंद्री तक पथ कि मरम्मती, नागासेरेंग से कुटाम तक पथ कि मरम्मती, कुटाम से काटघोड़ा तक पथ कि मरम्मती का प्रशासनिक स्वीकृति मिली है। वही ईचागढ़ के जनताओ ने विभिन्न सड़कों को प्रशासनिक स्वीकृति मिलने से राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन व विधायक सविता महतो का आभार जताया है। उक्त बात कि जानकारी झामुमो केंद्रीय सदस्य काबलु महतो ने दी।

## संकल्प यात्रा के तहत 27 अक्टूबर को ईचागढ़ पहुंचेंगे बाबूलाल मरांडी

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**ईचागढ़ :** ईचागढ़ प्रखंड क्षेत्र के टीकर पारगामा भवन में गुरुवार को भाजपा का प्रखंड स्तरीय कार्यकर्ता बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष फटीक चन्द्र गोराई ने किया। बैठक में 27 अक्टूबर को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी का ईचागढ़ के टीकर हाइस्कूल मैदान में आगमन को लेकर तैयारी पर चर्चा किया गया। ईचागढ़ विधानसभा स्तरीय संकल्प यात्रा को ऐतिहासिक बनाने को लेकर तैयारी पर चर्चा करते हुए कार्यकर्ताओं को अपने बुथों के कार्यकर्ताओं को सभा स्थल तक लाने का जिम्मेदारी सौंपा गया। मौके पर जिला अध्यक्ष बिजय महतो, प्रभारी विनोद सिंह,महामंत्री राकेश सिंह, भाजपा नेता विनोद राय,सांसद प्रतिनिधि विश्वनाथ उरांव, जिला उपाध्यक्ष ठाकुर दास महतो, भूषण मुर्मू, अनिता पारित, नकूल घोष, मनोहर दास, अनिल सिंह , मनोरंजन महतो आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# सरस्वती विद्या मंदिर में नवरात्र के अवसर पर कन्या पूजन व झांकी प्रस्तुत की गई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिला मुख्यालय स्थित सरस्वती विद्या मंदिर लातेहार में नवरात्रि के शुभ अवसर पर नवदुर्गा की झांकी प्रस्तुत की गई। जिसमें दुर्गा की नौ रूप शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कुष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायनी ,कालरात्रि, महागौरी और सिद्धिदात्री में बनी नवम और दशम कक्षा की बहने निमिया के गाछी मैया झूलनी झुलनवा भक्ति गीत पर अपने अभिनय को प्रस्तुत किया।जिसे देखकर विद्यालय के सभी भैया बहन खुशी से तालियां बजाने लगे। इस भक्तिमय वातावरण में विद्यालय प्रबंध कारिणी समिति के अध्यक्ष अनिल कुमार ठाकुर व जिला कारवाह धर्मेंद्र जयसवाल मौजूद रहे। अपने कथन के द्वारा ठाकुर जी ने बताया कि नवदुर्गा के रूप में माता को क्यों आना पड़ा? महिषासुर का मर्दन कैसे हुआ? माता शक्ति स्वरूपा कैसे हैं? इन सभी को विस्तार से बताया गया, इन सभी माताओं की पूजा कैसे करनी चाहिए और इसके फल स्वरुप सुख शांति व वैभव की प्राप्ति हमें कैसे मिलती है बताया गया, इसके पश्चात नवदुर्गा की आरती की गई विद्यालय के प्रधानाचार्य अरुण कुमार चौधरी ने इस झांकी को देखने के पश्चात बताया कि ऐसा लग रहा है मानो हम सभी देवलोक में हैं और साक्षात सभी देवियों का दर्शन कर रहे हैं हमारी भारतीय सभ्यता संस्कृति ऐसी हैं जिस पर हम सभी को गर्व है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के आचार्य और दीदीजी को गरिमामई उपस्थिति रही लालबहादुर राम, शशिकांत पांडे, विजय पाठक, ओंकार नाथ सहाय, राधे श्याम मिश्र, ममता देवी, सुरेश ठाकुर, नीलम अंबशटा, रेणु गुप्ता, गीता कुमारी, गोपाल प्रसाद, रितेश रंजन गुप्ता, धर्मप्रकाश प्रसाद, पूनम गुप्ता, आलोक कुमार पांडेय, फूलचंद सिंह, कपिल देव प्रमाणिक, रविकांत पाठक, राकेश कुमार सिन्हा, रविन्द्र कुमार पांडेय, दीपक कुमार शर्मा, विकास कुमार गुप्ता, रजनी नाग, श्वेता श्रीवास्तव, यादव, अनुजा कुमारी, उपासना कुमारी, शिल्पा पाठक, आकाश कुमार सेन, मधु जी, खुशबू तिवारी।

## जिले के तकनीकी विभाग व नगर परिषद अंतर्गत संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर हुई समीक्षा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में जिला स्तरीय तकनीकी समिति की समीक्षात्मक बैठक गोपनीय कार्यालय कक्ष में की गई। उन्होने तकनीकी विभागों द्वारा प्राप्त प्रतिवेदन की समीक्षा करते हुए अपूर्ण योजनाओं को जल्द से जल्द पूर्ण कराने का निर्देश दिया। बैठक में मुख्य रूप से सभी तकनीकी विभाग अन्तर्गत संचालित योजनाओं की अबतक की स्थिति एवं लंबित कार्य, पूर्ण कार्य को लेकर पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, नगर परिषद, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल समेत अन्य तकनीकी विभागों का बारी बारी से समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होने तकनीकी विभागों द्वारा प्रतिवेदनों की समीक्षा करते हुए अपूर्ण योजनाओं को जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही कहा कि योजनाओं को पूर्ण करने में संवेदकों के द्वारा लापरवाही बरती जा रही है तो वैसे संवेदकों को चिन्हित करते हुए नियमानुसार कार्रवाई करें। वहीं उन्होने कहा कि भेड़ी फार्म में सुरक्षा के दृष्टिकोरण से सीसीटीवी का अधिष्ठापन समेत अन्य मुलभूत सुविधाएं बहाल करें जिससे पर्यटकों को किसी भी प्रकार समस्याओं का सामना न करना पड़ें। साथ ही जिले के प्रस्तावित पर्यटक स्थलों पर कंक्रीट बेंच डेस्क का निर्माण कराने का निर्देश दिया गया।मौके पर चतरा नगर परिषद के कार्यो की मसीक्षा किया गया।

## डिजिटल बोर्ड से चाणक्य क्लासेस द्वारा मिलेगी आधुनिक शिक्षा



**बरवाडीह (प्रभात मंत्र संवाददाता):** बरवाडीह में चाणक्य क्लासेस कोचिंग संस्थान के द्वारा शिक्षार्थियों के लिए डिजिटल बोर्ड की व्यवस्था किया गया है। इस मौके पर गुरुवार को मुख्य अतिथि 10+2 से सेवा निवृत प्रधानाध्यापक कामेश्वर राम ने बोर्ड पे वेलकम लिखकर व फिता काटकर उद्घाटन किया। कार्यक्रम में अभाविप के प्रदेश कार्यकारणी सदस्य सह पूर्णकालिक सदस्य अतुल कुमार सिंह, सागर कुमार वर्मा, रंजीत राम की मौजूदगी रही। जहां मुख्य अतिथि द्वारा चाणक्य क्लासेस के संचालक देव प्रकाश यादव व शिक्षक आशीष विश्वकर्मा को बधाई देते हुए कहा कि कोचिंग में अध्ययनरत्त छात्रों को शिक्षा लेने में काफी सहुलियत मिलेगी। वहीं अध्ययनरत छात्रों में उत्साह देखा गया।

## दुर्गा पूजा को लेकर पुलिस अलर्ट

**महुआडांड़ (लातेहार) (प्रभात मंत्र संवाददाता):** महुआडांड़ प्रखंड मुख्यालय में दुर्गा पूजा के दौरान विधि व्यवस्था पूरी तरह कायम रखने को लेकर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी राजेश कुजूर के नेतृत्व में पुलिस प्रशासन के द्वारा फ्लैग मार्च निकाला गया। फ्लैग मार्च महुआडाड़ थाना परिसर से प्रारंभ होकर शास्त्री चौक से मुख्य बाजार मार्ग होते हुए बिरसा चौक, रामपुर चौक होते हुए पुनः थाना परिसर पहुंची। इस दौरान पुलिस प्रशासन के द्वारा लोगों से शांतिपूर्ण वातावरण में त्यौहार मनाने की अपील की गई। मौके पर सर्किल इंस्पेक्टर धर्मदेव पासवान, थाना प्रभारी इंचार्ज संजय रतन, अंचलाधिकारी संतोष कुमार बैठा, अंचल निरीक्षक गौतम कुमार एवं सशस्त्र पुलिस बल के जवान मौजूद थे।

# पत्थलगड़ा बीआरसी भवन में लगाया गया दिव्यांग जांच शिविर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पत्थलगड़ा :** प्रखंड क्षेत्र BRC भवन में झारखंड शिक्षा परियोजना के तत्वधान में लगाया गया जांच एवं उपकरण वितरण शिविर, जिसमे 6-18 वर्ष के दिव्यांग बच्चे जैसे सेरेब्रल पाल्सी, शरीरिक दिव्यांग, मूक बधिर दिव्यांग, व नेत्रहीन दिव्यांग बच्चों का जाँच शिविर का आयोजन किया गया। पत्थलगड़ा क्षेत्र के विद्यालय से शिक्षक अपने अपने दिव्यांग बच्चो को चयनित कर शिविर लाए और दिव्यांग बच्चो की जांच करवाए जांच, रु ढ्ढ रू ष्ट ह्व के चिकित्सक डाक्टर धंजय महाराणा द्वारा किया गया जाँच के बाद आवश्यकता अनुसार व्हीलचेयर, ट्राईसाईकल, सी पी चेयर, बैशाखी, कान की मशीन, ब्लाइंड स्टीक आदि निःशुल्क प्रदान हेतु चयनित कर उसे विभाग द्वारा उपकरण प्रदान किए जाएंगे। शिविर में कुल 65 बच्चो का रजिस्ट्रेशन किया गया जिसमे 20 ऐसे बच्चे पाए गए जो पूर्ण रूप से दिव्यांग है इस सूची में 20 बच्चे को ही चयन कर विभाग को भेजा गया भुनेश्वर सिंह ने कहा कि बहुत जल्द अगले सत्र में सभी दिव्यांग बच्चो को उपकरण विभाग द्वारा वितरण किए जाएंगे।इस टीम में एलिंको टीम से भुनेश्वर सिंह, बीपीओ नीरज कुमार सिंह, अकाउंटेड मोहन साव, डाक्टर धंजय कुमार उपस्थिति में हूवा।

# बाल विवाह मुक्त हो अभियान को लेकर द्वारी पंचायत में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड के अंतर्गत द्वारी पंचायत में संचालित उत्क्रमित उच्च विद्यालय में मुखिया जगदीश यादव के अध्यक्षता में बच्चों को बाल विवाह मुक्त हो को लेकर शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया।बाल विवाह मुक्त हो को लेकर वृशपतवार को विद्यालय के बच्चों के साथ-साथ जनप्रतिनिधि भी इस समारोह में सम्मिलित हुए। मुख्य अतिथि में जिला परिषद सदस्य अनीता देवी प्रबंधन समिति के अध्यक्ष शंभू कुमार राणा के साथ प्रधानाध्यापक अजय कुमार सिन्हा और पंचायत के वार्ड सदस्य उपस्थित थे। जहां सभी ने शपथ लिया कि बाल विवाह गांव से लेकर पंचायत प्रखंड से पुरे देश में मुक्त करना है। ताकि समाज में बाल विवाह से बचा जा सके।गांव में शिक्षित हो सके। साथ ही साथ बच्चों को गित के माध्यम से भी समझाया गया। कई नारे लगाए गए।हम सब का हो यह सपना बाल विवाह मुक्त हो भारत अपना ,देश को बचाना है तो पहले पढ़ाई करो फिर विदाई करो,बाल विवाह एक अभियान है बच्चों को कैद करना बंद करो, बाल विवाह से मुक्त करो हम सब का हो यह सपना बाल विवाह मुक्त भारत बने अपना ज्ञान का दीपक जलाना है बाल विवाह मिटाना है जन-जन का नारा है बाल विवाह बंद कराना है। शपथ समारोह आयोजन में विद्यालय के सैकड़ो बच्चे बच्चीयां उपस्थित थीं।

## श्रवण कुमार बने परियोजना प्लस टू उच्च विद्यालय के प्रधानाध्यपक



**बारियातू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड मुख्यालय स्थित परियोजना पल्स टू उच्च विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक श्रवण कुमार मिश्र बने प्रधानाध्यपक। तत्कालीन प्रधानाध्यापिका गीता कुमारी ने अपना प्रभार विद्यालय के शिक्षक श्रवण मिश्रा को सौंपा। वहीं पदभार ग्रहण करने के पश्चात श्रवण मिश्रा ने कहा कि जिस अपेक्षा के साथ विभाग हमें दायित्व दिया है मैं उसे इमानदारी पूर्वक निर्वहन करने का प्रयास करुंगा। विद्यालय के सभी शिक्षकों के साथ आपसी समन्वय बनाकर विद्यालय कार्य का निष्पादन करुंगा। मौके पर विद्यालय के शिक्षक रुपेश कुमार, उमेश सिंह, विश्वरूप सिंघा, अलका कुमारी, मौमिता विश्वास, किशोर पासवान उपस्थित थे।

## शिक्षिका का विदाई, सह सम्मान समारोह का हुआ आयोजन



**लातेहार (प्रभात मंत्र संवाददाता):** गुरुवार को सरस्वती शिशु विद्या मंदिर लातेहार, स्टेशन में श्यामली रॉय को इनकी सेवा- निवृत के निमित विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में विद्यालय के सचिव विवेक कुमार गुप्ता उपस्थित थे।सचिव एवं विद्यालय के प्रधानाचार्य राजबल्लम शर्मा के निर्देशन में सभी आचार्यों एवं दीदी जी ने भी श्यामली रॉय को ससम्मान अंगवस्त्र, ट्रॉलीस आदि के साथ सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विधालय के आचार्य एवं दीदीजी उपस्थित थे।

## मुसहर परिवार ने बीडीओ को सौंपा आवेदन आधार कार्ड बनवाने की मांग



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** प्रखंड क्षेत्रअंतर्गत डाढ़ा पंचायत के मुख्य मार्ग बरनी पेट्रोल पम्प स्थित निवास करने वाले मुशहर परिवार ने गुरुवार को आवेदन सौंपकर आधार कार्ड बनवाने का आग्रह किया है. आवेदन के माध्यम से उन्होंने बताया है की हमलोग तीस से भी अधिक मुशहर परिवार लगभग 25 वर्षो से कुम्बा मे जीवन बीता रहे हैं. आधार कार्ड नहीं बनने के कारण राशन कार्ड, बैंक खाता सहित किसी तरह का कोई सरकारी लाभ प्राप्त नहीं हो रहा है। वहीं विहिप प्रखंड अध्यक्ष सह समाज सेवी झूलन प्रसाद भगत ने मुशहर परिवार के समस्या से रूबरू कराते हुए समस्या समाधान के लिए निवेदन किया. इसपर बीडीओ कुमारी ने कहा की वर्तमान मे आधार कार्ड बनाने के लिए विभाग से कार्य नहीं हो रहा है परन्तु जिला से बात कर हर सम्भव प्रयास किया जायेगा. आपको बताते चलें की समाज सेवी झूलन भगत बिते एक वर्ष से मुसहर परिवार की समस्या समाधान हेते प्रशासन को दिमाग् केंद्रित करने के लिए प्रयास मे लगे हुए हैं।

## दिव्यांग सुदर्शन ने भरी हौसलों की उड़ान एसएससी की परीक्षा में लाया अच्छा रैंक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टंडवा :** अगर जोश, जज्बा और जुनून हो तो दिव्यांगता व गरीबी अभिशाप नहीं बना सकती है। इसे पुनः साबित कर दिखाया टंडवा प्रखंड अन्तर्गत ग्राम सिसई निवासी सुदर्शन पांडेय ने, जिन्होंने अपनी लगन, मेहनत और लक्ष्य पाने की जुनून से एसएससी की परीक्षा पास कर अच्छा रैंक लाया है। सुदर्शन ने देश स्तर पर 1264 वा रैंक प्राप्त किया। सुदर्शन की सफलता हरेक युवावों के लिए प्रेरणादाई है। बचपन में ही चौदह वर्ष की आयु में पिता के गुजर जाने के बाद सुदर्शन के साथ सबसे बड़ी ट्रेजडी तब हुई जब कोरोना काल मे उनकी माता का निधन हो गया। सामान्य परिवार से होने के कारण सुदर्शन के जीवन में गरीबी का साया विचलित करने लगा। तभी मानवता की मिशाल के पर्याय बने टंडवा सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल पांडेय ने इनके मदद के लिए आगे आए और हर संभव मदद करते हुए हौंसला अफजाई किया। साथ ही इसके लिए सांसद सुनील कुमार सिंह एवम विधायक किशुन कुमार दास के संज्ञान में भी दिया, जहां से सांसद व विधायक के द्वारा सुदर्शन का उत्साहवर्धन किया गया। आज सफल हुए सुदर्शन कहते हैं कि दिव्यांगता के अलावे माता पिता के गुजरने के बाद गरीबी का बोझ जब पड़ा तो विचलित हो गया परन्तु सांसद प्रतिनिधि ईश्वर दयाल भैया और प्रवेश भैया ने मेरे उपर अभाव का प्रभाव नहीं पड़ने दिया। सुदर्शन गांव के ही उच्च विद्यालय सिसई से दशवीं बोर्ड परीक्षा 2014 में पास की, फिर आगे इंटर की पढाई वनांचल कॉलेज टंडवा (चतरा) से पूरा किया। बहरहाल सुदर्शन का एक भाई नेत्रहीन है वह भी पिछले वर्ष ही एसएससी में सफलता प्राप्त की थी, साथ में तैयारी कर रहे सुदर्शन ने इस बार सफलता हासिल कर यह मिशाल पेश किया कि दिव्यांगता को अभिशाप मानने वाले, शारीरिक कमजोरी को जो अभिशाप मानकर हार कर बैठ जाते हैं।

## पूजा पंडालों का एसडीपीओ सहित अन्य पुलिस अधिकारियों ने किया निरीक्षण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** जिला मुख्यालय स्थित सभी पूजा पंडालों का एसडीपीओ अविनाश कुमार के साथ साथ पुलिस के अन्य अधिकारियों की टीम ने निरीक्षण किया। पूजा पंडालों को लेकर राज्य सरकार द्वारा दिए गए निर्देशों को सख्ती से पालन करने का निर्देश पूजा कमेटी को दिया गया है ।जिसमें महिलाओं एवं पुरुषों के आने जाने का रास्ता, बिजली की समुचित एवं सुरक्षित व्यवस्था, पूजा पंडालों में सीसीटीवी आदि की व्यवस्था करने का निर्देश पूजा कमेटी को दिया गया है। गौरतलब है कि जिला मुख्यालय में शहर के विभिन्न चौक चौराहा पर कई भव्य दुर्गा पंडाल बनाए गए हैं।सभी पूजा पंडालों की सुरक्षा को लेकर विशेष दिशा निर्देश पूजा कमेटी को दिया गया है। एसडीपीओ अविनाश कुमार ने बताया कि दुर्गा पूजा पंडाल में पुलिस के पैनी नजर रहेगी ताकि कोई और सामाजिक तत्व गड़बड़ी या महिलाओं के साथ बदतमीजी करने की की कोशिश करने पर पुलिस द्वारा पर तुरंत नकेल कसा जायेगा। शहर के जतराहीबाग, नगमा, मैन रोड, पेट्रोल पंप, सुराही मोहल्ला, बंगाली टोला, काली मंदिर ,फॉरेस्ट कॉलोनी सहित कई अन्य स्थानों पर भव्य पूजा पंडाल बनाए गए हैं। पूजा पंडालून में साफ सफाई की भी विशेष व्यवस्था करने का निर्देश दिया गया है इस मौके पर एसडीपीओ अविनाश कुमार के साथ-साथ सदर थाना पुलिस भी मौजूद रहे।

## बिरसा फसल विस्तार योजना के तहत इचाक में सरसों कीट का किया वितरण



**गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के अंतर्गत मंझगांवा पंचायत के इचाक गांव में बृहस्पतिवार को प्रमुख अनीता यादव के नेतृत्व में बिरसा फसल विस्तार योजना के जेएसएलपीएस से जुड़े 30 महिलाओं के बीच सरसों किट बीज का वितरण किया गया। यह कार्य बिटीएम अर्मेंद्र पांडेय एटीएम दीनदयाल कुमार के द्वारा बांटा गया है। मौके पर जेएसएलपीएस के आईपीआरपी अजय कुमार के साथ दर्जनों महिलाएं उपस्थित थी।

# विधायक रामचंद्र सिंह ने दुबियाखाड़ स्थित तोरणद्वार का किया शिलान्यास



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बेतला :** मनिका विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामचंद्र सिंह ने गुरुवार को डाल्टनगंज - मेदनीनगर मुख्य पथ में स्थित दुबियाखाड़ चौंक पर तोरणद्वार का शिलान्यास विधिवत पुजा अर्चना नारियल फोड़ कर शिलापट्ट अनावरण कर किया । इस दौरान विधायक रामचंद्र सिंह को कार्यक्रम स्थल पहुंचने पर कार्यकत्ताओं ने फुल माला व बुके भेंट कर भव्य स्वागत किया वहीं उन्होंने राजा मेदनी राय के स्थापित प्रतिमा पर माल्यार्पण करने का भी काम किया। मौके पर विधायक श्री सिंह ने कहां कि इस तोरणद्वार बहुत पुरानी है जो कुछ दिनों पूर्व तेज आंधी और बारिश में काफी जर्जर हो जाने के कारण टुट कर गिर गया था जो की अब नया रूप देने में कोई कसर नहीं छोडा जायेगा यहां के इस तोरणद्वार को बन जाने से इस मोड़ की खुबसुरती और बढ जायेगी यहां के भव्य रूप दिया जाएगा, बहुत दिनों से स्थानीय लोगों की मांग और हमने इस कार्य के लिए बहुत दिनों से काम कराने की उम्मीद थी जो आज धरातल पर दिख रहा है। मौके पर विधायक प्रतिनिधि प्रेम कुमार सिंह उर्फ पिंटू, सदर जिला परिषद प्रतिनिधि अर्जुन सिंह, पंसस अजीत सिंह, हृदया सिंह, सेवा निवृत्त शिक्षक भरदुल सिंह, इंजीनियरिंग मिरुंजय सिंह, अखिलेश यादव, विकास चन्द्र सिंह समेत काफी संख्या में स्थानीय लोग और विधायक समर्थक कांग्रेसी नेता कार्यकर्ता मौजूद थे।

# दूसरे की पीड़ा को अपना समझकर दूर करने का प्रयास ही सबसे बड़ा मानव धर्म है : अनन्या



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**चतरा :** दूसरों की पीड़ा को अपना समझ कर उसे कम करने का प्रयास करें। यही सबसे बड़ा मानव धर्म है।प्रतापपुर प्रखंड मुख्यालय स्थित राजकीय कृत मध्य विद्यालय परिसर में चल रहे श्रीमद् भागवत ज्ञान कथा यज्ञ में सिवनी मालवा मध्य प्रदेश से पधारी कथा व्यास सुश्री अनन्या शर्मा ने उद्गार व्यक्त करते हुए उक्त बातें कही। उन्होंने कहा कि जब नारद जी से युधिष्ठिर नें प्रश्न पूछा कि दुनिया का सबसे बड़ा धर्म कौन सा है, तब नारद जी ने कहा कि दुनियां का सबसे बड़ा धर्म किसी को पीड़ा नहीं पहुंचाना है। हमेशा दूसरों की पीड़ा को कम करने का प्रयास करना चाहिए। यही बात रामचरित्र मानस में तुलसीदास जी ने भी कही है। परहित सरस धर्म नहीं भाई। पर पीड़ा सम नहीं अधमई। उसके पश्चात नारद जी ने युधिष्ठिर को स्त्री और पुरुष के धर्म के विषय में विस्तार से बताया। तत्पश्चात वामन अवतार की कथा सुनाते हुए कथा व्यास ने कहा कि राजा बली एक बहुत बड़े दानवीर थे। उनसे जो भी मांगा जाता था वह दान कर देते थे। परंतु उनके अंदर यह अहंकार था कि मुझसे बड़ा दानी कोई हो ही नहीं सकता है। तब भगवान ने वामन अवतार धारण कर तीन पग में संपूर्ण ब्रह्मांड पाताल और धरती को नाप कर राजा बाली का घमंड चूर किया। इसलिए कहा जाता है कि अहंकार जब अपने चरम पर होता है तो हमें यह समझ लेना चाहिए कि हम रसातल की ओर जा रहे हैं। प्रवचन के दौरान भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव मनाया गया। पूरा कथा पंडाल आनंद में डूब गया। कथा के दौरान बामन अवतार एवं कृष्ण जन्म की आकर्षक व मनमोहक झांकी भी प्रस्तुत की गई।

## मुखिया सरिता देवी ने मझगांवा पंचायत में क्रिकेट मैच का किया उद्घाटन



**गिद्धौर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड के अंतर्गत मंझगांवा पंचायत के पिंडारकोण गांव में पंचायत स्तरीय क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया है। जिसका उद्घाटन बृहस्पतिवार को (M.P.L) मंझगावां प्रिमियर लीग का मुखिया सरिता देवी ने फीता काट कर उद्घाटन किया है।जिसके आयोजक समाज सेवी बसंत नारायण सिंह हैं। जिसमें शुरुआती टीम गणेश सिंह एवं प्रवेज़ आलम के बीच हुई। जिस में प्रवेज़ आलम की टीम ने गणेश सिंह की टीम को 13 रनों से मात दिया। इस मैच में अभिषेक सोनी 5 विकेट के साथ 6 रन बना कर मेन औफ द मैच का खिताब ले गए। वहीं दूसरी स्पर्धा प्रभात दुबे की टीम और गणेश सिंह की टीम के बीच हुई। जिसमें गणेश सिंह की टीम ने 66 रनों से जीत हासिल किए।इस मैच में गणेश सिंह 4 विकेट और 8 रनों के साथ मेन औफ द मैच का खिताब जीता है। उद्घाटन समारोह में पंचायत समिति सह उप प्रमुख प्रीतम यादव,उप मुखिया गणेश सिंह झारखण्ड प्रदेश इंटक उपाध्यक्ष सुधिर कुमार दुबे निरंजन दुबे ,ब्रजेश कुमार सिन्हा के साथ साथ कई वार्ड सदस्य भी मौजूद रहें हैं। इस आयोजन में सभी खिलाड़ियों को मुखिया सरिता देवी के द्वारा जर्सी का वितरण किया गया। समाज सेवी बसंत नारायण सिंह ने कहा कि खेल का हमरे जीवन में बड़ा हीं महत्वपूर्ण स्थान है। खेल हमें सदाचार अनुशासन और भाईचारगी के साथ खेलनी चाहिए।

## संक्षिप्त खबरें

### चुरचू प्रखंड कमेटी का गठन होने के बाद मुजफरुल अंसारी को मिल रही ढेर सारी बधाई

**चरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** चुरचू प्रखंड में झामुमो का प्रखंड कमिटि बनने के बाद नवनिर्वाचित कोषाध्यक्ष मुजफरुल अंसारी को लगातार समाजसेवी और झामुमो नेता सब उनको लगातार बधाई दे रहे हैं साथ में उनका राजनीतिक पार्टी में आगे बढ़ाने के लिए भी कामना कर रहे हैं साथ में उनको पार्टी में काम करने को लेकर भी प्रोत्साहित कर रहे हैं ताकि पार्टी का काम अच्छा से कर सके। वही बधाई और सुभकामना में मुख्य रूप से संजीव बेदिया मुख्य संयोजक मंडली सदस्य, नीलकंठ महतो संयोजक मंडली सदस्य , बालकुमार महतो 20 सूत्री अध्यक्ष, कुर्बान अंसारी वरिष्ट नेता झामुमो, लखीराम मांजी 20 सूत्री उपाध्यक्ष, पूर्व मुखिया दशरथ महतो, हाफिज इफ्तेखार अंसारी ,महालाल हांसदा ,गोविंद भोगता,महादेव विश्वकर्मा,प्रवीण कुमार,शिवानंद तिवारी, मिन्हाज अंसारी,मो0 जलील ,मो. गुलाम रसूल, भिखन महतो, एकरामूल हक,ऐनुल अंसारी,गुड्डु महतो, दिलेस्वर महतो , जासो देवी, सहदेव किस्कु सहित काई प्रखंडवासीयो ने बधाई दिये।

### विधायक उमाशंकर अकेला ने भारत शू हाउस का किया उद्घाटन

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गुरुवार को बरही के गया रोड स्थित भारत शू हाउस का विधिवत उद्घाटन किया गया। उद्घाटन कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बरही विधायक उमाशंकर अकेला सह सभापति निवेदन समिति के अध्यक्ष शामिल हुए। उन्होंने फीता काटकर भारत शू हाउस का उद्घाटन किया। इस अवसर पर विधायक अकेला ने कहा कि बरही में इस तरह के कॉम्प्लेक्स एव दुकान का खुल जाने से आम जनमानस को काफी सुविधा मिलेगी। साथ ही साथ बरही के व्यावसायिक क्षेत्र में प्रगति के नए अवसर को बढ़ावा मिलने के आसार हैं। वहीं दुकान संचालक ने कहा कि भारत शू हाउस मैं सभी सामान उचित मूल पर मिलेगी,एवं अच्छी क्वालिटी की समान यहां मिल पाएगी।जिससे आसपास के लोगों को सहूलियत होगी। मौके पर बरही कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मन्नान वारसी,विधायक प्रतिनिधि स्वास्थ्य विभाग रिजवान अली,प्रखंड प्रतिनिधि मोहम्मद वारिस,वन एवं पर्यावरण प्रतिनिधि तौकीर रजा, बेंदगी पंचायत के मुखिया सिकंदर राणा,उमेश श्रीवास्तव,सुनील कुमार सिंह,लक्ष्मी देवी,सुनीता देवी,सुनील श्रीवास्तव, नसीम अंसारी,मोहम्मद आफताब, मोहम्मद शफीक अंसारी, सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### उपायुक्त व पुलिस अधीक्षक ने पुलिस लाइन में की ब्रीफिंग

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** उपायुक्त नैंसी सहाय व पुलिस अधीक्षक मनोज रतन चोथे ने सोमवार को पुलिस लाइन परिसर में दुर्गापूजा 2023 के अवसर पर संपूर्ण पर्व के दौरान विशेष सतर्कता एवं निगरानी बरतने व विधि व्यवस्था संधारित कर शांतिपूर्ण माहौल में पर्व संपन्न कराने के लिए हजारीबाग क्षेत्र में प्रतिनियुक्त दंडाधिकारीयों को संबोधित किया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी व पुलिस आपस में बेहतर तालमेल रखें ताकि हर परिस्थिति में कार्रवाई करने में मददगार हो। उन्होंने कहा सभी दंडाधिकारी पॉजिटिव माइंडसेट और एटीट्यूड के साथ निर्धारित स्थल पर मौजूद रहे। किसी भी तरह की सूचना वरीय अधिकारियों व कंट्रोल रूम को दें।पुलिस अधीक्षक ने प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी को दुर्गापूजा त्योहार के अवसर पर विधि व्यवस्था की संवेदनशीलता को देखते हुए संवेदनशील स्थानों पर शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण वातावरण में पूजा संपन्न कराने का निर्देश दिया। उपस्थित सभी दंडाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि दुर्गापूजा त्योहार के दौरान जिला प्रशासन के द्वारा जारी किए गए दिशा निर्देशों का पालन करवाना आवश्यक है,कहीं भी विधि व्यवस्था की कोई भी सूचना पर त्वरित एक्शन लेते हुए ऑन द स्पॉट कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पर्व के दौरान निर्धारित किए गए हैं रूट पर प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी आईडी कार्ड और रंगीन जैकेट के साथ मौजूद रहेंगे। उन्होंने कहा कि आपसी सूचनाओं के आदान-प्रदान के लिए सभी दंडाधिकारी व पुलिस पदाधिकारी वायरलेस फोन से युक्त होंगे। पर्व वाले मार्गो की सूक्ष्म निगरानी के लिए सीसीटीवी व ड्रोन कैमरो से निगरानी रखी जाएगी। वही उपायुक्त ने भी मौके पर मौजूद सभी दंडाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि सजग व मुस्तैद रहते हुए पूजा संपन्न करना है। किसी भी प्रकार की लापरवाही टॉलरेट नहीं की जायेगी। किसी प्रकार की सूचना तत्काल अपने वरीय पदाधिकारी को दे। चिन्हित जगह जहां भीड़ इकट्ठा होती है वहां अतिरिक्त सतर्कता बरतने की आवश्यकता है। धैर्य,संवेदनशीलता के साथ हर परिस्थिति में विवेकपूर्ण तरीके से जुलूस संपन्न कराएं,आप की मुस्तैदी,सतर्कता, तत्परता पर ही शांतिपूर्ण पर्व की सफलता निर्भर करेगी। उन्होंने विनम्र रहते हुए अपने कार्यो को संपादित करने की बात कही। पुलिस अधीक्षक ने पुलिस हेल्पलाइन/कंट्रोल रूम का नंबर साझा किया। सीसीआर नंबर 8002529348,8002529349. पुलिस कंट्रोल नंबर 06546-264159 उक्त नम्बर पर किसी भी प्रकार की सूचना दी जा सकती है। चिकित्सीय आवश्यकता के लिए सदर अस्पताल और आरोग्यंम अस्पताल को चिकित्सा सेवा के लिए चिन्हित किया है। मौके पर उपायुक्त नैंसी सहाय, पुलिस अधीक्षक मनोज रतन चोथे, उप विकास आयुक्त प्रेरणा दीक्षित,प्रशिक्षु आईएएस सुलोचना मीणा, अनुमंडल पदाधिकारी विद्या भूषण कुमार, डीएसपी महेश प्रजापति, डीएसपी राजीव कुमार व सभी जिला स्तरीय दंडाधिकारी उपस्थित रहे।

### बीएड कॉलेज में स्वीप के तहत् मतदाता जागरूकता साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन

**हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** अंतर्गत स्वामी धर्मबंधु शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, मुकुंदगंज,डेमोटांड में स्वीप कार्यक्रम के तहत एक दिवसीय मतदाता जागरूकता सह साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रशिक्षु आईएएस सुलोचना मीणा, जिला जनसंपर्क पदाधकारी पंचानन उराँव, एपीआरओ परिमल कुमार, जिला निर्वाचन कार्यालय में कार्यरत हेल्प डेस्क मैनेजर मनीष मनोरंजन सोरेन, चंचल कुमार, राजेश पंडित, सूरज कुमार, कॉलेज के आईक्यूएसी कोडिनेटर डा मुंशीलाल यादव, सहायक प्राध्यापक सहित नोडल शिक्षक धनञ्जय कुमार, संयोजक मनोज कुमार, कैंपस एम्बेसडर संदीप कुमार यादव एवं शशिकांत प्रमुख रूप से मौजुद थे। कॉलेज सभागार में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे लगभग सौ प्रशिक्षु की उपस्थिति में ईएलसी किट के माध्यम से खेल-खेल में प्रशिक्षु को मतदाता सूची में नाम जोड़ने, नाम विलोपन, मतदाता सूची में किसी भी प्रकार के त्रुटी सुधार, आधार लिंक करने हेतु विभिन्न प्रपत्रों एवं वोटर हेल्प लाइन ऐप/वोटर सर्विस पोर्टल के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गयी। इस दौरान क्विज प्रतियोगता के माध्यम से चुनावी प्रक्रिया से सम्बन्धित प्रश्न विद्यार्थियों से किया गया। क्विज में प्रशिक्षुओं ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। डीपीआरओ पंचानन उरांव ने उपस्थित छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि स्वीप कार्यक्रम के तहत् मतदाताओं को शिक्षित और जागरूक करने के लिए एक प्रयास है। स्वीप के अंर्तगत विभिन्न कार्यो और गतिविधियों के माध्यम से लोगों को वोटिंग की महत्वपूर्णता समझाने, मतदान करने के तरीके को समझाने और उन्हें चुनावी प्रक्रिया में भागीदार बनाने का प्रयास किया जाता है। स्वीप कार्यक्रम चुनावी जागरूकता को बढ़ावा देने, विकल्पक मतदान करने के लिए मतदाताओं को प्रोत्साहित करने और वोटिंग प्रक्रिया को सुविधाजनक बनाने में मदद करता है। इस दौरान सहायक समाहर्ता सुलोचना मीणा ने सभी सफल प्रतिभागियों को स्वीप टीम के द्वारा उपहार सम्मानस्वरूप दिया ।उन्होंने आगामी चुनावी प्रक्रिया में भागीदारी करने हेतु कॉलेज के विद्यार्थियों को मतदाता शपथ दिलाया ।

## एशियन महिला हॉकी चैम्पियनशिप के मूल ट्रॉफी का किया गया अनावरण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** महिला हॉकी एशिया चैंपियनशिप 2023 ट्रॉफी का न्यू स्टेडियम संत कोलम्बा कॉलेज में उपायुक्त नैंसी सहाय, पुलिस अधीक्षक मनोज रतन चोथे, अनुमंडल पदाधिकारी सदर ,उप विकास आयुक्त ,आईएएस प्रोबेशनर सुलोचना मीणा द्वारा संयुक्त रूप से अनावरण किया गया। एशियन हॉकी महिला प्रतियोगिता का आयोजन पहली बार झारखंड राज्य में दिनांक 27 अक्टूबर 2023 से 5 नवंबर 2023 तक रांची में किया जा रहा है ।इस ट्रॉफी का अनावरण हजारीबाग के न्यू स्टेडियम में आज एक भव्य कार्यक्रम के अंतर्गत किया गया। इसमें मुख्य अतिथि हजारीबाग की उपायुक्त नैंसी सहाय विशिष्ट अतिथि पुलिस अधीक्षक हजारीबाग चोथे मनोज रतन उप विकास आयुक्त प्रेरणा दीक्षित प्रशिक्षु आईएएस सुलोचना मीणा सदर एसडीओ विद्या भूषण कुमार, जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी पंचानन उरांव मौजुद रहे।सभी 24 जिलों में यह कार्यक्रम राज्य सरकार से प्रस्तावित है इसी कड़ी में आज हजारीबाग में कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि ने कहा कि यह ट्रॉफी हमारे देश की लड़कियां जीतेंगी यह पूर्ण भरोसा है और यह भारत के लिए गौरव का दिन होगा। इस एशिया वुमन चैंपियनशिप की मेजबानी का अवसर झारखंड राज्य को मिला यह बहुत ही स्वर्णिम अवसर है ।

## उपायुक्त ने किया ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**हजारीबाग :** मनरेगा के तहत संचालित योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), जेएसएलपीएस, पंचायती राज एवं रुर्बन मिशन आदि की समीक्षा की गई। ग्रामीण विकास विभाग की समीक्षा बैठक उपायुक्त नैंसी सहाय की अध्यक्षता में हुई। इस दौरान उप विकास आयुक्त प्रेरणा दीक्षित भी मौजूद रहीं। बैठक में मनरेगा के तहत संचालित योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण), जेएसपीएस,पंचायती राज एवं रुर्बन मिशन आदि की समीक्षा की गई। मनरेगा योजना की समीक्षा के क्रम पोटो हो खेल योजना के लिए प्रखंड स्तर पर खेल मैदान के लिए जमीन उपलब्ध कराने के कार्य में गति लाने का निर्देश उपायुक्त ने उपस्थित सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को दिया।साथ ही मानव दिवस सृजन में वृद्धि लाने, बिरसा कूप संवर्धन के लक्ष्य को पूरा करने ,योजना पूर्णता में वृद्धि लाने, मनरेगा मजदूरों को प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना से जोड़ने का निर्देश दिया गया।इस दौरान उन्होंने कहा कि, योजना को लेकर अन्य जिलों में कार्य हो रहे है लेकिन हजारीबाग जिला में इस क्षेत्र में कमतर काम होना प्रखंड स्तर पर कम इच्छाशक्ति को दर्शाता है। उपायुक्त ने राज्यस्तर से संचालित योजनाओं पर गंभीरता पूर्वक ध्यान देते हुए कार्यों में गति लाने का निर्देश दिया।

## खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने शहरी क्षेत्र में चलाया जांच अभियान

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** मिठाई व अन्य खाद्य प्रतिष्ठानों में खाद्य पदार्थो की गुणवत्ता की जांच को लेकर उपायुक्त नैंसी सहाय और अभिहित अधिकारी-सह-अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी के निर्देशन मे खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी, हज़ारीबाग प्रकाश चंद्र गुग्गी ने मिठाइयों की गुणवत्ता की जांच के लिए कई प्रतिष्ठानों में औचक निरीक्षण कर खाद्य पदार्थो का सैंपल एकत्रित किया। इस क्रम में उन्होंने आज मैसर्स शारदा स्वीट्स एंड बेकरी से रसगुल्ला और सदानंद मिष्ठान भंडार से जांच हेतु खोआ का सैंपल लिया। खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने बताया कि त्यौहार के दौरान में खाद्य पदार्थो में मिलावट की शिकायत बढ़ जाती है इसलिए नियमित रूप से इस प्रकार के जांच अभियान चलाए जाते है ।

## चेडरा चलंगा में नशा मुक्ति जागरूकता रैली निकाली गई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत चेडरा पंचायत के चलंगा में झारखंड सरकार के निर्देशनुसार आंगनबाड़ी केंद्र के समीप से सहिया एवं ग्रामीण महिलाओं की उपस्थिति में मुखिया निर्मल कुमार के नेतृत्व में नशा मुक्ति रैली निकाली गई। रैली में शामिल महिलाएं नशा मुक्ति से सम्बंधित तरह-तरह के नारों के माध्यम से ग्रामीनों को नशे की लत से होनी वाली हानियों को बताया।जागरूकता रैली आंगनबाड़ी से प्रारंभ होकर घटवार टोला,बिरहोर



टोला,आठ मिल होते हुए पुनः आंगनबाड़ी केंद्र में आकर समाप्त हुई। इस मौके मुखिया संघ सचिव निर्मल कुमार ने कहा कि नशा मुक्ति की अभियान सभी को सर्वप्रथम अपने घरों से करें,समाज अपने आप सुधर जायेगा।सिर्फ सरकार के निर्देश पर त्योहारो पर नही,नशा मुक्ति में सहयोग एवं दृढ़संकल्प प्रतिदिन करें।आज नशा मुक्ति को लेकर सभी को आगाह किया जाता है,जो भी लोग इस धंधे से जुड़े है,वो स्वतः इससे हट जाएँ नही तो फिर कानूनी कार्यवाही को रहे तैयार। आज के अधिकतर विष्णुगढ़ के युवा नशे की गिरफ्त में है,जिससे एक पीढ़ी गर्त में समाने को तैयार है। नशा से सिर्फ नाश होगा विकास नही होगा । इस मौके पर मुख्य रूप से जी.सी.आर.पी सीमा देवी,ए. डब्लू कंचन देवी,वार्ड सदस्या रीता देवी,सहिया अनिता कुमारी,अध्यक्ष सुनीता देवी,रिंकी देवी,दामोदरी देवी, गीता देवी,धनेश्वरी देवी, भगवतिया देवी,कांति देवी,चाँदनी कुमारी,ललिता देवी,रीता देवी,सीमा देवी, बेबी देवी,वीणा देवी,नैना देवी,पिंकी देवी,सुलेखा देवी समेत काफी संख्या में महिलाएं शामिल थी।

## जिला स्तरीय सड़क-सुरक्षा की समीक्षात्मक बैठक संपन्न संबंधित अधिकारियों को दिए गए आवश्यक निर्देश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** हजारीबाग समाहरणालय सभागार में आयोजित बैठक के दौरान सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने एवं सड़क सुरक्षा मानकों के पालन के लिए समिति में शामिल विभिन्न विभागों के द्वारा उठाए गए कदमों के सन्दर्भ में समीक्षा की गई। सड़क सुरक्षा एवं दुर्घटना प्रभावित व्यक्ति तत्काल समुचित इलाज के लिए के लिए स्वास्थ्य विभाग की ओर से संचालित 108 एंबुलेंस की सेवा को तत्पर एवं सुलभ बनाने सहित रिस्पॉन्स टाइम को न्यूनतम



स्तर पर लाने का निर्देश जिला परिवहन पदाधिकारी ने दिया।

साथ ही सिविल सर्जन हज़ारीबाग को गोल्डन आवर मे मदद करने वाले गुड़ समरिटन को प्रोत्साहित करने हेतु प्रोत्साहित करने हेतु चिन्हित करने का निदेश दिया गया एवं प्रभावी क्षेत्रों में लाईटस,प्रचार-प्रसार के लिए राजमार्गो एवं सार्वजनिक स्थानों पर डिस्प्ले बोर्ड की संख्या बढ़ाने एवं आकर को बड़ा करने का निर्देश संबंधित विभागीय अधिकारियों को दिया।

## स्पाइसी फूड एंड रेस्टोरेंट का बसंत झा मेराज एवं राजू ने फीता काट किया शुभारंभ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** शहर के सबसे ज्यादा छात्र-छात्राओं वाला इलाका कोर्रा में विद्यार्थियों को ध्यान में रखते हुए स्पाइसी फूड मेस एवं रेस्टोरेंट का संचालन शुरू किया गया है। इसका शुभारंभ मुख्य अतिथि बसंत झा एवं संचालक मेराज संग राजू ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। संचालक मेराज ने बताया कि इस मेस एवं रेस्टोरेंट का विशेष लाभ छात्र छात्राओं को मिलेगा चूंकि यहां सस्ते दर पर स्वादिष्ट एवं पौष्टिक व्यंजन मिलेगा। कहा कि विद्यार्थियों को आज के समय में गुणवत्तापूर्ण खाना मिलना मुश्किल है, ज्यादातर मेस में घटिया सामग्रियों का उपयोग किया जा रहा है जिससे छात्र अक्सर बीमार पड़ते रहते हैं, ऐसे में हमारी कोशिश है कि सस्ते दर पर पौष्टिक आहार उपलब्ध करवाया जाए।



वहीं मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद इंटर साइंस कॉलेज के मालिक बसंत झा ने कहा कि उन्होंने छात्र जीवन को बहुत नजदीक से देखा है और उन्हें स्वादिष्ट और पौष्टिक भोजन मिलना सबसे बड़ी चुनौती है। ऐसे में स्पाइसी फूड मेस एवं रेस्टोरेंट का खुलना हर्ष का विषय है। उन्होंने उम्मीद जताई कि बहुत कम समय में यहां छात्र छात्राओं की अधिक भीड़ देखने को मिलेगी।

## दीवाली से पहले बरही पेयजलापूर्ति योजना की होगी शुरुआत : विधायक

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरही :** गुरुवार को निवेदन समिति के सभापति सह बरही विधायक उमाशंकर अकेला ने प्रखड के विभिन्न पंचायतों में सोना सोबरन योजना अंतर्गत कार्डधारियों के बीच नवरात्र पूजा में धोती साड़ी का वितरण किया। इस दौरान पंचायत में ग्रामीणों ने उनका भव्य स्वागत किया। स्वागत के दौरान कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की। विधायक ने प्रखण्ड के बेन्दगी, रसोइया धमना, दुलमहा, करियातपुर, बरसोत, धनवार पंचायत में महिलाओं के बीच धोती साड़ी का वितरण किया। विधायक श्री अकेला ने लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि सूबे की हेमन्त सोरेन की सरकार आम जनमानस की मूलभूत सुविधा को मुहैया कराने में जुटी है। राज्य सरकार चाहती है



कि राज्य के लोग सभी सरकारी सुविधा से लाभान्वित हो। इतना ही नही बरही विधानसभा क्षेत्र में दर्जनों ऐसी सड़क का निर्माण कार्य जारी है जिसकी प्राक्कलित राशि करोड़ो रूपये है। उन्होंने बरही प्रखण्ड मुख्यालय के लोगों से कहा कि दीपावली से पहले बरही पेयजलापूर्ति योजना का शिलान्यास निश्चित तौर पर हो जाएगा। उनका प्रयास है कि 2024 में इसका लाभ बरही प्रखण्ड के कोनरा, बरही पूर्वी, बरही पश्चिमी, रसोईया धमना बेन्दगी पंचायत के प्रत्येक घरों में पेयजल की सुविधा उपलब्ध करवा दूं। इसके लिए राज्य सरकार ने 28 करोड़ 70 लाख रुपए का आवंटन कर दिया है। जिसका निर्माण कार्य भी जल्द चालू हो जाएगा। उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त जनता की सुविधाओं को देखते हुए बाकी पंचायत में घर-घर नल जल योजना के तहत सभी गांव में कार्य चालू हो चुंका है। विधायक श्री अकेला ने कहा कि बरही विधानसभा के तमाम लोगों का आशीर्वाद एक बार पुनः 2024 में मिला तो निश्चित तौर पर बरही विधानसभा में विकास की नई गाथा लिख दूंगा। मौके पर एमो संजय यादव,कांग्रेस पार्टी के प्रदेश प्रतिनिधि सह कांग्रेस ज़िला उपाध्यक्ष डॉ निजामुद्दीन अंसारी, बरही प्रखंड कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मन्नान वारसी, विस विधायक प्रतिनिधि छट्ठू गोप, बरही प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष इकबाल रजा, विधायक प्रतिनिधि मो तौकीर रज़ा, बेंदगी पंचायत के मुखिया व कांग्रेस मंडल अध्यक्ष सिकंदर राणा, पंचायत अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि मो तैयब, करियातपुर मुखिया मनोज कुमार, बरसोत मुखिया मोतीलाल चौधरी, दुलमहा मुखिया नारायण यादव, राकेश रजक, बिनोद सिंह, सुखदेव साव, चंद्रिका देवी, पूनम कुमारी, अनिरूद्ध यादव, सकलदेव यादव, भुवनेश्वर भुइंया सहित सैकड़ों लोग शामिल थे।

## हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड होस्पिटल में डांडिया कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड होस्पिटल परिसर में बुधवार की देर शाम नवरात्रि की शुभअवसर पर डांडिया नाइट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आकर्षक सजावट, शानदार स्नैक्स एवं प्रतिस्पर्धा के साथ कार्यक्रम संपन्न हुई। इस अवसर पर छात्र-छात्राएं, डॉक्टर्स और कॉलेज के सभी कर्मचारियों ने उत्साह के साथ हिस्सा लिया। इस दौरान डांडिया की संस्कृतिक नृत्य की जमकर प्रस्तुति दी गई। इस दौरान डांडिया कार्यक्रम में शामिल सबो ने मिलकर मां दुर्गा से सुख-समृद्धि की कामना की। वहीं इस त्योहार की सीजन में एकता और बंधन की भावना का आनंद लेने के लिए सभी ने हाथ मिलाया। भक्ति, शक्ति एवं संस्कृति का परिचय दिया। मौके पर हजारीबाग कॉलेज ऑफ डेंटल साइंसेस एंड होस्पिटल सचिव डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने कहा कि नवरात्रि में डांडिया खेलने की परंपरा



काफी पुरानी है। डांडिया भारत का परंपरागत नृत्य है। नवरात्रि के अवसर पर डांडिया खेलकर मां दुर्गा को प्रसन्न किया जाता है। साथ ही मां दुर्गा से मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है। परी फाउंडेशन के निदेशक रोली गुप्ता ने कहा कि ऐसे आयोजन से हमारी संस्कृति समेत परंपराओं को पहचान कराती हैं। जो आने वाली पीढ़ी के लिए एक मार्गदर्शक बनने में सहायक होती है। डांडिया नाइट का भव्य आयोजन से लोगों के बीच भाईचारे का संदेश देती हैं।मौके पर विशेष रूप से डॉ नंदी, डॉ दीपक, डॉ श्रृष्टि एवं डॉ स्वाति सहित कई डॉक्टर्स व छात्र- छात्राएं शामिल रहे।

## क्षेत्रीय खेलकूद समारोह में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर कुम्हारटोली ने 8 गोल्ड 7 सिल्वर एवं 1 ब्रांच मेडल जीता

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** विद्या विकास समिति झारखंड द्वारा आयोजित 34 वां क्षेत्रीय खेलकूद( एथलेटिक्स )समारोह सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, रजरप्पा में संपन्न हुआ द्य समारोह में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर ,कुम्हारटोली, हजारीबाग के बच्चों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विभिन्न इवेंट में 8 गोल्ड मेडल 7 सिल्वर मेडल एवं 1 ब्रॉन्ज मेडल जीत कर विद्यालय का नाम रोशन किया द्य बच्चों ने कुल 16 पुरस्कार जीते द्य प्रतियोगिता के बाल वर्ग में नैन्सी तिवारी लंबी कूद पहला स्थान 4म100= रिले रेश पहला स्थान, किशोर वर्ग में नूपुर कुमारी 800 मीटर पहला स्थान, शिल्पी रानी लंबी कूद दूसरा स्थान, नंदनी बाधा दौड़ 400 मीटर तीसरा स्थान, तरूण वर्ग में आशा कुमारी 100 मीटर पहला



स्थान, डॉली कुमारी लंबी कूद दूसरा स्थान, डॉली कुमारी ऊंची कूद दूसरा स्थान ,डॉली कुमारी बाधा दौड़ 110 मीटर दूसरा स्थान ,काजल कुमारी भाला फेंक दूसरा स्थान ,साक्षी राज पांडे तार गोला फेंक दूसरा स्थान, नंदिनी कुमारी 100म4 रिले पहला स्थान, 4म 400 रिले पहला स्थान, तरूण वर्ग में आशा कुमारी4म100 रिले पहला स्थान, तरूण वर्ग आशा कुमारी,डॉली कुमारी, एवं तरुण वर्ग में आशा कुमारी 400मीटर दूसरा पुरस्कार जीतकर विद्यालय को गौरवान्वित किया द्य क्षेत्रीय खेलकूद (एथलेटिक्स )प्रतियोगिता में विद्यालय के बहनों के उत्कृष्ट प्रदर्शन करने से विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के सचिव संजय उपाध्याय एवं प्राचार्य दिनेश कुमार मिश्र ने विजेता बच्चों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की हैद्य उन्होंने कहा आप सभी राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे ऐसी हमारी शुभकामनाएं हैं द्य विजेता बहनों को विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के अधिकारियों एवं विद्यालय के आचार्य- बंधु भगिनी ने भी बधाई एवं शुभकामना दी है द्य क्षेत्रीय खेलकूद प्रतियोगिता की तैयारी बहनों ने आचार्य राकेश कुमार सिंह, आचार्य रणजीत सिंह यादव एवं आचार्य तारकेश्वर राय के दिशा निर्देश में की थी ।

## रघुवर दास को राज्यपाल बनाये जाने पर भाजपाइयों ने दी बधाई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**



**हजारीबाग :** पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुबर दास को उड़ीसा के राज्यपाल नियुक्त किये जाने की खबर पाकर हजारीबाग के भाजपाइयों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाई तथा बधाई दिया है। इस मौके पर सदर विधायक मनीष जायसवाल ने अपने संदेश में कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री एक कुशल राजनेता होने के साथ ही साथ कुशल प्रशासक भी हैं ।

यही वजह है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा, तथा केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रघुबर दास को उड़ीसा के राज्यपाल नियुक्त किया है। श्री जायसवाल ने सभी केंद्रीय नेताओ सहित रघुबर दास को बधाई संदेश भेजकर खुशी जाहिर की है। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अनिल मिश्रा ने खुशी जाहिर करते हुए केंद्रीय नेतृत्व के पति आभार प्रगट किया है।

वही जिलाध्यक्ष अशोक यादव व बटेश्वर मेहता ने कहा कि रघुबर दास के प्रसाशनिक दक्षता का फल उड़ीसा जैसे राज्य को जरूर मिल पायेगा। मांडू बिधायक जे पी पटेल ने कहा कि रघुबर दास लगातार पार्टी के कई अहम पदों पर कार्य करके आज राज्यपाल के पद पर आसीन हुए हैं। पूर्व बिधायक मनोज यादव ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री रघुबर दास के कुशल कार्यदक्षता को देखकर ही मैं भाजपा की सदस्यता लिया था। उन्होंने कहा कि श्री दास के मुख्यमंत्रित्व काल मे झारखंड का भरपूर बिकास हुआ था।


प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## ब्रिटिश पेंट्स एडवांस्ड एंटी स्टेन फार्मूला से भीतरी दीवारों को दें अद्भुत लुक

**रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता):** होम डेकॉर के क्षेत्र में प्रमुख ब्रांड, ब्रिटिश पेंट्स ने अतिरिक्त सुगंध से युक्त अपना नया उत्पाद - ग्लैमर मिस्टिक एंटी स्टेन इंटीरियर इमल्शन पेश किया है। इस अत्याधुनिक उत्पाद में एंटी स्टेन और वाटर रेजिस्टेंस के शानदार संयोजन को शामिल किया गया है और यह घरों की भीतरी दीवारों की फिनिश में एक नया मानदंड स्थापित कर रहा है। इस इमल्शन को आसानी से साफ़ किया जा सकता है, यह लम्बे समय तक टिकता है और इसमें फंगस और बैक्टीरिया रोधक गुण हैं और इसमें खुशनुमा सुगंध का भी समावेश किया गया है।आधुनिक रहन-सहन की अलग अलग तरह की जरूरतों को पूरा करने के लिए अभिकल्पित, ग्लैमर मिस्टिक घने यातायात वाले क्षेत्रों, पारिवारिक घरों, वाणिज्यिक स्थलों और पर्यावरण के लिए सही विकल्प के रूप में सबसे उपयुक्त है और यह टिकाऊपन एवं सुन्दरता का मिश्रण प्रस्तुत करता है। इसकी बेदाग़ धुलाई क्षमता के कारण बार-बार सफाई करने पर भी दीवारें अपनी मौलिक सुन्दरता के साथ ताजा और चमकदार बनी रहती हैं। इसकी जलरोधी विशेषता सुरक्षा की एक अतिरिक्त परत बनाती है, जिसके कारण यह किचन, बाथरूम और नमी वाले दूसरी जगहों के लिए उपयुक्त है।




## पुर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास के राज्यपाल बनने पर भाजपा कार्यकर्ता ने बधाई दी

**भुरकुंडा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड भारतीय जनता पार्टी के लोकप्रिय नेता सह पूर्व मुख्यमंत्री एंव भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास को ओड़िशा राज्य का राज्यपाल बनाए जाने पर भुरकुंडा के भाजपा सांसद प्रतिनिधि योगेश दांगी ने उन्हे बधाई एवम शुभकामनाएं दी।

## युवा वैश्य महासभा ने रघुवर दास को दी बधाई

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** उड़ीसा के नवयुक्त राज्यपाल मनोनीत होने के बाद युवा बैश्य महासभा के प्रदेश अध्यक्ष अमित साहू ने कहा कि यह पल वैश्य समाज के लिए ऐतिहासिक दिन है। और पूरे झारखंड राज्य के वैश्य समाज अपने आप को गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। श्री साहू ने यह भी कहा कि यह ऐतिहासिक निर्णय लेने के लिए हम लोग देश के महामहिम द्रौपदी मुर्मू का आभार व्यक्त करते हैं। और हम लोग पूरे झारखंड के वैश्य समाज देश के ओजस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी एवं देश के कर्मठ गृह मंत्री अमित शाह का भी हृदय की गहराइयों से साधुवाद करते हैं। कि इन्होंने यह निर्णय लेकर पूरे भारतवर्ष के वैश्य समाज के सर को ऊंचा करने का कार्य किया है। और इस ऐतिहासिक निर्णय लेने के लिए युवा बैश्य महासभा झारखंड प्रदेश के सम्मानित पदाधिकारी उमेश राजगढ़िया, अनिल गोयल, किशोर जाजू, पंकज बरनवाल, पिंकू चौधरी, समेत अनेकों युवा बैश्य महासभा झारखंड प्रदेश के सदस्यों ने आभार व्यक्त किया है।

## दुलमी प्रखंड के नये बीडीओ और बीस सूत्री सदस्यों की बैठक हुई

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश के अध्यक्षता में सभी बीस सूत्री सदस्यों के साथ नये बीडीओ सुनिल प्रजापति ने औपचारिक बैठक आयोजित की गई । जिसमें प्रखंड क्षेत्र मे चल रहें विकास योजनाओं लेकर समीक्षा व मनरेगा 15 वित प्रधानमंत्री आवास सोलर जल मीनार विद्यालय व आंगनबाड़ी केंद्र को जायज़ा लेने का निर्णय लिया गया। साथ ही विकास कार्य में पारदर्शिता से आम लोगों तक पहुंचे। साथ ही अगला बीस सूत्री की बैठक में विभागीय सभी अधिकार को सुचित करें। मौके पर बीस सूत्री सदस्य दिलीप शर्मा परमानंद सिंह प्रकाश करमाली मदन नायक संतबिलास करमाली अल्ताफ अंसारी प्रेम प्रकाश भगत आदि उपस्थित थे।

## दुर्गा पूजा के नजदीक आने के साथ शहर में बढ़ी जाम की समस्या

**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** दुर्गा पूजा के नजदीक आने के साथ ही शहर के विभिन्न मार्गो में जाम की स्थिति से लोग परेशान हैं। हालांकि उपायुक्त चंदन कुमार के निर्देश पर शहर के मेन रोड में प्रशासन की ओर से दुर्गा पूजा के दौरान जाम की संभावित स्थिति से निपटने के लिए बांस से बेरिकेडिंग की गई है। पर बावजूद इसके शहर में जाम की स्थिति में सुधार नही दिख रहा है। अचानक लगने वाले जाम से मार्केटिंग के लिए निकले लोगों को भारी परेशानियों से गुजरना पड़ रहा है। लोग प्रशासन से जाम की स्थिति से निपटने के लिए और भी कदम उठाने की मांग कर रहे हैं । ताकि लोगों को पूजा के दौरान आने जाने में परेशानी का सामना नही करना पड़े।

## उरीमारी ओपी प्रभारी ने दुर्गा पूजा पंडाल का निरीक्षण किया



प्रभात मंत्र संवाददाता

**उरीमारी :** उरीमारी के हेसाबेडा स्थित दुर्गा पूजा पंडाल का उरीमारी ओपी प्रभारी बीरबल करमाली ने औचक निरीक्षण किया। साथ ही पुजा पंडाल एवं मेला के लिए चयनित जगह,और रावण दहन स्थल के सुरक्षा को लेकर पुजा कमिटी को दिशा निर्देश दिए।वहीं पुजा पंडाल तक आने में श्रद्धालुओ को परेशानी ना हो इसके लिए सडक का चौड़ीकरण करने व पुजा पंडाल के आगे लाइट की उचित व्यवस्था करने की पुजा समिति को सलाह दी गई। वहीं इस मौके पर उरीमारी ओपी ए एस आई रशीक किस्कू,पुजा कमिटी के सचिव सीताराम किस्कू, राजेश सिंह आदि दर्जनों लोग मौजूद थे।

## श्रमिक प्लस 2 हाई स्कूल में नये संस्कृत शिक्षक ने दिया योगदान



प्रभात मंत्र संवाददाता

**सिरका :** अरगड्डा के श्रमिक प्लस टू हाई स्कूल में गुरुवार को विषय संस्कृत के नये शिक्षक अरुण मनी पांडेय (निवासी गोरखपुर) ने योगदान दिया। इन्हें प्रभारी प्राचार्य पिंटू कुमार दास व शिक्षक विकास प्रजापति के द्वारा कागजी प्रक्रिया पूरी कर शिक्षण कार्य में लगाया गया। बताया गया कि बीते 2016 के स्नातक प्रशिक्षक परीक्षा में से नियुक्ति हुई हैं। विद्यालय में संस्कृत विषय का पद बहुत दिनों से रिक्त पड़ा था। इससे छात्रो को संस्कृत पढ़ने में सुविधा मिलेगी। मौके पर शिक्षक मोहम्मद कैसर, सत्य प्रकाश, मोहम्मद आबिद हुसैन, आदित्य गुप्ता, श्रीनिवास शर्मा, शशि सुमन, मनोज कुमार, लिपिक विक्की कुमार, शिक्षिका ब्यूटी कुमारी, सूची रानी आदि उपस्थित थे।

## झारखंड के नवनियुक्त नेता प्रतिपक्ष का भाजपाइयों ने किया स्वागत



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रजरप्पा :** झारखंड के नवनियुक्त नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बावरी का राष्ट्रीय मार्ग बुध बाजार चौक एवं चितरपुर में जोरदार स्वागत किया गया। भाजपा चितरपुर मंडल के अध्यक्ष गणेश प्रसाद बर्मा महामंत्री अर्जुन वर्मा के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ताओ ने गाजा बाजा के साथ फूल माला पहनाकर ओर पटाखे फोड़कर भव्य स्वागत किया गया। इससे पूर्व वे रांची से रजरप्पा मंदिर जाने के क्रम में कार्यकर्ताओं द्वारा जगह-जगह पर फूलमाला एवं बुके देकर स्वागत किया गया ।प्रतिपक्ष नेता अमर बावरी ने रजरप्पा मंदिर में पूजा अर्चना कर राज्य में सुख समृद्धि की कामना की एवं दुर्गा पूजा नवरात्र पर झारखंड वासियों को ढेर सारी शुभकामनाएं दी। झारखंड में अमर बावरी को नेता प्रतिपक्ष बनाए जानें पर कार्यकर्ताओं मे खुशी का माहौल है लोगों में खासा उत्साह देखा गया। वही अमर बावरी ने कहा की जगह जगह पर कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत क्या किया झारखंड की जनता का समय और प्यार ही मेरी ताकत है। जिस तरह से पिछले चार वर्षो से हेमंत सरकार के द्वारा नेता प्रतिपक्ष के मामले को जानबूझकर लटकाया गया।

## चितरपुर महाविद्यालय के अर्थशास्त्र विभाग में अंतिम वर्ष के छात्रों को दी गई विदाई



प्रभात मंत्र संवाददाता

**रजरप्पा :** चितरपुर महाविद्यालय चितरपुर में अर्थशास्त्र विभाग के जूनियर छात्रों के द्वारा सीनियर छात्रों को एक कार्यक्रम का आयोजन कर विदाई दी गयी। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ संज्ञा ने छात्रों के साथ केक काटकर किया। छात्राओं ने स्वागत गान गाकर सभी शिक्षकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्या डॉ संज्ञा ने कहा कि आज का यह पल सुख और दुःख दोनों परिवेश का समावेश है, आप इस संस्थान के विद्यार्थी रहे हैं और भविष्य में आप जहाँ भी रहें एक लक्ष्य के साथ रहें निश्चित आपको सफ़लता मिलेगी। अर्थशास्त्र की विभागाध्यक्ष प्रो. अंजू कुमारी ने कहा कि मैं आपके साथ हमेशा एक शिक्षक से ज़्यादा एक दोस्त रूप में रही हूँ और आगे भी आपका मार्गदर्शन करने के लिए मेरे साथ-साथ महाविद्यालय के सभी शिक्षगण सदैव आपके लिए तत्पर रहेंगे, उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं को बेहतर भविष्य की शुभकामनाएँ दी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से प्रोफेसर निरंजन महतो प्रो. ज्योति कुमारी, प्रो.जूही उपाध्याय, प्रो. कुर्रुतलेंन, प्रो. निकहत प्रवीण, प्रो. शाहनवाज खान, प्रो. रेवालाल पटेल, प्रो. ताराशंकर अग्रवाल, प्रो. उत्तम कुमार, प्रो. शबाना अंजुम, डॉ हीना कौसर, प्रो. दीपक कुमार, प्रो.मीना मुंडा, डॉ साज़िया प्रवीण, सहित छात्र-छात्राएँ उपस्थित थीं।

## गिरिडीह संसदीय क्षेत्र के सुदूरवर्ती इलाकों में सड़कों का जाल बिछाना हमारा मकसद : सांसद

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रजरप्पा :** रजरप्पा से सटे ब्लॉक 2 रजरप्पा क्षेत्र अंतर्गत विस्थापित गांव कंडेर पंचायत में पीएम जी एस वाई मद् से से कंडेर मुंडा टोली होते हुए बारीडाडी हरदगडा तक 8.26 कि.मी सड़क निर्माण व मरम्मत्ती कार्य का शुभारंभ किया गया। गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी एवं गोमिया विधायक डॉक्टर लंबोदर महतो के द्वारा सड़क का विधि विधान से पूजा अर्चना के पश्चात नारियल फोड़कर एवं धूप अगरबत्ती जलाकर अतिथियों द्वारा शिलान्यास किया गया। जिसके मुख्य अतिथि गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी शामिल हुए जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में गोमियां विधायक डॉक्टर लंबोदर भी मौजूद थे। शिलान्यास समारोह में उपस्थित




ग्रामीणों को संबोधन में सांसद ने कहा कि सुदूरवरती इलाकों में सड़कों का निर्माण करना हमारा प्राथमिकता होगा उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से रामगढ़ जिला में गांव गांव के हर ओला और मोहल्ला की सभी सड़कों को मुख्य मार्ग से जोड़ने का काम किया गया है उसी तर्ज पर विधानसभा के ग्रामीण क्षेत्र के सभी सड़कों का होगा कायाकल्प एवं सड़क निर्माण का जाल बिछाने का काम किया जाएगा सांसद ने बताया कि गोमिया प्रखंड के दर्जनों पंचायत में पानी बिजली सड़क शिक्षा एवं सिंचाई जैसी मूलभूत सुविधाएं गांव तक पहुंचाना मेरा मकसद सड़क निर्माण के क्षेत्र में पूरे विधानसभा क्षेत्र में एवं पूरे संसदीय क्षेत्र में मेरे द्वारा अनगिनत विकास कार्य किया जा रहे हैं उन्होंने आगे कहा कि पिछले विधानसभा की जनता को 5 वर्षो में ठगने का काम किया है जिसका जनता बखूबी से जानती है और उन्हें गोमिया की जनता बाहर फेंकने का काम किया है अब एनडीए के शासनकाल में ही पूरे गोमिया विधानसभा एवं पूरे लोकसभा क्षेत्र का विकास संभव होगा।डॉ लंबोदर विधायक विशिष्ट अतिथि ने पंचायत में उपस्थित लोगों को कहा कि गांव के हर गली मोहल्ला और टोला में पेयजल की सुविधा मुहैया कराई जाएगी ,हर घर के चूल्हा तक नल से जल जलापूर्ति किया जाएगा शिक्षा का विकास होगा पंचायत में स्वास्थ्य सेवा की सुविधा मिलेगी सिंचाई के लिए किसानों को बिजली आदि दर्जनों योजनाओं को धरातल पर उतारने का प्रयास निरंतर जारी है ।

## अरुणिमा महिला समिति द्वारा बच्चों में पोषक खाद्य सामग्री आवंटन एव प्रदर्शनी का आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**गिद्दी :** श्री दुर्गापूजा के अवसर पर अरुणिमा महिला समिति, अरगडा क्षेत्र पर पर के द्वारा बच्चों में पोषक भोजन सामग्रियों का वितरण सिटिजेन फोरम विद्यालय, गिद्दी में किया गया इस अवसर पर विद्यालय के छात्रों द्वारा आयोजित कला, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान एवं भूगोल विषयक विभिन्न माडल चार्ट, एक एवं साध्यान्नों के नमुने बच्चों ने प्रदर्शित किएअरुणिमा महिला समिति के अध्यक्षा अंजना पाण्डेय, सचिव रश्मि कुमार, पल्लवी सिन्हा, दीपा राणा, चचला शर्मा एवं बच्चों के रश्मि श्रीवास्तव उपस्थित थे इन्हाने बच्चों के लिए पोषक खाध्यान्नों का वितरण किए प्रदर्शनी में वर्षा जल संग्रहन, फैशन टेक्नोलॉजी के नमुने, भारतीय संविधान प्रारूप एवं विभिन्न विषयों पर प्रोजेक्ट कार्य दिखाया गयाअपने वक्तव्य में पाण्डेय ने बच्चों के सर्वांगीण विकाश के लिए सीसीएल सी एस आर एवं समिति द्वारा किए जा रहे कायों के बारे में जानकारी दी उन्होने खेलकुद को बढ़ावा देने के लिए भविष्य में स्पोर्टस के आयोजन का सुझाव दिए उन्होंने दशहरे की शुभकामनाएं दी अतिथियों का स्वागत भारत स्काउटस एण्ड गाइडस के कैडेटों ने गार्ड ऑफ ऑनर देकर की शिक्षिक शिक्षिकाओं में नीलिमा मित्रा, अरविन्द कुमार, सीमा देवी, मदन सिंह, लबिन्दर कुमार एवं निशिका सिंह उपस्थित थे।

## झारखंड महिला एशियन चैंपियंस ट्रॉफी का स्वागत सह अनावरण कार्यक्रम का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**रामगढ़ :** रांची में होने वाले महिला एशियाई हॉकी चैंपियनशिप ट्रॉफी 2023 को लेकर गुरुवार को इंडोर स्टेडियम रामगढ़ में चैंपियंस ट्रॉफी का स्वागत एवं अनावरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।कार्यक्रम के दौरान सर्वप्रथम उपायुक्त रामगढ़, चंदन कुमार, पुलिस अधीक्षक रामगढ़, पीयूष पांडेय, वन प्रमंडल पदाधिकारी, नीतीश कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी मोहम्मद जावेद हुसैन सहित जिले के अन्य वरीय अधिकारियों एवं कर्मियों ने हस्ताक्षर अभियान में हिस्सा लेते हुए कार्यक्रम की शुरुआत की। ततपश्चात उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक, वन प्रमंडल पदाधिकारी, उप विकास आयुक्त एवं अनुमंडल पदाधिकारी ने संयुक्त रूप से ट्रॉफी का अनावरण किया। मौके पर उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार ने कहा कि हॉकी का इतिहास झारखंड में बहुत पुराना है



और महिला एशियाई हॉकी चैंपियनशिप का झारखंड में होना हम सभी के लिए एक सम्मान का विषय है। साथ ही उन्होंने बताया कि हर तरह के खेल को बढ़ावा देने में जिला प्रशासन प्रयासरत है जिसके लिए आने वाले समय में प्रत्येक पंचायत में फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा और अच्छा प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को खेल उपकरण भी उपलब्ध कराए जाएंगे ।जिससे कि जिले के हर क्षेत्र से हर खेल में खिलाड़ी उभरे और विश्व पटल पर रामगढ़ का नाम रौशन करें।मौके पर पुलिस अधीक्षक रामगढ़ पीयूष पांडे ने हॉकी खेल जगत में झारखंड की बेटियों की सराहना करते हुए कई खिलाड़ियों का उदाहरण प्रस्तुत किया एवं उनसे प्रेरणा लेने की अपील की। साथ ही उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से न केवल खिलाड़ियों का हौसला बढ़ता है बल्कि खिलाड़ियों में अपने राज्य व देश के लिए कुछ करने की इच्छा भी जागृत होती है।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, खूँटी**

**सूचना**

पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, खूँटी अन्तर्गत IRQP Work of SH-03 to Ulihatu Road (Km 0.00 to Km 12.870) (Total Length 12.870 KM) का ई0–निविदा प्रसंग संख्या:– RCD/KHUNTI/837 दिनांक 10.10.2023 एवं P.R. 308812Road (23-24) #D को अपरिहार्य कारण से निविदा रद्द की जाती है।

कार्यपालक अभियंता
प0नि0वि0, पथ प्रमण्डल, खूँटी।

PR.NO.309598 Road(23-24):D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, चतरा
eercdchatra-jhr@nic.in

**शुध्दि–पत्र**
सूचना सं0 –07/2023–24

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है, कि पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, चतरा द्वारा अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0–06/2023–24, PR No.- 308595 Road (23-24)_D दिनांक 08.10.2023 द्वारा आमंत्रित निविदा में अपरिहार्य कारणों से निम्नलिखित संशोधन किया जाता है। जो निम्नवत् है :–

| क्र0 सं0 | विवरण | पूर्व में प्रकाशित तथ्य | संशोधन उपरान्त तथ्य |
|---|---|---|---|
| 2. | परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि | 25.10.2023 से 26.10.2023 तक कार्यालय अवधि में। | 06.11.2023 से 07.11.2023 तक कार्यालय अवधि में। |
| 3. | निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय | 27.10.2023 अपराह्न 3:00 बजे तक | 08.11.2023 अपराह्न 3:00 बजे तक। |
| 4. | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 27.10.2023 अपराह्न 3:30 बजे | 08.11.2023 अपराह्न 3:30 बजे । |

शेष शर्तें यथावत् रहेंगी।

कार्यपालक अभियंता,
प0नि0वि0, पथ प्रमण्डल,
चतरा

PR 309533 Road(23-24)D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**ग्रामीण कार्य विभाग,कार्य प्रमण्डल,खूँटी**

**ई–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**
ई–अल्पकालीन पुनर्निविदा संख्या:– 04/RI/2023-24/RWD/KHUNTI
दिनांक–18.10.2023

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, खूँटी द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से पैकेज के रूप में निविदा आमंत्रित की जाती है।

1.कार्य का नाम:–

| क्र० सं० | आईडेन्टीफिकेशन सख्या/पैकेज संख्या | पथ का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | | कार्य समाप्ति की अवधि | टेण्डर कॉल नं० |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अंक में | अक्षर में | | |
| 1 | RWD/KHUNTI/STPKG/05/2023-24 | परासी से गुमनडीह तमाड़ बाउंडरी तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०– 7.00 कि०मी०)। <br> L001सारजमडीह के समीप से कुरचुडीह तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०–3.020 कि०मी०)। <br> एन०एच०–33 गोंड़ाईडीह से चीरूडीह तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०– 2.050 कि०मी०)। <br> मानकीडीह से कोठाडीह तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०–2.010 कि०मी०)। <br> एन०एच०–33 बाबूकाण्डे के समीप से आछुडीह तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०–1.100 कि०मी०)। <br> जयगोडाकाई से छालाडीह तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०–3.800 कि०मी०)। <br> लोहारटोली से सलगाडीह तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०–2.300 कि०मी०)। <br> एन०एच०–33 जगाईसिंघु से L016 तक पथ का सुदृढ़ीकरण कार्य (लं०– 2.000 कि०मी०)। | 11,57,34,100.00 | ग्यारह करोड़ सतावह लाख चौंतीस हजार एक सौ रू० मात्र। | 9 माह। | द्वितीय। |

2 वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि:– 26.10.2023।
3 ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय:– 07.11.2023 अपराहन 5.00 बजे।
4 निविदा खोलने की तिथि एवं समय:– 09.11.2023 अपराह्न 3.30 बजे
5 निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, खूँटी, पिन–835210।
6 ई– निविदा प्रकोष्ट का दूरभाष सं०:– 9431170803
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग,कार्य प्रमण्डल,खूँटी

PR 309618 Rural Work Department(23-24).D

**कार्यालय : जिला स्वास्थ्य समिति, खूँटी**

खूँटी जिला के प्रत्येक पंचायत में ममता वाहन की सुविधा उपलब्ध कराने के निमित्त निबंधन हेतु आवेदन आमंत्रण सूचना घर से अस्पताल आने–जाने का साधन
ममता वाहन संचालन/पंजीकरण हेतु आम सूचना ममता वाहन सूचीबद्ध करने हेतु आवश्यक जानकारी

ममता वाहन हेतु वाहन का चयन
- सभी निजी चार पहिया वाहन जैसे : बोलेरो, मारुति वैन इत्यादि को ममता वाहन के रूप में चिहिन्त किया जा सकता है।
- ममता वाहन हेतु सरकारी एम्बुलेंस का उपयोग किया जा सकता है।

ममता वाहन हेतु पंजीकरण
- ऑनलाईन मोड (Online Mode) 'ममता वाहन ऐप' द्वारा पंजीकरण करने हेतु ऑनलाईन आवेदन समर्पित किया जाएगा। 'ममता वाहन ऐप' Play Store से डाउनलोड कर आवेदन किया जा सकता है।
- ऑफलाईन मोड (Offfline Mode)

संबंधित प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी/सिविल सर्जन द्वारा ममता वाहन के संचालन हेतु प्राप्त आवेदन के सत्यापन उपरांत ममता वाहन का चयन किया जाएगा।

ममता वाहन का संचालन
- ममता वाहन किसी एन0जी0ओ0/निजी या व्यावसायिक संस्थान }ारा संचालित किया जा सकता है।
- प्रत्येक ममता वाहन में GPS Install करना होगा।
- संबंधित ड्राईवर का ड्राईविंग लाईसेंस, गाड़ी का Third Party इंश्योरेंस, गाड़ी के रजिस्ट्रेशन की प्रति प्रदान करना अनिवार्य है।

ममता वाहन का भुगतान
- ममता वाहन (संचालक) के भुगतान हेतु दर एवं दूरी की अनुमान्यता :–

1. घर से अस्पताल जाने हेतु प्रथम 06 किमी. 500/– रु०, उसके बाद प्रति किमी 13/– देय होगा।
2. अस्पताल से वापस घर जाने के लिए 13 रु० प्रति किमी देय होगा।

ममता वाहन चालक हेतु दिशा–निर्देश
- संबंधित ड्राईवर का ड्राईविंग लाईसेंस, गाड़ी का थर्ड पार्टी इंश्योरेंस, गाड़ी का रजिस्ट्रेशन एवं ड्राईवर के पास एंड्रॉयड फोन के साथ इंटरनेट की सुविधा उपलब्ध होना जरूरी है।
- प्रत्येक ममता वाहन में निम्न वर्णित उपकरण/सामग्री की उपलब्धता सदैव सुनिश्चित करना होगा:–

1. नीली बत्ती 2. सायरन 3. टॉर्च 4. इमरजेन्सी लाईट 5. स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता
6. निपटान वितरण किट (Disposable Delivery Kit) 7. रूई 8. पट्टी (Bandage) 9. First Aid Box 10. मास्क

कहाँ संपर्क करें
- अधिक जानकारी के लिए अपने क्षेत्र के सिविल सर्जन कार्यालय से संपर्क करें।
- मोबाईल आधारित App के द्वारा।
- जिला स्तरीय कॉल सेंटर पर कॉल के द्वारा।

➢ ममता वाहन की सुविधा प्राप्त करने के लिए 104 कॉल सेंटर पर कॉल कर सकते हैं।

ममता वाहन ब्रांडिंग
➢ प्रत्येक ममता वाहन में Logo लगाया जाएगा।
➢ निबंधन हेतु आवेदन पत्र का अंतिम तिथि दिनांक 01.11.2023 तक है।

असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी,खूँटी

PR309636 (Health Med Edu and Family Welfare)23-24*D

# प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com




## महुदा के डीएवी स्कूल में किया गया अभिभावक संगोष्ठी का आयोजन



**महुदा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** डीएवी पब्लिक स्कूल महुदा में अभिभावक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसके तहत लोगों में एन ई पी( नई शिक्षा नीति )की चर्चा की गई। विद्यालय के सर्वांगीण विकास के लिए नई शिक्षा नीति कैसे लाभदायक हो सकती है इसके बारे में विस्तृत रूप से चर्चा की गई। अभिभावकों की ओर से सुझाव रखे गए और विद्यालय प्रबंधन की ओर से भी नई शिक्षा नीति के बारे में नए विचार को रखा गया। इस अवसर पर डीएवी महुदा के द्वारा सामाजिक पर्व,( दुर्गा पूजा ,छठ, दीपावली, होली )पर झांकी निकाली गई, जो काफी सजीव ,सराहनीय और आनंदमग्न कर देने वाला था। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में अभिभावक प्रतिनिधि मौजूद थे। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य ए के मंडल ने बच्चों की नई शिक्षा नीति के महत्व को समझाया और उसकी उपयोगिता के बारे में नई रूपरेखा प्रस्तुत की । इस कार्यक्रम में क्षेत्रीय अभिभावकों ने भारी संख्या में अपनी उपस्थिति दर्ज करा कर विद्यालय के प्रति अपने विश्वास को दर्शाया । इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य श्री ए के मंडल ने सभी प्रतिभागियों को बधाई दी एवं कहा कि यह कार्यक्रम आपके कौशल विकास में सहायक होगा तथा उन्होंने अभिभावकों की उपस्थिति के लिए उन्हें धन्यवाद भी दिया।

## कुशवाहा संघ गिरिडीह महिला प्रकोष्ठ द्वारा पहली बार डांडिया गरबा नाइट का शानदार आयोजन

### 250 महिलाओं ने लिया भाग डांडिया महोत्सव में



**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गिरिडीह शहर के पटेल नगर स्थित आशीर्वाद रिजॉर्ट में भव्य रूप में नवरात्र के अवसर पर डांडिया गरबा नाइट का हुआ आयोजन गुरुवार देर शाम को किया गया। जिसमे सबसे पहले बतौर मुख्य अतिथिजिला परिषद अध्यक्ष सह कुशवाहा संघ की प्रधान संरक्षक मुनिया देवी, बतौर विशिष्ट अतिथि श्रीमती रूपल कौर निदेशक मोंगिया स्कूल और जिला परिषद प्रभा वर्मा और पिंकी वर्मा के साथ संघ के अध्यक्ष इन्द्रनारायण वर्मा, कार्यकारी अध्यक्ष मुन्ना कुशवाहा,कोषाध्यक्ष डॉक्टर कुलदीप नारायण और महिला प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्ष प्रीति कुमारी ने दीप प्रज्जवलित कर किया कार्यक्रम उद्घाटन किया। वही इसके पहले सभी अतिथियों को बुके देकर सम्मानित किया गया। वही महिला अतिथियों ने डांडिया खेलकर नृत्य कार्यक्रम को आरंभ किया । इसके बाद समाज की बच्चियों के डांडिया ने तो सबको अचंभित किया इतनी खूबसूरती से नृत्य की प्रतिभा को दिखाया। इसके बाद डॉक्टर अनु और अनुराधा की जोड़ी के गरबा ने माहौल को खुशनुमा बना दिया। वही सरिया ग्रुप की शानदार नृत्य ।

## टाटा डीएवी स्कूल में मनाया गया नवरात्रि महोत्सव



**झरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** टाटा डीएवी स्कूल जामाडोबा ने शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व को धूमधाम से मनाया। छात्र छात्राओं ने अनेक रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये। बारहवीं के छात्र अतुलानंद सहाय ने देवी दुर्गा की स्तुति को बड़े रोचक ढंग से प्रस्तुत किया। इसके लिए उसे एवं उसके पिता विनय कुमार सहाय को विद्यालय के प्रधानाचार्य अनुज कुमार मिश्रा ने सम्मानित किया। पहली कक्षा की छात्रा कनक ने माँ दुर्गा के रूप में अवतरित होकर नृत्य नाटिका प्रस्तुत की। बारहवीं की छात्राओं के द्वारा इस अवसर पर नारी सशक्तिकरण के ऊपर एक प्रेरणादायक एकांकी प्रस्तुत किया गया। ग्यारहवीं के छात्र रितेश कुमार ने नारी सशक्तिकरण पर प्रेरणादायक कविता का वाचन किया। पहली कक्षा की छात्रा आरोही घोष ने एक अति सुंदर धार्मिक नृत्य प्रस्तुत की। माध्यमिक कक्षाओं की छात्राओं ने भरतनाट्यम् की शानदार प्रस्तुति की। एल.के.जी. के छात्र आर्यन राज ने माँ दुर्गा पूजा के महत्व पर प्रकाश डाला। छात्राओं के द्वारा डांडिया नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति हुई।

## रौनिया वैश्य महिला कल्याण मंच ने नवरात्र पर बच्चों के चेहरों पर खुशियां बिखेरी



**धनबादा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गुरुवार को नवरात्र के अवसर पर रौनियार वैश्य महिला कल्याण मंच धनबाद ने धनसार, अनुग्रह नगर में जरूरतमंद बच्चों के बीच उनकी इच्छा के अनुसार चाऊमीन, मिठाई, समोशा का वितरण किया। इस कार्यक्रम से इन बच्चों के मासूम चेहरे की मनमोहक खुशी देखकर रौनियार वैश्य महिला कल्याण मंच की महिलाएं आगे भी इसी तरह की समाज सेवा करने का निर्णय लिया। पिंकी गुप्ता की अध्यक्षता में हुई इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सुधा गुप्ता, नम्रता गुप्ता, सीमा गुप्ता, सुषमा गुप्ता, अनु गुप्ता, श्रुति गुप्ता, संगीता, आदि का सराहनीय योगदान था।

## सीओ के फटकार के बाद भी गंदा पानी सड़क पर बहा रहे लोग, ग्रामीणों ने किया जमकर विरोध

**गावां(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बढ़ही टोला में गंदा पानी बहाने वाले लोगों को बुधवार को गावां सीओ अभिनाश रंजन ने सख्त हिदायत दिए उन्होने कहा कि गंदा पानी सड़क पर कोई नहीं बहायें। लेकिन इसके बावजूद लोग नहीं सुधरे और गुरुवार को अपने घरों का गंदा पानी बहाने लगे। जिसका स्थानीय लोगों ने विरोध करते हुए गावां सीओ अभिनाश रंजन से पानी बहा रहे लोगों पर कानूनी कार्रवाई की मांग की। मौके पर पप्पू मालाकार, अजय मिस्त्री, मथुरा मिस्त्री, सुरेश चौधरी, गौतम सागर राणा, बबलू मिस्त्री समेत कई लोगों ने पानी बहाने वाले लोगों पर जुर्माना के साथ कानूनी कार्रवाई की मांग है।

## गिरिडीह जिला में शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण दुर्गा पूजा आयोजन को लेकर प्रशासन तैयार

प्रभात मंत्र संवाददाता



**गिरिडीह :** समाहरणालय सभाकक्ष में उपायुक्त-सह-जिला दंडाधिकारी, नमन प्रियेश लकड़ा की अध्यक्षता में दुर्गा पूजा व अन्य त्योहारों के मद्देनजर विधि व्यवस्था संधारण को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में उपायुक्त, नमन प्रियेश लकड़ा के द्वारा क्रमवार सभी अनुमंडल/प्रखंडों व थानों से जिले में दुर्गा पूजा विधि व्यवस्था से संबंधित तैयारी के बारे में जानकारी प्राप्त किया गया। जिसमें सभी अनुमंडल पदाधिकारी/सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी व थाना प्रभारी के द्वारा बताया गया कि शांति समिति की बैठक पूर्ण किया जा चुका है। पूजा पंडाल समितियां के साथ भी बैठक किया जा चुका है। संवेदनशील स्थानों को चिन्हित कर लिया गया है। सहित अपने-अपने तैयारी के विषय में विस्तृत जानकारी दिया गया। इसके अलावा बैठक के दौरान समाज के गणमान्य नागरिकों ने जिला प्रशासन से दुर्गा पूजा के दौरान बिजली, पानी, यातायात व अन्य व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने का अनुरोध किया। बैठक के दौरान उपायुक्त, नमन प्रियेश लकड़ा ने कहा कि दुर्गा पूजा व अन्य आगामी त्योहारों को लेकर माननीय मुख्यमंत्री महोदय द्वारा प्राप्त निर्देश के आलोक में विधि व्यवस्था संधारण हेतु आज की बैठक आयोजित की गई है। उपायुक्त ने सभी पदाधिकारी को निर्देशित किया कि सभी पूजा पंडालों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किया जाए। पंडालों में समुचित लाइट की व्यवस्था, एंट्री और एग्जिट के लिए समुचित रास्ते, पंडाल के समीप वाहन पार्किंग ना हो, इसका भी विशेष रूप से ध्यान रखा जाए। साथ ही ज्वलनशील पदार्थ पर भी विशेष रूप से निगरानी रखी जाए। सभी पंडालों में सीसीटीवी कैमरे भी अवश्य रूप से लगाया जाए। इसके अलावा उन्होंने कहा कि संवेदनशील स्थानों को चिन्हित करें।

**सभी पूजा पंडालों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किया जाए, पंडालों में समुचित लाइट की व्यवस्था, एंट्री व एग्जिट के लिए समुचित रास्ते, पंडाल के समीप वाहन पार्किंग ना हो, करें सुनिश्चित : उपायुक्त**

साथ ही 107 की कारवाई अवश्य करें। इसके साथ ही पूजा पंडालों में होने वाले भीड़ का आकलन कर लें तथा बिजली के लटकते तारों को ठीक करने के निर्देश दिए गए।

## संदीप ने 10,000 मीटर पैदल चाल कांस्य पदक जीत बढ़ाया धनबाद का मान



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** वीर भगत सिंह एकाडमी का छात्र संदीप घोष ने कोलकाता में ईस्ट जोनल एथलेटिक मीट में भाग लेकर 10,000 मीटर पैदल चाल में कांस्य पदक जीतकर धनबाद व अपने क्षेत्र भागा के साथ पूरे झारखंड का नाम रौशन करने पर एकाडमी की ओर से स्वागत किया गया।

जिसमे मुख्य तौर पर फीडर एथलीट कोच जयराम और भाजपा युवा मोर्चा के अभिषेक सिंह ने एकेडमी में उपस्थित होकर संदीप घोष को माला पहनाकर स्वागत किया एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

## जंगल से 40 वर्षीया अज्ञात महिला का शव बरामद



**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गुरुवार को गिरिडीह जिले के मुफ्फसिल थाना इलाके के बेरदोंगा और अलकपथरी गांव के सीमावर्ती गमहरा जंगल से 40 वर्षीया अज्ञात महिला का शव बरामद किया. शव को अहले सुबह करीब छह बजे स्थानीय चरवाहों ने देखा और इसकी जानकारी मुखिया अर्जुन मरांडी को दी. बाद में मुखिया से मिली जानकारी के बाद मुफ्फसिल थाना प्रभारी कमलेश पासवान पुलिस जवानों के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और जांच में जुट गए. महिला की अब तक पहचान नही हो पाई है. घटनास्थल के समीप ही चूड़ी और बिंदी पुलिस ने बरामद की है. पुलिस इस मामले में दुष्कर्म कर हत्या किए जाने के साथ साथ अन्य सभी बिंदुओं पर जांच कर रही है. पुलिस स्थानीय लोगों के जरिए मृतका की पहचान कराने में जुटे हुए हैं. वहीं पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है.

## उपायुक्त ने दिया निर्देश, ईन क्षेत्रों में उपलब्ध होंगे अग्निशमन वाहन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी वरुण रंजन के निर्देश पर दुर्गा पूजा के अवसर पर धनबाद जिला के विभिन्न क्षेत्र में अग्निशमन वाहन की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। जनहित के लिए एमपीएल मैथन, डीवीसी, सेल चासनाला, बीसीसीएल, हर्ल सिंदरी, धनबाद, झरिया एवं सिंदरी के अग्निशमन पदाधिकारी के अलावा अन्य स्थान के अग्निशमन वाहन से संबंधित जानकारी जारी की गई है। एमपीएल मैथन-राजकुमार राय-9204958561-2 अग्निशमन वाहन (3 हजार व 2000 लीटर क्षमता)

डीवीसी सीआइएसएफ मैथन- सोमन जोसेफ - 9550929002, 06540-279300 -2 अग्निशमन वाहन (3000 व 2200 लीटर क्षमता) सेल चासनाला-केपी महतो- 9470194910-1 अग्निशमन वाहन (28 हजार लीटर क्षमता)

बीसीसीएल-माइंस रेस्क्यू अधीक्षक पीआर मुखोपाध्याय - 9470596991



एएससो कुसुंडा-एक अग्निशमन वाहन - 6287699784

एएससो सिजुआ -एक अग्निशमन वाहन- 9470529648

एएससो बरोरा- एक अग्निशमन वाहन - 6287696093

एएससो लोदना-एक अग्निशमन वाहन- 6287242852

एएससो ब्लॉक 2-एक अग्निशमन वाहन- 7004828136

एजेंट ए.के.डब्ल्यू.एम.सी.- एक अग्निशमन वाहन- 6287696626

एम.आर.एस. धनसार-एक अग्निशमन वाहन - 9931188280

हर्ल सिंदरी-ए.एम. सेफ्टी दीपक पॉल - 7985652346

कंट्रोल रूम - 0326-2410508

3 अग्निशमन वाहन (6 हजार लीटर क्षमता के 2 तथा 2 हजार लीटर क्षमता का एक)

**एसीसी सिंदरी :-** फायर सेफ्टी ऑफिसर काली दुबे - 7379910484

1 अग्निशमन वाहन (5 हजार लीटर क्षमता)

फायर ऑफिसर धनबाद - लक्ष्मण प्रसाद - 9122196694 - 6 अग्निशमन वाहन

फायर ऑफिसर सिंदरी - सुमन कुमार सिंह - 9934911439 - 2 अग्निशमन वाहन

फायर ऑफिसर झरिया - रामनाथ चौधरी - 9279468953 - 2 अग्निशमन वाहन।

## आंगनबाड़ी सेविका का चयन निष्पक्ष हो : सद्दाम




प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** धनबाद सदर के अंतर्गत वार्ड संख्या 30 और 31 टेंपल रोड और मनईटांड़ में आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 266 और 369 में सेविका चयन के लिए आम सभा का आयोजन दिनांक 17 अक्टूबर 2023 को हुआ। यहां के लोगों ने झारखंड मुक्ति मोर्चा के अल्पसंख्यक मोर्चा धनबाद महानगर अध्यक्ष मोहम्मद सद्दाम हुसैन को संज्ञान में देते हुए कहा कि यहां पर सेविका चयन प्रक्रिया में अनियमितता बरती जा रही है और बिना आवासीय प्रमाण पत्र के ही सेविका का चयन किया जा रहा है। जो सरासर झारखंड सरकार के प्रोटोकॉल के खिलाफ है। सद्दाम हुसैन ने संज्ञान में लेते हुए जिला समाज कल्याण पदाधिकारी से भेंट कर लिखित शिकायत किया कि आंगनबाड़ी सेविका चयन में किसी प्रकार की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी और जल्द से जल्द निष्पक्षता से जांच की जाए और पोषण क्षेत्र के अंतर्गत योग्य उम्मीदवार का ही चयन किया जाए।

## प्राथमिक विद्यालय मालहो में हो रहा बच्चों के भविष्य से खिलवाड़

प्रभात मंत्र संवाददाता



**शिक्षक 11 बजे तक पहुंचते हैं स्कूल**

**बिरनी :** विगत तीन वर्षो से जहां कोरोना को लेकर बच्चों की पढ़ाई लिखाई काफी प्रभावित हुई है। दूसरी ओर प्रखंड के प्राथमिक विद्यालय माल्हो के बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने में शिक्षकों के द्वारा कोई कसर नही छोड़ा जा रहा है। गुरुवार को पड़ताल में पाया गया कि प्राथमिक विद्यालय मालहो के सचिव धरम साव 10 बजे तक स्कूल नही पहुंचे थे । पूछने पर बताया कि संयोजिका के यहां काम से आए है जबकि विद्यालय के सहायक शिक्षक ने कहा कि वह अपना घर में ही है और इसका हमेशा का यही नियम है । इसी तरह प्रतिदिन कुछ न कुछ बहाना बनाकर छूटी पर रहते है । साथ साथ यह भी पाया गया कि मध्याह्न भोजन में अंडा और केला कई महीना से बच्चों को नही दिया जा रहा है । सहायक शिक्षक ने कहा कि हमने कई बार सचिव को बोला पर वह हमेशा यह कहकर टाल देते हैं कि पैसा नही है अभी । विधालय में लगभग 60 बच्चों का नामांकन है , पर हर रोज बच्चों कि उपस्थिति मात्र 15 से 20 ही हो पाती है । ग्रामीण को पूछने पर कहा कि प्राथमिक विद्यालय मालहो में कोई पढ़ाई लिखाई नही होता है क्यों भेजे अपने बच्चो को । हर साल सभी प्राथमिक विधालय में विकास फंड के नाम पर दिया जता है 25000 पर आजतक सचिव के द्वारा स्कूल में विद्यालय का नाम तक नही लिखा हुआ है।

## दुर्गा पूजा पर मेडिकल इमरजेंसी के लिए कांटेक्ट नंबर जारी

प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी वरुण रंजन के निर्देश पर दुर्गा पूजा के अवसर पर मेडिकल इमरजेंसी के लिए सेंट्रल हॉस्पिटल धनबाद तथा बीपी नियोगी, डीवीसी मैथन के इमरजेंसी कांटेक्ट नंबर जारी किए जा रहे हैं।

**हॉस्पिटल एमरजैंसी कॉन्टैक्ट नंबर सेंट्रल हॉस्पिटल धनबाद**

चीफ मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर आरके ठाकुर - 9470595563

**इमरजेंसी कांटेक्ट नंबर :-** 0326 - 2203069, 0326 - 2203068, 0326 - 2203061, 0326 - 2203063 इसके अलावा सेंट्रल अस्पताल में 20 अक्टूबर से 25 अक्टूबर तक सुबह, शाम एवं रात्रि में रोस्टर के अनुसार चिकित्सक उपलब्ध रहेंगे।

बीपी नियोगी होस्पिटल, डीवीसी मैथन

चीफ मेडिकल ऑफिसर डॉक्टर यू कुमार - 9572595538

इमरजेंसी कांटेक्ट नंबर - 06540-279521, 279555

## गिरिडीह : अल्पसंख्यक समुदाय के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक



**गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** गुरुवार को गिरिडीह परिसदन भवन में सदस्य, अल्पसंख्यक आयोग, भारत सरकार नई दिल्ली, धनयकुमार जिनप्पा गुंडे की अध्यक्षता में अल्पसंख्यक समुदाय के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की गई। जिसमें अल्पसंख्यक छात्रवृत्ति, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना, एमएसडीपी (PMJVK) योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही उक्त योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। साथ ही एमएसडीपी योजना के तहत सभी माननीय विधायक द्वारा सभी प्रखंडों में पॉलिटेक्निक कॉलेज बनाने के लिए लिखित रूप से प्रस्ताव की मांग की गई एवं सभी संचालित उर्दू विद्यालयों में उर्दू के शिक्षकों की नियुक्ति की मांग की गई। बैठक में मुख्य रूप से माननीय विधायक गांडेय, माननीय विधायक बगोदर, उपायुक्त महोदय, पुलिस अधीक्षक महोदय, विधायक प्रतिनिधि, गिरिडीह, जमुआ, डुमरी , राज धनवार, जिला कल्याण पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## 24 घण्टे में बिरनी पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार



**बिरनी(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** थाना में अंकित कांड संख्या 227/23 धारा 420/467/ 471/ 272/ 273/284 भा0द0वी0 एवम 47 ए उत्पाद अधिनियम तथा 63/63 ए, 63 बी, 68 ए,और 69 कॉपीराइट अधिनियम 1957 के तहत नामजद अभियुक्त भीम साव पिता लालू साव को थाना में एफआईआर दर्ज होने के 24 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस बीच पुलिस ने बताया कि आरोपी को पकड़ने के लिए गहन छापेमारी की गई जिसके बाद अभियुक्त को गिरफ्तार किया जा सका। इधर समाचार लिखे जाने तक गिरफ्तार आरोपी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया। छापेमारी दल में बिरनी थाना प्रभारी मृत्युंजय कुमार सिंह, अमर सिंह तोपेये, श्रीराम सिंह, गौतम कुमार चौधरी और मिथलेश सिंह शामिल थे।

## असर्फी हॉस्पिटल में स्तन कैंसर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**धनबाद :** असर्फी हॉस्पिटल में आज एक कार्यक्रम का आयोजन हुआ जो स्तन कैंसर के जागरूकता पर आधारित था। कार्यक्रम मे बताया गया की कैंसर को लेकर तरह तरह की भ्रामकता फैली है। वास्तव में ÷कैंसर÷ है क्या? कैंसर एक ऐसी बिमारी है जिसमे असामान्य कोशिकाओं का निर्माण बहुत ही तेज़ी से होता है और यह शरीर के आस पास के हिस्सों के साथ साथ अन्य अंगो में फ़ैल जाता है। इस कार्यक्रम में कैंसर की सम्पूर्ण जानकारी के साथ साथ स्तन कैंसर के बारे में विस्तार से बताया गया। बताते चले की अक्टूबर स्तन कैंसर को लेकर जागरूकता का महीना है। ज्ञातव्य हो की स्तन कैंसर के लिए गुलाबी रंग के रिबन का प्रयोग किया जाता है।

असर्फी कैंसर संस्थान के प्रबंधक ने कहा की स्तन कैंसर के खिलाफ लड़ाई में हम सब मिलकर सभी को जागरूक कर रहे और आगे भी करते रहेंगे। इस अभियान में असर्फी कैंसर संस्थान परिवार हर लोगो को जागरूक करने एवं सर्वोत्तम इलाज़ मुहैया कराने के लिए ततपर है। इसके लिए संस्थान विभिन्न तरीको से लोगो से सम्पर्क करने का काम कर रही है जिससे की अधिक से अधिक लोगो को जागरूक किया जा सके और उन्हें लाभ प्राप्त हो सके। यह कदम केवल स्तन कैंसर के लिए नहीं बल्कि हर प्रकार के कैंसर के लिए है। कार्यक्रम में असर्फी हॉस्पिटल एवं कैंसर संस्थान के स्त्री रोग विशेषज्ञ, कैंसर संस्थान के कैंसर विशेषज्ञों की टीम तथा अन्य लोग मौजूद थे। कैंसर विशेषज्ञ डॉ. बिप्लब मिश्रा ने कैंसर और उसके जागरूकता से जुडी बहुत सी महत्वपूर्ण बातो को बताया। उन्होंने कहा की इसके बचाव के लिए नियमित जांच करना बहुत ही जरुरी है जिससे बिमारी का जल्द से जल्द पता लगाया जा सके और उसका बेहतर इलाज़ संभव हो सके।

## पटना-मोकामा-बरौनी होकर अहमदाबाद से गुवाहाटी के लिए एक-एक वन-वे स्पेशल ट्रेन

प्रभात मंत्र संवाददाता

**हाजीपुर :** यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर पाटलिपुत्र-हाजीपुर-बरौनी के रास्ते वडोदरा से गुवाहाटी एवं पटना-मोकामा-बरौनी के रास्ते अहमदाबाद से गुवाहाटी के लिए एक-एक वन-वे स्पेषल ट्रेन का परिचालन किया जा रहा है जिनका विवरण निम्नानुसार है -

1.गाड़ी सं. 09103 वडोदरा-गुवाहाटी वन-वे स्पेषल - यह वन-वे स्पेषल वडोदरा से दिनांक 20.10.23 को 23.25 बजे खुलकर दिनांक 22.10.23 को 01.30 बजे पं.दीनदयाल उपाध्याय जं, 03.35 बजे बक्सर, 05.00 बजे आरा, 05.35 बजे दानापुर, 05.50 बजे पाटलिपुत्र, 06.30 बजे हाजीपुर, 08.00 बजे बरौनी रुकते हुए 23.10.23 को 01.00 बजे गुवाहाटी पहुंचेगी । इस स्पेषल में तृतीय वातानुकूलित श्रेणी का एक तथा शयनयान श्रेणी का 18 कोच होंगे ।

2.गाड़ी सं. 09413 अहमदाबाद-गुवाहाटी वन-वे स्पेषल - यह वन-वे स्पेषल अहमदाबाद से दिनांक 20.10.23 को 18.30 बजे खुलकर दिनांक 22.10.23 को 03.15 बजे पं.दीनदयाल उपाध्याय जं, 04.31 बजे बक्सर, 06.15 बजे पटना, 06.55 बजे बख्तियारपुर, 07.32 बजे मोकामा एवं 09.20 बजे न्यू बरौनी जं. रुकते हुए दिनांक 23.10.23 को 01.30 बजे गुवाहाटी पहुंचेगी । इस स्पेषल में तृतीय वातानुकूलित श्रेणी का एक तथा शयनयान श्रेणी का 18 कोच होंगे ।

## चलते चलते एक नजर

### मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने पूजा पंडाल रातू रोड का किया अनावरण



**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता)**: मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने शारदीय नवरात्र की पंचमी के अवसर पर आरआर स्पोर्टिंग क्लब पूजा पंडाल, रातू रोड का किया अनावरण। देवी दुर्गा के दरबार में शीश नवाकर राज्य की उन्नति, सुख-समृद्धि और शांति की कामना की।

### इजराइल में भारतीयों के हताहत होने की कोई सूचना नहीं

**नई दिल्ली :** विदेश मंत्रालय ने गुरुवार को बताया कि इजरायल में एक महिला के घायल होने के अलावा किसी अन्य भारतीय के हताहत होने की कोई जानकारी नहीं है। इजरायल से अब तक 5 फ्लाइट्स में 1200 लोगों को भारत लाया गया है, जिसमें से 18 नेपाली नागरिक हैं। आवश्यकता पड़ने पर और फ्लाइट की व्यवस्था की जाएगी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने गुरुवार को साप्ताहिक पत्रकार वार्ता में इजरायल-हमास संघर्ष और वहां की स्थिति की जानकारी दी। प्रवक्ता ने प्रधानमंत्री के पिछले दिनों इस संबंध में आए बयानों और विदेश मंत्रालय की स्थिति को एक बार फिर दोहराया। उन्होंने कहा कि भारत इजरायल पर हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा करता है। भारत चाहता है कि फिलिस्तीन और इजरायल के बीच बातचीत को दोबारा शुरू होनी चाहिए। इसके माध्यम से एक संप्रभु, स्वतंत्र फिलिस्तीन के निर्माण होना चाहिए। उन्होंने संघर्ष विराम और फिलिस्तीन को मानवीय सहायता से जुड़े प्रश्नों का उत्तर देते हुए कहा कि भारत संयुक्त राष्ट्र के माध्यम से फिलिस्तीन को मदद पहुंचा रहा है। 2003 से 2023 तक 29.53 मिलियन की सहायता दे चुका है। 2018 में भारत ने सालाना आर्थिक सहायता को 1.25 मिलियन से बढ़ाकर पांच मिलियन कर दिया है।

### पुणे में प्रशिक्षण के दौरान विमान क्रैश, प्रशिक्षु पायलट घायल

**मुंबई :** पुणे जिले के बारामती तहसील में स्थित कटफल गांव में रेडबर्ड कंपनी का प्रशिक्षण विमान लैंडिंग के दौरान गुरुवार को शाम 4 बजे के करीब अचानक क्रैश हो गया। इस घटना में प्रशिक्षु पायलट शक्ति सिंह घायल हो गए। उसे तत्काल बारामती के निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

# नवरात्र में कन्याओं को भोजन कराने व पौधा में पानी देने से समृद्धि की होती है प्राप्ति : कौशल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** उंटारी रोड प्रखंड के बिरजा राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय के प्रांगण में नेहरू युवा केंद्र पलामू के तत्वावधान में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का उद्घाटन विश्वव्यापी पर्यावरण संरक्षण अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पर्यावरण धर्मगुरु व वन राखी मूवमेंट के प्रणेता पर्यावरणविद कौशल किशोर जायसवाल ने फीता जोड़कर किया। उन्होंने कहा कि कोई भी कार्यक्रम का फीता जोड़कर उद्घाटन करने का उद्देश्य यह।है कि जिस देश में हम लोगों ने जन्म लिया है। उस देश की सभ्यता संस्कृति के अनुरूप धार्मिक अनुष्ठान का शुभारंभ करने से पहले पति-पत्नी का गांठ जोड़ने का विधान है। उसी परंपरा को जीवंत रखने के लिए कार्यक्रम का उद्घाटन फीता जोड़कर किया जाता है। उन्होंने कहा कि उक्त कार्यक्रम के आयोजन के पीछे देश में सामाजिक प्रदूषण को रोकने के साथ लोगों में देशभक्ति का जज्बा पैदाकर मिट्टी से जुड़कर देश में हरियाली लाने का उद्देश्य है।पर्यावरणविद ने विद्यालय परिसर में वैदिक मंत्रोच्चार के उद्घोष के साथ नवरत्न पौधों का स्थापना कर कन्याओं को प्रकृति कलश के रूप में पौधा व पानी उपलब्ध कराकर उनके पांव की पूजा की। उन्होंनें कहा कि नवरात्र में फलहार भोजन करने का विधान है। इसलिए उन्होंने लोगों के



बीच नवरत्न फलदार व पूजनीय पौधों का निःशुल्क वितरण कर उसे लगाने व बचाने का संदेश देते हैं। पर्यावरण धर्मगुरु कौशल ने कहा कि जिस प्रकार प्रतिवर्ष लोग नवरात्र में घर - परिवार की खुशहाली व आत्मा की शांति के लिए घर में कन्याओं को भोजन पानी कराते हैं। उसी प्रकार धरती और ब्रह्मांड की आत्मा की शांति और प्रदूषण से मुक्ति के लिए पूरे नवरात्र के समय कन्याओं को पौधा पानी भी देना चाहिए है। तभी नवरात्र में कलश पूजा और दुर्गा पूजा की सार्थकता बनी रहेगी तथा समाज में अमन चैन व शांति कायम रहेगी। उन्होंने स्कूली बच्चों को पर्यावरण, प्रकृति और प्रदूषण से जुड़ी कई महत्वपूर्ण जानकारियां दी।उन्होंने बच्चों को दी गयी जानकारियों को अपने दैनिक जीवन में आत्मसात करने का संदेश दिया। इस अवसर पर कार्यक्रम के आयोजनकर्ता कमलेश चौधरी, सुनील चौधरी, शिक्षक संजय चौधरी, भरदुल, दिनेश, अमित, अरुण उमेश, मुकेश, लक्ष्मण, रामचंद्र, विमल चौधरी, शकीरा देवी, रमोला कुंवर, धनवंती देवी, अमृता कुमारी, नेहा कुमारी, फूल कुमारी, अनीता ,संगीता,यशोदा,अंजू देवी,बसंती देवी, अजीत चौधरी आदि शामिल थे।

### महिलाओं को शस्त्र रखना जरूरी : रेणु



**रांची :** विश्व हिंदू परिषद की महिला इकाई दुर्गा वाहिनी ने गुरुवार को शस्त्र पूजन किया। प्रांत धर्म प्रसार सह परियोजना सहप्रमुख रेणु अग्रवाल कहा कि महिला को शस्त्र रखना जरूरी है। सभी को शस्त्र चलाना आना चाहिए। शस्त्र रखने की प्रथा हमारे देवी देवताओं से ही लिया गया है। उन्होंने कहा कि विश्व हिंदू परिषद की युवा महिला इकाई दुर्गा वाहिनी की बहनों को प्रशिक्षण दिया जाता है। उन्होंने सभी को मातृशक्ति और दुर्गा वाहिनी ने से जुड़ने का निवेदन किया। इस अवसर पर वाहिनी की महिलाएं मौजूद रहीं।

# रांची के कैंब्रियन पब्लिक स्कूल में दुर्गोत्सव



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** शहर के कांके रोड स्थित कैंब्रियन पब्लिक स्कूल में गुरुवार को दुर्गोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत शंख ध्वनि और पुष्प वर्षा के साथ मां दुर्गा के आवाहन से हुई। बच्चों ने आकर्षक धुनेची नृत्य प्रस्तुत किया। डांडिया ने सभी का मन मोह लिया। महिषासुर मर्दिनी शीर्षक कार्यक्रम में विभु, प्रियांशु आयुष, आनंद ,अमन, उन्नति भट्ट, रचिता, हिमांशी, माही और प्रत्यक्षा की भावपूर्ण प्रस्तुति तथा आयुष आर्या, आकाश,रचित एवं मनीष के ढाक वादन ने सभी का मन मोह लिया। प्राचार्या डॉ. नीता पांडेय ने विद्यार्थियों, शिक्षकों और शिक्षकेत्तर कर्मचारियों को दुर्गा पूजा की शुभकामनाएं दी है। चीफ एक्टिविटी कोऑर्डिनेटर आशा राज ने कहा कि यह पर्व न केवल अन्याय, अत्याचार और अनाचार के प्रतिकार का पर्व है, बल्कि यह हमारी संस्कृति और परंपरा का संवाहक भी है। यह तमाम विविधताओं के बीच समाज और देश को एकता के सूत्र में बांधने वाला पर्व है। कार्यक्रम को सफल बनाने में विनीता वर्मा, मीनू सहाय, सतीश कुमार मिश्रा, मोनिका मुंडू, प्रियंका चक्रवर्ती, विभा सिंह, अर्चना श्रीवास्तव तथा सुषमा तिवारी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# महावीर मंदिर दुर्गा पूजा पंडाल का उद्घाटन सुबोधकांत सहाय ने किया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** दुर्गा पूजा समिति महावीर मंदिर चर्च रोड का उद्घाटन पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय जी ने किया। इस अवसर पर उनके द्वारा क्षेत्रवासियों को नवरात्रि और दुर्गा पूजा की बधाई देने के साथ-साथ आपसी भाईचारे के साथ इस पर्व को मनाने की अपील की गई। उन्होंने मानवकल्याण की कामना की एवं माँ दुर्गा से सभी के लिए आशीर्वाद मांगा।



इस अवसर पर मौजूद रांची युवा कांग्रेस के महासचिव एवं रांची विधानसभा के प्रभारी रोहित सिन्हा ने कहा कि धार्मिक अनुष्ठान, पूजा पाठ हमारी भारतीय सभ्यता और संस्कृति का अभिन्न अंग है, आने वाला समय देश के लिए मंगलमय हो ,यही मां दुर्गा से प्रार्थना है। ये ऐसा उत्सव है जहाँ सर्व धर्म समभाव के बीच तारतम्यता बनाए रखा जाता है।

मुख्य संरक्षक गुलशन लाल अजमानी ने कहा कि भव्य पंडाल एवं भव्य प्रतिमा के साथ साथ आकर्षक विद्युत सज्जा के माध्यम से भी नगरवासी पंडाल की ओर आकर्षित हो रहे हैं, भक्त माता के दर्शन के लिए पंडाल में उमड़ने लगे हैं. लोग दूर-दूर से यहां बने मनोरम दुर्गा पूजा पंडाल की एक झलक पाने को आतुर रहते हैं।

# सांसद वीडी राम के प्रयास से पलामू-गढ़वा में होगा दर्जनों सड़क का निर्माण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** गढ़वा जिलान्तर्गत परासवार/रूद-कुल्ही-पुनदाग मोड़-तुमेरा-खपरी महुआ-तुरेर पथ (कुल लम्बाई- 29.250 किलोमीटर) को ग्रामीण कार्य विभाग से पथ निर्माण विभाग को हस्तांतरित करते हुए चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य (पुल निर्माण एवं भू अर्जन सहित) हेतु 91,32,32,100 (एकानबे करोड़ बतीस लाख बतीस हजार एक सौ रूपया) मात्र की प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। परन्तु बन विभाग की अड़चन के चलते इस पर कार्य प्रारम्भ नहीं हो सका है।वन विभाग से अनापत्ति प्राप्त करने हेतु प्रयास प्रारम्भ कर दिया गया है, जैसे ही वन विभाग से अनापत्ति प्राप्त हो जाती है, सड़क निर्माण का कार्य प्रारम्भ हो जाएगा। इस पथ के निर्माण से आवागमन में सुविधा होगी एवं लोगों की चिर-परिचित मांग पूरी होगी।इसी प्रकार गढ़वा जिलान्तर्गत



खपरीमहुआ-पोलपोल-खुरा-कुकू मोड़-मदगड़ी पथ (कुल लम्बाई- 13.30 कि0मी0) को ग्रामीण कार्य विभाग से पथ निर्माण विभाग को हस्तांतरित करते हुए पुनर्निर्माण कार्य (पुल निर्माण एवं भू अर्जन सहित) हेतु 38,91,43,00 (अड़तीस करोड़ एकानबे लाख तैंतालीस हजार रूपये) मात्र की प्रशासनिक स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है।वन विभाग से अनापत्ति प्राप्त करने हेतु प्रयास प्रारम्भ कर दिया गया है, जैसे ही वन विभाग से अनापत्ति प्राप्त हो जाती है सड़क निर्माण का कार्य प्रारम्भ हो जाएगा। इस पथ के निर्माण से आवागमन में सुविधा होगी एवं लोगों की चिर-परिचित मांग पूरी होगी।इसके अतिरिक्त निम्नांकित सड़कों का सीआरआईएफ योजना अंतर्गत स्वीकृति दिलाने हेतु विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन डीपीआर बनाने का आदेश पारित हो गया है।

1. पलामू जिला अंतर्गत नौडीहा बाजार प्रखण्ड के ग्राम सरईडीह-डगरा होते हुए बिहार के बोर्डर नवीगढ़ तक लगभग 10.00 किलोमीटर।
2. पलामू जिला अंतर्गत छतरपुर प्रखण्ड के डुंदुर-हेसाग होते हुए छुछुईया सोलंगा तक लगभग 5.00 किलोमीटर।
3. पलामू जिला अंतर्गत हरिहरगंज प्रखण्ड के कटेया मोड़ से बेलाघाट तक लगभग 13 किलोमीटर।
4. पलामू जिला अंतर्गत एन0एच0-98 छतरपुर-तेलाड़ी मोड़ से कउवल कुरकुटा होते हुए ओबरा मुख्य पथ लगभग 15 किलोमीटर।
5. गढ़वा जिला अंतर्गत भण्डरिया-बड़गड़-टिहरी पथ (ओडीआर) में 14वें कि0मी0 में पुल निर्माण कार्य।
6. गढ़वा जिला अंतर्गत भवनाथपुर प्रखण्ड के कैलान से बरडीहा होते हुए विशुनपुरा तक लगभग 45 किलोमीटर।
7. गढ़वा जिला अंतर्गत भण्डरिया से परो बरवाडीह पथ लगभग 22 किलोमीटर।

### भारत ने मालदीव को संकट के समय मदद देने की याद दिलाई

**नई दिल्ली :** भारत ने गुरुवार को मालदीव को याद दिलाया है कि संकट के समय पड़ोसी ने ही उसकी सबसे पहले सहायता की है। भारत हर स्तर पर मानव कल्याण, विकास सहयोग, आपदा राहत और संमुद्र में होने वाली अवैध गतिविधियों रोकने में मालदीव की मदद करता रहा है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने गुरुवार को मालदीव के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति के एक बयान से जुड़े प्रश्न का उत्तर दिया। उन्होंने कहा कि साझा चुनौतियों और प्राथमिकताओं पर भारत मालदीव के नए प्रशासन के साथ मिलकर काम करना चाहता है। दरअसल, मालदीव के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू ने एक बार फिर दोहराया है कि वह अपने कार्यकाल के पहले सप्ताह में भारतीय सैन्य कर्मियों को द्वीपसमूह से बाहर निकाल देंगे। मोहम्मद मुइज्जू को चीन समर्थक माना जाता है। उनके इस बयान पर प्रवक्ता ने सीधा उत्तर नहीं दिया, लेकिन उन्होंने कहा कि अभी नए प्रशासन ने कार्यभार नहीं संभाला है।

# सीएम योगी आदित्यनाथ ने 177.29 करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास किया

**एजेंसी**

**हाथरस :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को 177.29 करोड़ की 214 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए और अपनी सरकार की उपलब्धियां भी गिनाई। विपक्ष पर हमलावर भी दिखे।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने संबोधन में कहा कि साढ़े छह साल में यूपी भी बदला, पहले अराजकता गुंडागर्दी दंगे होते थे, आज साढ़े छह वर्ष मे उत्तर प्रदेश में कोई दंगा नहीं हुआ है। आज महिला, किसान, नौजवान, बेटियां सरकार के एजेंडे में हैं।उन्होंने कहा कि यहाँ के लोगों के हाथ की कला से बना हींग के बिना दाल मे स्वाद ही नहीं आता। संसद के नारी वंदन अधिनियम के पारित होने के लिए शुभकामनाएं। भाजपा जो कहती है वो करके दिखाती है। ये आपको देखने को मिल रहा है।उन्होंने कहा



कि पिछले साढ़े नौ वर्ष मे हमने नए भारत को देखा, जहाँ जाति, मत, मजहब लिंग का भेदभाव नहीं होता। जिन्हें विशेष प्रोत्साहन दिया जाना आवश्यक होता है, उनके लिए योजनाए बनती हैं।योगी ने कहा कि फिट इंडिया के माध्यम से खेल गतिविधियां बढ़ाई गयीं, महिला नारी शक्ति के लिए सशक्तिकरण के अभियान चलाया जा रहा है। उत्तर प्रदेश पुलिस में 2017 से पहले मात्र दस हजार महिला कार्मिक भी नहीं होती थीं। आज बीस फीसदी महिलाओं की भरती पुलिस बल में होती है। साढ़े छह साल में यूपी भी बदला, पहले अराजकता गुंडागर्दी दंगे होते थे, आज साढ़े छह वर्ष मे उत्तर प्रदेश में कोई दंगा नहीं हुआ है। आज महिला, किसान, नौजवान, बेटियां सरकार के एजेंडे में हैं।

# मोरहाबादी में रावण, कुंभकर्ण और मेघनाथ का पुतला जलाया जायेगा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** राजधानी रांची में दुर्गा पूजा को लेकर उत्साह का वातावरण है। सभी इलाकों में एक से बढ़कर एक दुर्गा पूजा के पंडाल बनाएं गए हैं। दशमी के दिन मोरहाबादी सहित अन्य स्थानों में रावण, कुंभकर्ण और मेघनाथ का पुतला दहन किया जाएगा। इसकी तैयारी भी शुरू कर दी गई है। पंजाबी हिन्दू बिरादरी के अध्यक्ष सुधीर दुग्गल ने गुरुवार को बताया कि अब तक रावण, कुंभकर्ण और मेघनाथ का पुतला जलाने का ट्रेडिशनल तरीका होता था, जिसमें प्रतीक स्वरूप तीर धनुष होता था। लेकिन पुतले में बिरादरी के कोई स्वयंसेवक मशाल से आग लगा देते थे। इस बार इसे अपडेट किया गया है। अब प्रतीक स्वरूप तीर धनुष तो प्रदर्शित किए जाएंगे, लेकिन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के जरिये रिमोट का बटन दबाते ही रावण जलने लगेगा। इसी तरह पूर्व मंत्री सीपी सिंह और सांसद संजय सेठ भी रिमोट का बटन दबाकर कुंभकर्ण और मेघनाथ का दहन करेंगे। इस बार 70 फीट का रावण का पुतला होगा। जबकि कुंभकर्ण के पुतले की लंबाई 65 फीट और मेघनाथ का पुतला 60 फीट का होगा। उन्होंने बताया कि इस बार खास रूप से आतिशबाजी होगी। इसके लिए कोलकाता से प्रख्यात आतिशबाजी करने वाले शेखर मुखर्जी को बुलाया गया है। इसके साथ साथ लंका दहन से पहले आधे घंटे तक जोरदार आतिशबाजी होगी। इस दौरान झारखंड के परंपरागत लोक नृत्य और संगीत के कार्यक्रम भी होंगे।

**हुंडरू में युद्ध के लिए ललकारेगा रावण**

दुर्गा पूजा की दशमी को एयरपोर्ट के पास हुंडरू के छठ तालाब मैदान में 55 फीट के रावण और 50 फीट के कुंभकर्ण का पुतला जलाया जाएगा। दहन से पूर्व रावण का पुतला भगवान श्रीराम को युद्ध के लिए ललकारेगा और कुंभकर्ण के पुतले के खर्राटे से मैदान गूंजेगा।

### स्मृति ईरानी के डिग्री विवाद मामले में अब 24 मार्च को सुनवाई करेगा दिल्ली हाई कोर्ट

**नई दिल्ली :** दिल्ली हाई कोर्ट ने केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी के डिग्री विवाद मामले की सुनवाई टाल दी है। आज शिकायतकर्ता के वकील के उपलब्ध नहीं होने की वजह से सुनवाई नहीं हो सकी। मामले की अगली सुनवाई 24 मार्च 2024 को होगी। अहमर खान ने एक याचिका दायर करके ट्रायल कोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी है, जिसमें स्मृति ईरानी को समन जारी करने से इनकार करने का आदेश दिया गया था। याचिका में कहा गया है कि स्मृति ईरानी ने 2004, 2011 और 2014 में लोकसभा और राज्यसभा का नामांकन भरते वक्त अपनी शैक्षणिक योग्यता को लेकर निर्वाचन आयोग में झूठा हलफनामा दाखिल किया था। याचिका में कहा गया है कि 2004 में स्मृति ने दिल्ली के चांदनी चौक इलाके से लोस का चुनाव लड़ने के लिए भरे गए नामांकन पत्र में कहा था कि उन्होंने दिल्ली यूनिवर्सिटी से पत्राचार के जरिये 1996 में बीए की डिग्री हासिल की थी।

# वायु सेना को मिलेगा पहला स्वदेशी तेजस एमके-2 फाइटर जेट

**एजेंसी**

**नई दिल्ली :** फ्रांसीसी लड़ाकू राफेल की ताकत वाला 4.5 जेनरेशन का मीडियम वेट फाइटर जेट स्वदेशी तेजस एमके-2 वायु सेना को 6 साल बाद मिलेगा। अमेरिका से जीई-414 इंजन का सौदा एक साल में होने की उम्मीद है और अनुबंध पर हस्ताक्षर होने के 3 साल बाद पहला मेड इन इंडिया विमान रोल आउट हो जाएगा। भारत में ही जीई-414 इंजन बनने के बाद तेजस एमके-2 में स्वदेशी सामग्री 60 फीसदी से बढ़कर 75 प्रतिशत हो जाएगी। भारत सरकार ने लाइट कॉम्बैट एयरक्राफ्ट तेजस मार्क-2 के 6 प्रोटोटाइप विमानों के निर्माण को मंजूरी दे दी है। अभी तक इंजन की अनुपलब्धता के कारण प्रोटोटाइप का निर्माण अटका हुआ था,लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पिछले अमेरिकी दौरे में जीई-414 विमान इंजन भारत में ही विकसित



किये जाने का समझौता होने बाद एलसीए तेजस मार्क-2 के निर्माण का रास्ता साफ हो गया है। अमेरिकी कंपनी के साथ भारत में ही जीई-414 इंजन बनाने का अनुबंध एक साल में होने की उम्मीद है। इस पर एचएएल सीएमडी ने कहा है कि अनुबंध पर हस्ताक्षर होने के 3 साल बाद पहला मेड इन इंडिया विमान रोल आउट हो जाएगा।उन्होंने कहा कि पहला विमान रोल आउट होने के बाद तमाम तरह के परीक्षण होंगे, इसलिए तेजस मार्क-2 का उत्पादन होने और वायु सेना में शामिल होने में 6 साल का वक्त लगेगा। अभी फिलहाल तेजस एमके-1ए में 60 फीसदी स्वदेशी सामग्री का इस्तेमाल किया जा रहा है, लेकिन मेड इन इंडिया जीई-414 जेट इंजन के बाद तेजस एमके-2 में स्वदेशी सामग्री बढ़कर 75 फीसदी हो जाएगी। भारतीय वायु सेना स्वदेशी शक्तिशाली लड़ाकू विमान तेजस मार्क-2 की डिजाइन को लगभग दो साल पहले ही मंजूरी दे चुकी है।प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में सुरक्षा संबंधी कैबिनेट समिति ने पिछले साल 31 अगस्त को इस बहुप्रतीक्षित परियोजना को मंजूरी दी थी। इसके बाद इस साल के अंत तक स्वदेशी बहुउद्देशीय लड़ाकू विमान तेजस मार्क-2 का प्रोटोटाइप आने की संभावना जताई गई थी, लेकिन इसके लिए इंजन फाइनल न होने से प्रोटोटाइप का विकास अधर में लटका था। अब अमेरिका से जीई-414 जेट इंजन का सौदा होने के बाद केंद्र सरकार ने एलसीए तेजस मार्क-2 के छह प्रोटोटाइप पर काम शुरू करने का मार्ग प्रशस्त कर दिया है। हालांकि अमेरिकी कांग्रेस से मंजूरी अभी भी लंबित है। इसके बावजूद इस सौदे को अमेरिकी सीनेट और प्रतिनिधि सभा दोनों से मंजूरी मिलने की उम्मीद है।